आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 166, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 14

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 13

आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

- अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

कांग्रेस ने कहा-सुर्खियां बटोरने की कवायद

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि आपातकाल को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से 2024 के दौरान देश में अघोषित आपातकाल लगाया हुआ था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून, 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड में सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा चार जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 60 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।

बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

- लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू
- काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

एक नजर

कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12:26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 34.32 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.41 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पांच किमी की गहराई पर था।

तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए अनुरोध किया गया था।

गोवा के निलंबित आईपीएस अधिकारी की हुई बहाली

नई दिल्ली। गोवा में करीब एक साल पहले एक महिला पर्यटक के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में निलंबित किए गए आईपीएस अधिकारी ए. कोआन को सरकार ने सेवा में बहाल कर दिया है। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी कोआन को निलंबन अवधि के दौरान बिना अनुमति के गोवा से नहीं जाने का आदेश दिया गया था, उन्हें अब अंडमान एवं निकोबार भेजा गया है।

आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

गुंटूर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था।

अब स्कूल अवधि में कभी भी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवा सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समीक्षा के बाद शिक्षा महानिदेशक ने दी रियायत, अभी तक सुबह 8:00 बजे तक ही दर्ज करा सकते थे हाजिरी

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के 1.33 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात 6 लाख से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत मिल गई है। शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें टैबलेट के माध्यम से विद्यालय समय अवधि में किसी भी समय ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने की रियायत दी है।

महानिदेशक कंचन वर्मा कहा कि समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में आनलाइन हाजिरी प्रातः 8:30 बजे तक ही लगाई जा सकती है। इसके बाद एप पर इसमें कोई बदलाव या अपडेट नहीं किया जा सकता। इसमें सामने आईं दिक्कतों को तकनीकी टीम दूर नहीं कर सकी। इसलिए तय किया गया है प्रक्रिया के स्थापित होने तक विद्यालय की पूर्ण अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर ऐप का प्रयोग किया जा सकेगा। इससे विद्यालय अवधि में विद्या समीक्षा केन्द्र तथा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से राज्य स्तर तक संज्ञान में लाए गए मामलों का निवारण विद्यालय कार्य अवधि में ही किया जाना संभव होगा। समीक्षा बैठक में सभी एडी बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) एवं जिला समन्वयक मौजूद थे। सभी की रायशुमारी के बाद 12 डिजिटल पंजिकाओं के संबंध में विस्तृत अभिमुखीकरण किया गया।

स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें : राहुल

लखनऊ। रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने स्मृति ईरानी पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

- बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

आवंटी को भूखंड न देने पर एलडीए पर 10 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों से धनराशि वसूल कर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने का आदेश
- जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले को राज्य उपभोक्ता आयोग ने ठहराया सही

अमृत विचार: धनराशि जमा करने के बाद भी योजना में आवंटित भूखंड आवंटी को न देने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पर 10 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों ने धनराशि वसूल कर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। आयोग ने शासन को मामले की जांच कराने के लिए एसआईटी गठित करने की सिफारिश भी की है।

बाराबंकी निवासी पुष्पा देवी ने एलडीए की प्रस्तावित जानकीपुरम योजना के सेक्टर- एच, नाग-6 के तहत डी-श्रेणी आवासीय भूखंड के लिए पंजीकरण कराया था। उन्होंने संख्या-6/61 क्षेत्रफल के भूखंड के लिए 19 अप्रैल 2005 को 25 हजार रुपये पंजीकरण धनराशि जमा कर आवेदन किया।अनुमानित मूल्य 3,37,500 रुपये निर्धारित कर 112.5 वर्गमीटर का भूखंड उन्हें 28 जुलाई 2006 को आवंटित कर दिया गया। भूखंड की अंतिम गणना एवं रजिस्ट्री के लिए पुष्पा ने एलडीए में संपर्क किया। तत्कालीन संबंधित कार्यालय सहायकों ने पुष्पा को मौखिक बताया था कि प्रश्नगत योजना का तलपट मानचित्र स्वीकृत नहीं हुआ है, इसलिए अभी गणना एवं रजिस्ट्री की कार्रवाई संभव नहीं है। भूखंड के लिए आवेदनकर्ता ने वर्ष 2005 से 2017 तक की अवधि में 2 लाख 22 हजार रुपये जमा किए थे। रजिस्ट्री न होने पर पुष्पा ने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद पुष्पा के पक्ष में फैसला दिया।

आयोग ने एलडीए को निर्देश दिए कि पुष्पा को आवंटित डी टाइप भूखंड संख्या-6/61, सेक्टर-एव, जानकीपुरम योजना, लखनऊ की अंतिम गणना करके 45 दिन के अंदर सूचित करें। उसके बाद पुष्पा संपूर्ण राशि 45 दिनों के भीतर जमा करेंगी। आयोग ने ये भी कहा था कि 30 दिनों के अंदर पुष्पा को कब्जा देकर उसका निबंधन उनके नाम से करेंगे। निबंधन से पूर्व पुष्पा को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक उत्पीड़न के लिए एलडीए को 50 हजार रुपये और वाद व्यय के लिए 10 हजार रुपये देने का आदेश भी दिया था। निर्धारित अवधि में आदेश का अनुपालन न करने पर एक लाख रुपये अतिरिक्त देना होगा। वहीं, जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय के विरुद्ध एलडीए ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अशोक कुमार ने पूरा मामला सुनने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय को सही ठहराया। एलडीए की अपील निरस्त कर दी। एक माह के भीतर जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश का अनुपालन करने का आदेश एलडीए को दिया है।

चाय बनाने से किया इनकार तो पति ने पत्नी पर डाला खौलता पानी, मौत

संवाददाता, सतांव(रायबरेली)

- रायबरेली के गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव का मामला

अमृत विचार: गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव में मामूली बात से नाराज पति ने पत्नी के ऊपर खौलता पानी डाल दिया। इससे रामकली (68) गंभीर रूप से झुलस गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित बसंतलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका के बेटे दयाशंकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह उसके पिता बसंतलाल का उसकी मां रामकली से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुरुवार को उसकी मां खाना बनाने के लिए पानी खौला रही थी। तभी पिता बसंतलाल ने उसे चाय बनाने के लिए कहा। इस पर मां ने चाय बनाने से मना कर दिया। मां के मना करने से गुस्से में आए पिता बसंतलाल ने मां पर खौलता हुआ पानी डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। इलाज को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पहुंचे क्षेत्राधिकारी लालगंज अनिल कुमार सिंह व फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सेबी की कार्रवाई : सहारा के पास जमा 14,106 करोड़ किया कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटिड (एसआईसीसीएल) व उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों एवं म्युचुअल फंड फोलाइन में जमा 14,106 करोड़ रुपये की धनराशि कुर्क किया है। बोर्ड ने तीन वर्ष तक कई नोटिसें भी भेजी थीं, लेकिन एसआईसीसीएल से कोई जवाब नहीं आया।

सेबी के रिकवरी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2021 को एसआईसीसीएल और उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों, म्युचुअल फंड फोलाइन को कुर्क करने का निर्देश दिया था। इसके अंतर्गत सुब्रत राय सहारा, बी. राय, ओपी श्रीवास्तव, लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एएस राव व रनोज दास गुप्ता को एसआईसीसीएल द्वारा जारी ओएफसीडी के मामले में 14,106 करोड़ रुपये की वसूली की जानी थी। 21 अक्टूबर और 17 नवंबर 2021 को बैंक खाता और म्युचुअल फंड की कुर्की की नोटिस पुनः जारी की गई। जवाब नहीं मिलने पर कुर्की की गई।

- वर्ष 2021 में शुरू हुई थी कार्रवाई की प्रक्रिया, छह आरोपियों को दिया था नोटिस

ईडी ने सहारा समूह के जब्त किए 2.98 करोड़

लखनऊ। ईडी कोलकाता ने धनशोधन एक्ट के तहत शुक्रवार को कोलकाता, लखनऊ और मुंबई स्थित हुमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हुमारा इंडिया और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के बही-खाते, डिजिटल डिवाइस, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अपराध की आय (पीओसी) 2.98 करोड़ जब्त किए।

आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

- सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री
- ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

पिता का छलका दर्द, बेटा बलिदान क्या हुआ बहू ने भी फेर ली आंखें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद बलिदानी के बूढ़े मां-बाप को छोड़कर चली गई पुत्रवधू

अमृत विचार: देश सेवा में बेटा क्या बलिदान हुआ, बहू ने भी आंखें फेर लीं। सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद पुत्रवधू ने हमसे सारे रिश्ते तोड़ दिये। अपने पिता के साथ हमेशा के लिए चली गई। उसे हमारी दशा पर तनिक भी तरस नहीं आया। अब जीवन भर दुख के सिवाए हमारे पास कुछ नहीं है। यह कहते हुए बलिदानी कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह फफक पड़े। कहा कि देश के लिए हमने भी तो अपना बेटा खोया है। सरकार को चाहिए कि वह ऐसे सम्मान के नियमों में फेरबदल करे। जिससे बलिदानी की पत्नी के साथ-साथ हमारे जीवन का दुख-दर्द भी कम हो सके, आर्थिक सहायता मिल सके।

बलिदान हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह शुक्रवार को वह बुद्धेश्वर स्थित अपने आवास पर थे। वार्ता के दौरान वह अंशुमान के बचपन की पुरानी यादों में खो जाते और आंखें नम हो उठती हैं। भरे गले से वह कहने लगे बेटे के बलिदान होने के बाद राष्ट्रपति भवन में पत्नी मंजू सिंह, बेटी तान्या सिंह और बहू स्मृति सिंह के साथ गया था। जहां 5 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहू स्मृति को कीर्ति चक्र भेंट किया था। लेकिन स्मृति ने अंशुमान की मां मंजू के अलावा किसी को भी कीर्ति चक्र छूने नहीं दिया। अपने पिता राजेश सैनी के साथ पंजाब के पठानकोट चली गयी। दुख की घड़ी में बहू का कुशल-क्षेम जानने को लगातार फोन किया तो पता चला कि नंबर ब्लॉक कर दिया गया। बार-बार फोन मिलाना व्यर्थ गया। सभी दस्तावेजों पर उसने देवरिया का पता तक हटवा दिया। कागजों पर पठानकोट का पता डलवा लिया। ऐसे में उसे अपने बलिदानी पति के माता-पिता का ख्याल तक नहीं आया। बलिदानी के पिता ने मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर चौराहे पर कैप्टन अंशुमान की प्रतिमा स्थापित करने की बात नगर आयुक्त इंद्रजीत से कही। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। मालूम हो कि देवरिया जिले के लार विकास खंड के बरडीहा दलपत गांव के रहने वाले कैप्टन अंशुमान सिंह 19 जुलाई, 2023 को सियाचिन ग्लेशियर में बलिदान हो गए थे। वहां भारतीय सेना के टेंट में आग लग गई थी,कई जवान आग में फंस गए। कैप्टन अंशुमान सिंह साथियों को बचाने की कोशिश में बलिदान हो गए थे।

बलिदानी कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता।

आरोप के बारे में मुझे कुछ भी नहीं कहना : स्मृति सिंह

कैप्टन अंशुमान के माता-पिता के आरोप के बारे में बलिदानी की पत्नी स्मृति सिंह ने बताया कि इस बारे में उसे कुछ भी नहीं कहना। कहा, मेरी सोच सकारात्मक है। वहीं, पंजाब के दीनानगर निवासी स्मृति के पिता ने कहा कि स्मृति कहीं बाहर गई हुई हैं। उन्हें इस मामले में कुछ कहना होगा तो वही अपना पक्ष जरूर देंगी। हमारे परिवार के किसी सदस्य को स्मृति के सास-ससुर के आरोपों पर कुछ भीन हीं कहना।

एक नजर

दो आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने आईएएस कुमार विनीत को उप्र. चीनी निगम का नया प्रबंध निदेशक बनाया है। अभी तक वह अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वहीं, निर्वाचन आयोग कार्यालय लखनऊ में अब तक कार्यरत आईएएस निधि श्रीवास्तव को भी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है।

ट्रिब्यूनल बार एसो. के अध्यक्ष बने डीपी श्रीवास्तव

लखनऊ,लखनऊ : शुक्रवार को पब्लिक सर्विसेज ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इंदिरा भवन के वार्षिक आम चुनाव में एक बार डीपी श्रीवास्तव को अध्यक्ष, प्रतिभा मिश्रा को उपाध्यक्ष,जयकुमार को महासचिव,राजेश कुमार को संयुक्त सचिव,शैलेन्द्र कुमार दलेला को को कोषाध्यक्ष चुना गया है। गोपाल कृष्ण व शिखा निगम,कुलदीप वर्मा एवं देवेश शुक्ला को कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया है।

248 फार्मासिस्ट को मिला एसीपी का लाभ

अमृत विचार,लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में सेवारत फार्मासिस्ट को सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन(एसीपी) का लाभ मिल गया है। विभिन्न जिलों में तैनात 248 फार्मासिस्टों को वित्तीय स्तरोन्नयन समिति द्वारा वित्तीय लाभ मिला है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में चीफ फार्मासिस्ट एवं फार्मासिस्ट के पद कार्य करने वालों को 10, 16 व 26 साल में मिलने वाले एसीपी का लाभ दिया गया है। वित्तीय स्तरोन्नयन समिति ने फार्मासिस्टों की निरंतर व संतोषजनक सेवाओं को देखते हुए संस्तुति दी है।

प्रशिक्षण देने को मिले 24 कार्यदेशक

अमृत विचार,लखनऊ : अलीगंज स्थित प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र,लखनऊ में 10 नये व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मैनटिनेंस, ड्रेस मेंकिग, मैकेनिकल डीजल, ऑफिस मैनेजमेंट, पेंटिंग टेक्नोलॉजी, ड्राफ्टमैन मैकेनिकल, स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेटियल असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीव्यूशन, इंस्ट्रूमेंट मैके. एवं मैकेनिकल ट्रैक्टर व्यवसाय संचालित किए जाएंगे। इनका प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न संस्थानों में स्थाई कार्यदेशक स्वीकृत पदों में, 24 कार्यदेशक पद समेत अलीगंज संस्थान में स्थानान्तरित किए गए हैं।

महिला आयोग सहित अन्य को अध्यक्ष-सदस्यों का इंतजार

कुछ आयोग ऐसे जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीते, लेकिन अध्यक्ष की नहीं हो सकी नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य महिला आयोग सहित प्रदेश के ज्यादातर आयोग वर्तमान में खाली हैं। महत्वपूर्ण उद्देश्यों, कानूनों और कोर्ट के आदेश पर गठित कुछ आयोग तो ऐसे हैं जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो वहां अध्यक्ष की नियुक्ति किए गए हैं और न ही सदस्यों की। इनमें उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और उप्र राज्य खाद्य आयोग प्रमुख हैं।

▸▸ अनुसूचित जाति- जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग और खाद्य आयोग में खाली हैं पद

महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष के साथ पचीस सदस्यों के पद हैं। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, उपाध्यक्ष सुषमा सिंह और अंजू चौधरी के साथ ही 21 सदस्यों का कार्यकाल अगस्त 2022 में पूरा हो गया था। आयोग की बाकी चार सदस्यों का कार्यकाल भी चार नवंबर 2022 को खत्म हो चुका है। दो वर्ष बीतने को है, मगर न तो पुराने सदस्यों का रिन्यूअल किया है और न ही नए सदस्यों की तैनाती की है।

वहीं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी अध्यक्ष समेत अन्य की प्रतीक्षा है। 2022 में जसवंत सैनी को योगी सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद से आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है। जुलाई 2022 में आयोग के दोनों उपाध्यक्षों और 25 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को उनका उचित राशन नहीं मिलने की शिकायतों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के नियमों के तहत 2015 में राज्य खाद्य आयोग की स्थापना की गई थी। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों के पद स्वीकृत हैं। सपा सरकार में यहां अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन, सभी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। आयोग भी अब नए पदाधिकारियों की बांट जोह रहा है।

दो वर्षों से नहीं हुई तैनाती

उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 25 सदस्यों के पद हैं। लेकिन, यहां भी दो वर्षा से अधिक समय बीतने को है। न तो अध्यक्ष की तैनाती हुई और न ही उपाध्यक्ष के दो पदों पर नियुक्तियां हुईं। हालांकि, सरकार ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बना रखा है।

सरसावां एयरपोर्ट की सुरक्षा एसएसएफ के हवाले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसीएस गृह दीपक कुमार ने दी संस्तुति

अमृत विचारः प्रदेश के समस्त एयरपोर्ट की सुरक्षा उप्र. एसएसएफ के हवाले करने के क्रम में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने अब सरसावां एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए उप्र. विशेष सुरक्षा बल को तैनात करने का निर्णय लिया है।

बताते चलें कि सरकार ने प्रदेश में स्थित सभी एयरपोर्ट से केंद्रीय बलों को हटाकर उप्र.एसएसएफ को तैनात करने का निर्णय लिया था। इस क्रम में अक्टूबर 2022 में कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली और गाजियाबाद (हिंडन) एयरपोर्ट पर तैनाती की गई। इसके बाद अक्टूबर 2023 में अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, सोनभद्र, मुरादाबा और अयोध्या में भी तैनाती गई। इसके बाद प्रमुख सचिव उड्डयन की संस्तुति के आधार पर अपर मुख्य सचिव गृह ने सहारनपुर के सरसावां में एसएसएफ के तैनाती की अनुमति दे दी है।

जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने की आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत , कहा- आम उत्पादन में हैं अग्रणी

अवध शिल्प ग्राम में आयोजित महोत्सव में आम की एक किस्म को दिखाते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

कार्यक्रम में आम उत्पादकों का भी किया गया सम्मान। अमृत विचार।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपये के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के बाजार में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपये किलो हो गया है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और हवाई सफर का किराया भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपये तक आ रही होगी तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपये की बचत होगी।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है।

योगी ने कहा कि हमारे यहां बागवान केवल 3:15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले अपने राज्य में होता है। पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी। इसमें लखनऊ और अमरोहा के किसान गए थे। वहां पर टीम ने आम महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें किसानों को आर्डर भी मिला था।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आम निर्यात करने की संभावनाएं जिन देशों के लिए बन सकती है, उन देशों तक पहुंच को बनाना ही पड़ेगा।

कार्यक्रम में उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

900 रुपये किलो बिक रहा अमेरिका में लखनऊ का दशहरी

120 किस्म के आम हैं प्रदर्शनी में

लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का यहां प्रदर्शन किया गया है। इनमें 120 किस्म के विशेष आम रखे गए हैं। यहां मुख्यमंत्री ने एक ट्रक को हरी झंडी भी दिखाई, जिसमें भरे आम विभिन्न देशों को निर्यात होंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रगतिशील आम के किसानों को सम्मानित किया और आम स्मारिका का विमोचन किया। 14 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में आम खाने की प्रतियोगिता और प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया है।

कई राज्यों के किसान हुए शामिल

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में आम की आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। इसके साथ ही अलग अलग राज्यों के उद्यान प्रतिनिधि और आम की खेती करने वाले विशेषज्ञ भी पहुंचे हैं।

बेसहारा मरीजों के इलाज की मॉनीटरिंग कैसे हो : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार ने शासनादेश जारी करते हुए, बेसहारा मरीजों के इलाज व अशक्त मरीजों के लिए सहायक दिए जाने का आदेश तो कर दिया गया, जिसकी हम प्रशंसा करते हैं लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे की जानी चाहिए, इस बिंदु पर अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में एक बेसहारा व्यक्ति को समुचित इलाज न मिलने का मुद्दा उठाया गया है। याचिका पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से 21 नवम्बर 2023 का एक शासनादेश प्रस्तुत किया गया जिसमें बेसहारा लोगों का इलाज सामान्य वार्ड में किए जाने तथा यदि वे अशक्त हैं तो सहायक मुहैया कराए जाने की बात कही गई है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में ही एक बेसहारा मरीज को समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगाया गया है, हालांकि राज्य सरकार की ओर से इस आरोप को खारिज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त शासनादेश को जनहित में सरकार ने जारी किया है लेकिन इसे समुचित तरीके से लागू भी किया जाना चाहिए। वहीं न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर अस्पताल को उस बेसहारा मरीज को सहायक उपलब्ध कराने के आदेश दिए जिसके सम्बंध में वर्तमान याचिका दाखिल की गए है। न्यायालय ने अधीक्षक को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को भी कहा है कि पिछले एक वर्ष में ऐसे कितने बेसहारा मरीज भर्ती किए गए और उनमें से कितनों को सहायक उपलब्ध कराया गया।

फरियादियों की सुनिए, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं पीड़ितों की शिकायत

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर योगी से अपनी वेदना रखी, जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया। वहीं मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का प्रार्थना पत्र लेकर भी एक फरियादी पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसे सम्बंधित विभाग में भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस और जमीन कब्जे से जुड़े मामले भी आये, जिस पर मुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिलों के अफसरों को इस पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

10 हजार पशु सखियों को मिलेगा प्रशिक्षण

अमृत विचार,लखनऊः राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि राज्य सरकार पशुधन और ग्रामीण आबादी के विकास व उनकी स्थाई आय बढ़ाने के लिए ए-हेल्प कार्यक्रम का संचालन करने जा रही हैं, जिसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जाएगा।

निदेशक ने बताया कि इस कार्यक्रम को पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत अगस्त माह के पहले हफ्ते में लांच किया जाएगा। शुरुआत में इसे 25 जिलों के 50 विकास खंडों में लागू किया जाएगा, जिसके बाद सरकार इसे पूरे राज्य में लागू करेगी। इसके अंतर्गत अगले दो वर्ष में 10 हजार पशु सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब से युक्त होंगे सर्वोदय विद्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (भारत सरकार टकसाल) ने प्रदेश में उप्र.समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों को 71 लाख रुपए का सीएसआर फंड प्रदान किया है। इस फंड से विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और विकसित किया जाएगा।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को बताया कि चल रहे सर्वोदय विद्यालयों को अपने विकास के लिए निजी कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड मिल रहा है। इससे समाज के वंचित वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर समूह के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस फंड से बदनौरा (बुलंदशहर), निडोरी (गाजियाबाद) और हस्तिनापुर (मेरठ) में संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और मजबूत किया जाएगा।

समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, विभाग द्वारा निःशुल्क उच्च स्तर की शिक्षा के साथ आवास, भोजन, किताब-कॉपी और ड्रेस उपलब्ध कराई जाती है।

▸▸ केंद्र सरकार ने दिया 71 लाख का सीएसआर फंड, तीन विद्यालयों को मिलेगा लाभ

मऊ और कानपुर देहात में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे

अमृत विचार: मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग बजट के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नए विद्यालय के लिए जमीन मिल गई है और शासन ने हरी झंडी भी दे दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन से बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या बढ़ने से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा लेने में मदद मिलेगी।

वर्चुअल हेलीकॉप्टर राइडिंग का मिल रहा अनुभव

अमृत विचार,लखनऊः पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि झांसी के राजकीय संग्रहालय बुंदेलखंड में पर्यटकों व बच्चों को इतिहास की जानकारी डिजिटल रूप में मिल रही है। इतना ही नहीं, संग्रहालय में एक वर्चुअल हेलीकॉप्टर है, वर्चुअल हेलीकॉप्टर राइडिंग का अनुभव होता है। वर्चुअल हेलीकॉप्टर में उड़ान के साथ शहर के मुख्य स्थल व इतिहास की भी जानकारी मिलती है।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पर्यटन विभाग, पर्यटकों को और नई पीढ़ी को इतिहास से रूबरू कराने का प्रयास करता रहा है। आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर आगंतुकों को झांसी और बुंदेलखंड के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

बड़े आयोजनों में भी डिजिटल अटेंडेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अगले साल प्रयागराज महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का समय शेष है। 14 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में दुनियाभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में, उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(डिजिटल अटेंडेंस) का सहारा लेने जा रही है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य के बड़े सरकारी आयोजनों में भी इसे लागू किया जा सकता है। फिलहाल शुरुआत महाकुंभ से हो रही है।

महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी, जिसके विकास के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण की जरूरतों के हिसाब से उत्तर प्रदेश सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) ने तैयारी शुरू कर दी है।

▸▸ सरकारी कर्मियों की रियल टाइम एसेसमेंट और उपस्थिति को सुनिश्चित करने की तैयारी

▸▸ महाकुंभ से होगी शुरुआत, एआई बेस्ड फेशियल रिकग्नीशन मोबाइल ऐप बनेगा माध्यम

यूपीडेस्को ने विभिन्न सरकारी महकमों के कर्मचारियों-अधिकारियों के रेगुलर अटेंडेंस के लिए एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त अटेंडेंस सिस्टम पहले से मौजूद डेटाबेस से ली गई छवि की चयनित चेहरे की विशेषताओं की तुलना के माध्यम से लाइव वातावरण से किसी व्यक्ति की स्वचालित पहचान और सत्यापन में मदद करेगा। हर विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो अपने-अपने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करेगा।

निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस घोषित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ निजी मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की शुल्क सूची डीजीएमई वेबसाइट पर है उपलब्ध

▸▸ फीस निर्धारण समिति की संस्तुति के तय हुईं कॉलेजों की फीस

अमृत विचार: प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की सबसे ज्यादा फीस 13,73,760 रुपये बरेली स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की है। वहीं सबसे कम फीस सीतापुर के हिंद इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज में 10,77,229 रुपये है। दूसरी तरफ गाजियाबाद के आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा बीडीएस के लिए 3,84,000 रुपये लिए जा रहे हैं। कॉलेजों में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों के शुल्क का ब्योर चिकित्सा शिक्षा विभाग(डीजीएमई) महानिदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि निजी कॉलेजों में फीस निर्धारण के लिए समिति बनाई गई है। समिति की संस्तुति से ही किसी भी निजी कॉलेज में पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण होता है।

जिसके बाद शुल्क की सूची विभाग की वेबसाइट पर लोड की जाती है ताकि अभ्यर्थियों को दाखिला लेने के पहले काउंसिलिंग के दौरान हर कॉलेज की फीस की जानकारी रहे। वर्तमान सत्र में 10 जुलाई से नीट एमडीएस की काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है, हर साल की भांति कॉलेजों से फीस ब्योरा मांगा गया है, कॉलेजों द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित शुल्क की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

शुल्क का पृथक ब्योरा

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह ने बताया कि विभाग की वेबसाइट पर 26 निजी मेडिकल कॉलजों में एमबीबीएस के लिए जमा होने वाली फीस का ब्योरा है, साथ ही 19 निजी डेंटल कॉलेजों ने बीडीएस का शुल्क दिया है। इसके अलावा 22 मेडिकल कॉलजों ने एमडी व एमएस पाठ्यक्रम का शुल्क और 17 डेंटल कॉलेजों ने एमडीएस का शुल्क भेजा है। पीजी पाठ्यक्रमों में क्लीनिक, पैथोलॉजी, नॉन क्लीनिकल विभागों में निर्धारित शुल्क का पृथक ब्योरा उपलब्ध है।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक में बनेगी विजय की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भूपेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा होंगे शामिल

▸▸ बैठक कल डा. राम मनोहर लोहिया विधि विवि में होगी आयोजित

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होकर विचार प्रकट करेंगे। इससे पहले शनिवार को बैठक के एजेंडे व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में ही होगी।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं से जुडे पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों पर चर्चा कर उन्हें अन्तिम रूप दिया।

इन प्रतिनिधियों की रहेगी भागीदारी

भाजपा की होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के उत्तर प्रदेश से केन्द्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, उप्र. से केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों व राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, स्थायी आमंत्रित सदस्य, लोकसभा व राज्यसभा के सांसद, विधायक, एमएलसी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय पदाधिकारी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, प्रदेश मोर्चो के अध्यक्ष व महामंत्री, क्षेत्रीय मोर्चों के अध्यक्ष व महामंत्री, पार्टी के जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी, जिला महामंत्री, सभी प्रकोष्ठों व विभागों के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक, सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे।

कई मायनों में अहम होगी बैठक

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपने को लेकर प्रदेशवासियों का आभार जताया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को आगे बढ़ाने पर चर्चा संभव है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद होने जा रही यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इसमें प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव की तैयारियों की रणनीति भी तय होगी। साथ ही लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से निराश नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह जगा कर विस उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया जाएगा। विपक्ष के दुष्प्रचार की भी काट निकालने का रास्ता तय होगा।

मनुस्मृति से मेल नहीं खाती है संविधान की संरचना

अमृत विचार,लखनऊः बसपा सुप्रीमो मायावती ने मनुस्मृति को बाबा साहेब के बनाए भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मर्यादा के विपरीत बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को रद्द करना एक स्वागत योग्य कदम है।

मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक तथा इस प्रस्ताव का रद्द किए जाने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस संविधान की रचना की वो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है।

एक नजर

विधायक ने निधन पर जताया शोक

रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के पूरे गोपाल सिंह गौरा निवासी ब्लॉक प्रभारी अशोक मिश्रा की मां का निधन में हो गया। शुक्रवार को डलमऊ गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे ने शोक जताया। कहा की मां का अचानक बिछड़ना बड़ा दुखदाई होता है। संसार में इससे बड़ा कष्ट कुछ नहीं हो सकता है।

अभियान चलाकर पकड़े गये मवेशी

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान के अंतर्गत बेसहारा आवारा एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मोन गांव में अभियान चलाकर एक दर्जन मवेशियों को बखत खेर गांव में बने गौवंश आश्रय स्थल में पहुंचाया गया। अभियान के तीसरे दिन ग्राम पंचायत सचिव सर्वोत्तम सिंह की अगुवाई में ग्राम पंचायत मोन के मजरों से निराश्रित गौवंशो को पकड़कर गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किया गया। इस मौके पर पशु-चिकित्सक डा उमेश चंद्र, ग्राम प्रधान पति अमरेश कुमार, केयरटेकर भगवानदीन आदि कई लोग उपस्थित रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में दंपति घायल

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। दो बाइकों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दंपति घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव पहलवान का पुरवा मजरे खालिकपुर कलां निवासी लल्लन 30 वर्ष पत्नी पिंकी 28 वर्ष को बाइक से लेकर शुक्रवार की दोपहर लक्ष्मीगंज बाजार में सामान लेने गया था, जहां से वापस घर लौट रहा था, तभी पाईंदापुर गांव के निकट सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गये। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दंपति सीएचसी आये हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

पाइप मांगने पर अधेड़ को पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। सिंचाई के लिए अपना ही पाइप मांगने गये अधेड़ की एक युवक ने पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। नगर के मजहरगंज मोहल्ला निवासी मो ताहिर का कहना है कि पड़ोस का एक युवक कुछ दिनों पूर्व उसकी पत्नी से सिंचाई करने के लिए पाइप मांगकर ले गया था। शुक्रवार की दोपहर जब हम अपना पाइप मांगने गये तो आरोप है कि युवक ने गालीगलौज करते हुए पिटाई कर दी। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

प्रेमी ने फांसी लगाकर दी जान

युवक ने हाथ में लिखा था प्रेमिका का नाम, कमरे में मोबाइल पर बजते रहे दर्द भरे गाने

संवाददाता, खीरों, रायबरेली।

मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। इनसेट में पवन कुमार (फाइल फोटो)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव बरौंडी में एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते गुरुवार को देर रात अपने घर में कमरे की छत के हुक से दुपट्टे के सहारे लटककर जान दे दी। शुक्रवार को सुबह लगभग छह बजे मृतक की मां को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन परिजनो ने शव उठाने से पुलिस को रोक दिया और आरोपी युवती के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने की मांग की।

परिजनों के अनुसार मृतक ने जान देने से पहले अपने हाथ में पेन से युवती का नाम और प्रेम के बारे में लिख रखा था। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की मां के शिकायती पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

बरौंडी निवासी मृतक की मां फूलमती ने बताया कि पति शिवमोहन और छोटा बेटा मृतक पवन कुमार (20) दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बड़ा बेटा अनुज कुमार और पंकज कुमार लोधियाना में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बड़ी बहू आरती अपने मायके गई थी। बेटा पवन कुमार का गांव की ही एक युवती के साथ लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पवन कुमार की प्रेमिका की बड़ी बहन की गुरुवार को शादी थी। गुरुवार को पवन कुमार अपनी प्रेमिका की बहन की शादी में गांव में सम्मिलित था। इसी दौरान पवन कुमार और उसकी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई और प्रेमिका ने पवन कुमार द्वारा दिया गया मोबाइल भी वापस कर दिया, तभी रात लगभग दो बजे पवन कुमार अपने घर आया और उसने मोबाइल पर दर्द भरे फिल्मी गाने लगाकर पेन से अपने हाथ में प्रेमिका के नाम के साथ लिखा कि मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं। इसके बाद उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दुपट्टे के सहारे छत के हुक से लटककर जान दे दी। मोबाइल पर गाने सुबह तक बजते रहे।

शुक्रवार को सुबह लगभग छह बजे मां फूलमती सबमर्सिबल चलाने के लिए कमरे में जाने लगी। दरवाजा अंदर से बंद देखकर खिड़की से देखा तो पवन कुमार का शव फंदे से लटक रहा था। उसकी चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपी युवती के विरुद्ध कार्रवाई पर अड़ गए और शव उठाने से मना कर दिया। लगभग एक घंटा बाद पुलिस के आश्वासन पर परिजन सहमत हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने मृतक की मां के शिकायती पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

वज्रपात से 22 वर्षीय युवक की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। ननिहाल में रह रहे ऊंचाहार के युवक की प्रतापगढ़ में वज्रपात से मौत हो गई है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोटरा बहादुरगंज निवासी राजकमल (22) पुत्र अर्जुन मौर्य बचपन से प्रतापगढ़ जिले के थाना नवाबगंज के मोंगरहन का पुरवा (जनवामऊ) में अपने ननिहाल में रहता था। गुरुवार की सुबह मामा रमेश मौर्य के साथ घर के पास ही खेत में भिंडी तोड़ने गया था, तभी अचानक वज्रपात की चपेट में आ गया, जिससे वह खेत में ही जमीन पर गिर गया। उसके बाद वहां हड़कंप मच गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे उठाया और उसको लेकर कालाकांकर सीएचसी आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

युवक की फाइल फोटो

ऊंचाहार में 5 नये लेखपालों की तैनाती, 6 के कार्यक्षेत्र बदले

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। एडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने शुक्रवार को तहसील में आए पांच नए लेखपालों को तैनाती दी है। साथ ही 6 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी किया है।

तहसील में आए कुलदीप सिंह को धूता सर्किल में तैनात किया गया है। दीपक गर्ग मिर्जापुर ऐहारी के साथ ऐहारी बुजुर्ग का अतिरिक्त प्रभार देखेंगे। रूपेश मौर्य पूरब गांव के साथ धर्मदासपुर का अतिरिक्त प्रभार भी देखेंगे। जितेंद्र कुमार गुप्ता खजुरी के साथ सराय श्रीबक्स का अतिरिक्त प्रभार देखेंगे। उदित जायसवाल को गंगेहरा गुलाल गंज सर्किल में भेजा गया है। मिर्जापुर ऐहारी में रहे आदित्य सिंह को रोहनिया भेजा गया है, उन्हे उसरैना का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। भुवालपुर के लेखपाल अभिषेक पल को गंगश्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रविकांत केसरवानी को गंगेहरा गुलालगंज से हटाकर पट्टी रहस कैथवल भेजा गया है। उनके पास खरौली मुस्तकिल का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। आलोक अवस्थी को गंगश्री से सिद्धौर भेजा गया है। उन्हे भीख का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है । डिडौली लेखपाल रितेश सिंह को कंदरावा गांव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। तनवीर को कंदरावा से गंगौली भेजा गया है। उन्हे बिकई गांव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उधर शंकरलाल को धूता से अरखा भेजा गया है। वह कोटरा बहादुरगंज का अतिरिक्त प्रभार भी देखेंगे और अज तिवारी को पट्टी रहस कैथवल गांव से हटाकर इटौरा बुजुर्ग जैसे बड़े राजस्व गांव में भेजा गया है।

मेड काटने को लेकर चले लाठी डंडे, 6 लोग गंभीर

डलमऊ, रायबरेली। खेत की मेड काटने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों से जमकर लाठी डंडे चल गए जिनमें से दोनों तरफ से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस ने दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे लोधन आंबा में खेत की मेड काटने को लेकर विवाद हो गया दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चलने लगे जिनमें से दोनों तरफ से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया रीता का आरोप है। फिलहाल डलमऊ पुलिस ने रीता की तहरीर पर दशरथ चंदन एवं विपिन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है वहीं रानी पत्नी दशरथ की तहरीर पर अशोक सुरेंद्र मोहन एवं रीत के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

महाराजगंज में शिक्षकों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया विरोध

संवाददाता, महराजगंज।

रायबरेली, अमृत विचार। शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं व विद्यालयों में मूलभूत संसाधनों राज्य की आपूर्ति किए जाने सहित कई मांगों को लेकर पाली स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र में शिक्षकों का डिजिटलाइजेशन के विरोध में हस्ताक्षर अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा।

भारी संख्या में शिक्षकों ने डिजिटलाइजेशन का विरोध करते हुए असहमति पर हस्ताक्षर किए। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि शिक्षक आनलाइन उपस्थिति का तब तक विरोध करेगा जब-तक उसकी व्यवहारिक समस्याओं का निदान विभाग द्वारा नहीं किया जाता। श्री अवस्थी ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों का पूरी तरह निर्वहन करने को तैयार हैं। विरोध ऑनलाइन हाजिरी का नहीं है। जब ड्यूटी करनी है तो ऑनलाइन हाजिरी हो या ऑफलाइन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता किंतु उनकी जायज मांगें पूरी करना शासन का कर्तव्य है।

उच्चाधिकारियों द्वारा बच्चों के संसाधनों में कटौती कर कमीशन की लालच में आनलाइन व्यवस्था लागू कराई जा रही है। डिजिटलाइजेशन के विरोध में हस्ताक्षर अभियान के दौरान अनुदेशक कल्याण समिति के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार, एआरपी मनीष सिंह, सावित्री दीवान, मनोज तिवारी, दिलीप अवस्थी, आलोक गिरी, सुनीत सिंह, अमरपाल, सुरेंद्र शर्मा, धीरेंद्र यादव, दिलीप सिंह अनीता, वंदना, प्रतिमा सिंह, संतोष द्विवेदी, सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व शिक्षामित्र अनुदेशक आदि मौजूद रहे।

ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

ऊंचाहार में भी शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन करते परिषदीय शिक्षक।

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर परिषदीय शिक्षकों का विरोध दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने बीआरसी मुख्यालय पर प्रदर्शन करके अपनी ताकत दिखाई है। शुक्रवार को नगर में स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर सैंकड़ों की संख्या में शिक्षक एकत्र हुए। इस दौरान असहमति पत्र पर सभी ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर किए। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थित की व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से शैलेंद्र कुमार पांडेय, अनुराग शुक्ल, ज्ञान प्रकाश पांडेय, अनुज मिश्र, राम नरेश, फरीद अहमद, महेश त्रिपाठी, जितेंद्र, उमेश, प्रांकुर, सतीश श्रीवास्तव, दीक्षा, अंजू, रत्ना, ज्ञानलता व नीलम मौर्य समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

खोदे गए गड्ढों में भरा पानी, बढ़ा खतरा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

गोकना गंगा घाट पर सौंदर्यीकरण के लिए खोदे गए गड्ढों में भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार। गोकना गंगा घाट पर जाना खतरे से खाली नहीं है। गंगा तट के सौंदर्यीकरण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढों में पानी भर गया है और इन गड्ढों के सामने कोई रोक भी नहीं लगाई गई है।

क्षेत्र के गोकना गंगा घाट का 3 करोड रुपए से सौंदर्यीकरण होना है। इसके लिए पर्यटन विभाग काम कर रहा है। कार्य पूर्ण होने की समय सीमा बीत चुकी है। इसके बावजूद अभी तक फाउंडेशन भी नहीं तैयार हो पाया है। पूरे गंगा घाट को करीब 200 मीटर लंबाई तक गहरे गड्ढे के रूप में खोद डाला गया है। अब बरसात के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ा तो इन गड्ढों में पानी भर गया है ।जिसके कारण मानव जीवन को खतरा पैदा हो गया है। गंगा तट पर खोदे गए गड्ढों के आगे कोई रोक भी नहीं लगाई गई है। जिसके कारण गंगा तट पर जाना खतरे से खाली नहीं है। इस बारे में गंगा तट के वरिष्ठ पुरोहित जीतेंद्र द्विवेदी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को कई बार अनुरोध किया गया कि समय से कार्य पूर्ण कर लिया जाए, किंतु उन लोगों ने ध्यान नहीं दिया। दो दिन पहले जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने भी गंगा तट का निरीक्षण किया था। उनके सामने भी सौंदर्यी करण कार्य में हीला हवाली की शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से मांग की गई है कि गंगा तट पर बैरिकेटिंग कर दी जाए, जिससे लोग गड्ढे की तरफ आगे ना बढ़े।

गंगा का जलस्तर घटाने से राहत

डलमऊ, रायबरेली। बीते कई दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के क्रम में चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचकर जलस्तर बढ़ोतरी की गति काम हो गई है। जिससे क्षेत्रीय प्रशासन के साथ-साथ कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की साथ लिया। केंद्रीय जल आयोग डलमऊ द्वारा शुक्रवार को गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु 98.360 के सापेक्ष 97.600 मी नापा गया। बताया कि नदी का जलस्तर 2 घंटे में 1 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है और शनिवार तक जलस्तर स्थिर हो जाएगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की गति कम हो जाने से क्षेत्रीय प्रशासन के साथ-साथ बढ़ पीडित क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया।

आरक्षी चालकों को मिला प्रशिक्षण पत्र

प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र दिखाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। जिले के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के दतौली स्थित इंडिया मोटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में पुलिस सिक्योरिटी हेडक्वार्टर के सौ आरक्षी, मुख्य आरक्षी चालकों को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को दूसरे बैच का समापन होने पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके चालकों को एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी व एएसपी नवीन कुमार सिंह द्वारा दिया गया। वहीं, आरटीओ प्रशासन लखनऊ हिमांशु जैन ने आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया। एआरटीओ मनोज कुमार सिंह, प्रधानाचार्या बबिता वैश्य, उप प्रधानाचार्या अनामिका शुक्ला, प्रशिक्षक नीरज गुप्ता ,ट्रेनर चालक रामबाबू और ट्रैक टेक्नीशियन आदर्श तिवारी मौजूद रहे।

आवाजाही नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत उपकरण बनें शोपीस

बिजली की ट्रिपिंग व लो-वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, महराजगंज।

महराजगंज में स्थित विद्युत उपकेंद्र। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। नगर सहित ग्रामीण अंचल में बिजली की व्यवस्था लचर हो गई है। इसके चलते नगरवासी एवं ग्रामीण काफी परेशान हैं। दिन भर में कई बार ट्रिपिंग व लो वोल्टेज होने से घरेलू उपकरणों में खराबी आ रही है। इसकी शिकायत पर भी कोई सुधार नहीं हो रहा है।

उपभोक्ता व्यापार मण्डल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि नगर में पिछले एक महीने से 24 घंटों में दर्जनों बार ट्रिपिंग होती है, जिससे विद्युत उपकरणों में खराबी आ रही है। बार-बार बिजली आने जाने से घरों में केबल, फ्रिज, बल्ब में लगातार खराबी आ रही है। इसकी शिकायत विभाग में कई बार की गई है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यापारियों ने बताया कि बार-बार बिजली बंद होने से व्यवसाय प्रभावित होता है। इसके साथ ही मशीनों में खराबी आ रही है लगातार लो-वोल्टेज से उपकरण खराब हो रहे है। इसके बावजूद बिजली के बिल में कोई कमी नहीं आ रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के नलकूप के सहारे अधिकांश किसान खेती करते हैं। लो-वोल्टेज रहने व लगातार ट्रिपिंग की समस्या से सिंचाई में समस्या आ रही है। दुर्गापुर गांव निवासी किसान राघवेन्द्र प्रताप ने बताया कि लो वोल्टेज होने से सबमर्सिबल पंप से पानी धीरे-धीरे निकलता है, जिससे एक बीघे खेत में पानी भरने में दो गुना अधिक समय लगता है। मोन गांव निवासी किसान रामसमुझ सिंह ने बताया कि कई बार तो लो वोल्टेज की वजह से सबमर्सिबल की मोटरें जल जाती है। एक बार मोटर रिपेयर करवाने में पांच से दस हजार रुपए देने पड़ते हैं। वही पूरे रिसाल मजरे कुशमहुरा गांव निवासी मनोज वर्मा ने कहा कि बिजली की समस्या दिनों दिन जटिल होती जा रही है। घर में लगे पंखे कूलर आदि उपकरण आए दिन खराब हो रहे हैं। ऐसे में बढ़ती मंहगाई में आम आदमी को दोहरी मार सहनी पड़ती है। इस संबंध में जेई अजय सैनी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर लाइनों में सुधार की आवश्यकता है। पावर स्टेशन से जितनी बिजली मिलती है। उसी आधार पर क्षेत्रों को सप्लाई दी जा रही है।

मनोज वर्मा

राघवेन्द्र सिंह

राम समुझ सिंह

रिंकू जायसवाल

सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, दो घायल

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। सवारियां लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिसमें बैठी दो सवारियां घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला नगर के बस स्टैंड का है, जहां शुक्रवार की दोपहर सवारियां लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बैठी सुरेखा (40) निवासी पट्टी रहस कैथवल तथा गुड्डी देवी (55) निवासी ब्रहमौली थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन फानन घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिलाओं का उपचार किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

सहायक प्रोफेसर पद पर आशुतोष का चयन, खुशी की लहर

डॉ. आशुतोष सिंह। अमृत विचार

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। कहते है कि अगर मन मे कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो लाख मुश्किलों के बावजूद मंजिल मिल ही जाती है। डीह ब्लाक क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी डॉ आशुतोष सिंह ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। साधारण परिवार से जुड़े डॉ. आशुतोष सिंह का सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन होने के बाद गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े डॉ आशुतोष सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गांव की ही है। 10वीं व 12वीं की शिक्षा सिटीजन पब्लिक स्कूल सलोन की। इसके बाद शुआट्स विश्वविद्यालय प्रयागराज से बीएससी और गणित में एमएससी-एसएलआईईटी पंजाब से किया। आईआईटी पटना से गणित विषय मे पीएचडी प्रोफेसर ओमप्रकाश व राहुल के सिंह की निगरानी में रिसर्च किया। वहीं वॉक्सन यूनिवर्सिटी, हैदराबाद में गणित में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन होने के बाद गांव में खुशी की लहर है। डॉ.आशुतोष सिंह ने इसका श्रेय अपने स्वर्गीय पिता डॉ. दल बहादुर सिंह, माता ऊषा देवी व परिवार के लोगों को दिया। कहा सभी सभी के आशीर्वाद से यह मुकाम मिला है। अखिलेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, जगदीश, भोला प्रसाद आदि ने खुशी जताई है।

विधायक ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद

पीड़ित परिवार से जानकारी लेते हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी।

हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार। सपा से हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने सतांव विकासखंड के सुल्तानपुर खेड़ा ग्रामसभा के केसरी का पुरवा गांव पहुंचे। यहां पर गांव के रामकिशोर पासवान के घर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके दिव्यांग भाई ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। इस पर उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव मदद करने की बात कही। उन्होंने मौके पर से ही सक्षम अधिकारियों से बातचीत कर मामले की जांच के लिए भी कहा।

पर्यावरण को बचाने के लिए छात्रों ने किया पौधारोपण

पौधरोपण करते रायन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। राही ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में रायन इंटरनेशनल स्कूल और पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमालपुर के छात्र-छात्राओं ने एक साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। साथ ही सभी ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम विद्यालय की सहायक अध्यापिका ऋचा द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न किया गया। छात्रों ने विद्यालय के प्रांगण में आम, जामुन, अमरूद, बरगद, पीपल आदि का पौधा रोपण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शिवप्रसाद चौरसिया, उषा यादव, अवनीश यादव, मंजू, अशोक पांडे, देशराज, यतेंद्र सिंह, हरिनाथ पांडे आदि मौजूद रहे।

ईओ ने वार्डों में देखी सफाई व्यवस्था

निरीक्षण करते अधिशासी अधिकारी दिनेश सिंह।

नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत नसीराबाद में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी दिनेश सिंह ने वार्ड पांच और छह का निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह प्रतिबंधित पालीथिन मिला, जिसे जब्त कराते हुए निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान लिपिक रामचंद्र, मनीष कुमार तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

एएनएम के नहीं आने से ग्रामीणों में आक्रोश

खुला पड़ा एएनएम सेंटर का गेट।

सूची, रायबरेली, अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत पोठई में बनाए गए एएनएम सेंटर में एएनएम के नहीं आने से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि महिला रोगियों के साथ ही बच्चों को टीका लगवाने के लिए भटकना पड़ता है। इतना ही नहीं गर्भवती महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह जाना पड़ता है, जिससे महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रंजीत यादव ने बताया की तैनाती के बावजूद महिला स्वास्थ्य कर्मी के नहीं आने से महिलाएं परेशान हैं। अगर शीघ्र ही स्वास्थ्य कर्मी को एएनएम सेंटर पर तैनात नहीं किया गया तो जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की जाएगी। ग्रामीण पवन कुमार, राजेश, राजीव ने बताया कि एएनएम सेन्टर का ताला खुला रहता है, लेकिन स्वास्थ्य कर्मी कभी नही आती है। स्थानीय लोगों ने नाराज़गी जताते हुए जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डा. सतपाल सिंह ने बताया कि गांव में किरन सिंह तैनात हैं, जो आशा के दरवाजे और पंचायत भवन पर बैठती है। शिकायत की जांच की जायेगी।

प्रकृति बचाओ कार्यक्रम के तहत पौधारोपण अभियान शुरू

पौधरोपण करते दावत-ए-इस्लामी इंडिया के कल्याण विभाग जीएनआरएफ के सदस्य।

सूची, रायबरेली, अमृत विचार। जिस प्रकार मनुष्य के लिए स्वस्थ भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार स्वच्छ हवा के महत्व से कोई भी इन्कार नहीं करता है। दावत-ए-इस्लामी इंडिया के कल्याण विभाग जीएनआरएफ (गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन) ने जुलाई माह में पूरे देश में बड़ी संख्या में पौधे लगाने का फैसला किया है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र के कब्रिस्तान, मदरसा और विभिन्न स्थानों पर "प्रकृति बचाओ" के तहत कार्यक्रम आयोजित करके लोगों से इस पौधारोपण अभियान में शामिल किया। साथ ही लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला रायबरेली निगरान साद अत्तारी, सलीम समानी, गुलजार समानी, फैजान समानी, अरबाज़ समानी, आरिफ समानी, गुलाब समानी, हाजी सईद प्रधान, मौलाना वासिल साहब आदि मौजूद रहे।

अंबारा पश्चिम गांव में 11 फुट की बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित

बजरंगबली की मूर्ति स्थापना पर मौजूद श्रद्धालु।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले दीपक बाजपेई और दिलीप बाजपेई के द्वारा अंबारा पश्चिम गांव में श्री मन सुखेश्वर धाम परिसर में श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया है। वाजपेई बंधुओ के द्वारा हनुमान मंदिर में 11 फुट की भव्य बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक मंत्रोचार के साथ की गई है। जनपद में इतनी विशालकाय मूर्ति कहीं नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या से पधारे पंडित श्रीराम हर्ष की टीम के द्वारा बहुत ही विधि विधान से किया गया। भगवान बजरंगबली की विशालकाय एवं भव्य प्रतिमा की स्थापना कर निश्चित रूप से वाजपेई परिवार ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। मूर्ति स्थापना के प्रमुख यजमान शंकर सहाय बाजपेई, देवेंद्र दीक्षित, शैलेश वाजपेई, विनोद वाजपेई, आत्माशंकर बाजपेई, अवधेश बाजपेई, दीपक वाजपेई, दिलीप बाजपेई ने बताया कि मूर्ति राजस्थान जयपुर में ऑर्डर देकर बनवाई गई थी। मूर्ति स्थापना के अवसर पर विशाल भंडारा और भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, रामसरोहन प्रधान, राजेश सिंह प्रधान, सुरेंद्र अवस्थी, सोनू पांडे आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

उच्चाधिकारियों के असहयोग से बिजली कर्मचारियों में आक्रोश

संवाददाता,सरेनी, रायबरेली।

अमृत विचार। रनापुर विद्युत उपकेन्द्र में सुबिधाओं का टोटा होने से उपभोक्ताओं व कर्मचारियों में आक्रोश है।

मालूम हो कि सरेनी क्षेत्र के रनापुर गांव में स्थित विद्युत उपकेन्द्र से कटरी क्षेत्र के गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इनमें से अकेले रावतपुर फीडर से निसगर, नीबी, गन्नाथपुर, रावतपुर, सरायखाड़े, कस्बाबदलू, विशायकपुर, सैदापुर, बनपुरवा, काशीखेड़ा, कोटिया एहतमाली आदि गांव जुड़े हैं। ये सभी गांव गंगानदी के किनारे स्थित हैं। नीबी गांव के समाजसेवी सूर्यबली सिंह ने बताया कि गत दिवस बारिश में आपूर्ति ठप हो गयी थी। उन्होंने जेई को फोन पर सूचना दी।

अवर अभियंता ने बारिश के बीच में ही कर्मचारियों को लेकर फाल्ट की तलाश की व उसे ठीककर आपूर्ति बहाल कर दी किन्तु जब उन्होंने कर्मचारियों की सराहना की तो पता चला कि विद्युत उपकेन्द्र में आवश्यक सामग्री नहीं रहती जिससे फाल्ट ठीक करने में असुविधा रहती है तो श्री सिंह ने उच्चाधिकारियों से पावर हाउस में आवश्यक सामान शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की मांग की। श्री सिंह ने कहा कि विभाग के उच्चाधिकारियों के असहयोग से खरीखोटी कर्मचारियों को सुननी पड़ती है। उन्होंने सुबिधाओं के न बढ़ाये जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

मौसम की मार से धान की रोपाई पिछड़ी

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। मौसम की मार से इस बार जिले में धान की फसल की बुआई पीछे चल रही है। जिले में 90 हजार 72 हेक्टेयर में धान की रोपाई प्रस्तावित है। लेकिन अभी तक जिले में 24 हजार 319 हेक्टेयर जमीन पर धान की रोपाई हुई है।

बारिश की अगर बात की जाए तो पिछले साल जून से जुलाई तक 62 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई थी, लेकिन इस साल अभी 27 फीसदी ही बारिश हुई है। जिले में देर से बारिश होने के कारण किसानो को उनकी खेती पर असर देखने को मिल रहा है। इधर, जुलाई में हुई बारिश ने किसानो के चेहरे पर मुस्कान जरूर लाई है। जिले के अधिकतर ब्लाको में धान की फसल बोई जाती है।

खेतो में धान की रोपाई करते किसान। अमृत विचार

जुलाई में बारिश के बाद किसान खेतो में पूरी तरीके से लग गया है। इस समय किसान खेती के काम में दिन रात लगा हुआ है। गौरतलब है कि इस बार पडी गर्मी और मौसम के साथ ही जून के अंत तक बारिश न होने के कारण किसान धान की नर्सरी लगाने में ज्यादा रूचि नही ले रहे थे जिसकी वजह से थोडा पिछड फसल बोई जा रही है। लेकिन अचानक मौसम में परिवर्तन होने के बाद अब बुआई में तेजी पकडे हुए है। उम्मीद है कि अब शायद प्रस्तावित लक्ष्य विभाग को मिल सकता है।

> मौसम की वजह से रोपाई में विलम्ब हुआ है, लेकिन किसान के पास पर्याप्त समय है। किसान पूरे जोश में रोपाई कर रहा है, लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।
>
> –अखिलेश पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी रायबरेली

कहीं ज्यादा तो कहीं कम होती है धान की खेती

रायबरेली। जिले के महराजगंज, बछरांवा, शिवगढ व सलोन ब्लाको में धान की खेती खूब की जाती है। जबकि उचांहार, लालगंज, सरेनी व खीरो धान की कम खेती की जाती है, जबकि हरचंदपुर, अमांवा, राही, डलमऊ, डीह व छतोह ब्लाको में औसतन धान की फसल की जाती है।

बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने छीना महिला का मंगलसूत्र

संवाददाता,खीरों,रायबरेली।

अमृत विचार। खीरों क्षेत्र में पुलिस आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सरेशाम खीरों निहस्था मार्ग पर स्थित एक निजी विद्यालय के पास बेखौफ दो बाइक सवार बदमाश एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर चंपत हो गए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मथुराखेड़ा मजरे खीरों निवासी कुलदीप कुमारी पाल पत्नी ओम प्रकाश पाल ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर बाद वह कुछ घरेलू सामान खरीदने खीरों बाजार आई थी। बाजार से सामान खरीदकर शाम को वह अपनी सास दयावती के साथ पैदल घर वापस जा रही थी। जैसे ही खीरों निहस्था मार्ग पर स्थित विवेकानन्द बिहारीलाल इंटर कालेज के आगे पहुंची। सड़क पर खड़े दो अज्ञात बाइक सवार बदमाश उसके गले से लगभग 15 हजार कीमत का मंगलसूत्र छीनकर खीरों की ओर भाग निकले। उसने शोर मचाते हुए उनका पीछा किया लेकिन वह भाग गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

डीएम-एसपी ने बाल्हेश्वर मंदिर व गेगासो घाट का किया निरीक्षण

सावन मेले में आने वाले कावड़ यात्रियों की सुविधा के इंतजाम का लिया जायजा

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। सावन मेले में आने वाली भीड़ की सुरक्षा और कावड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ बाल्हेश्वर मंदिर और गेगासो घाट का निरीक्षण किया।

यहां पर उन्होंने सावन मेले के अवसर पर आने वाली भीड़ की वजह से होने वाली अव्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि मंदिर की साफ सफाई समय से करा ली जाए साथ ही लोगों के जलपान की भी व्यवस्था कराई जाए।

कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन भी मार्गो को यात्रा के लिए चयनित किया गया है उनको गड्ढा मुक्त कर दिया जाए। मार्गो में आने वाली नालियों की साफ-सफाई कर के कीटनाशक का छिड़काव भी करा दिया जाए। इस अवसर पर एसडीएम नवदीप शुक्ला, सीओ अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सहित राजस्व व पुलिस के कर्मचारी मौजूद रहे।

लालगंज में स्थित बाल्हेश्वर मंदिर परिसर का निरीक्षण करते डीएम हर्षिता माथुर व एसपी अभिषेक कुमार। अमृत विचार

बच्चों ने थैला बांट समाज को जागरूक किया

इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित चार्टर-डे में शामिल महिला पदाधिकारी व बच्चे।

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। शुक्रवार को इनरव्हील क्लब द्वारा चार्टर-डे मनाया गया। इस अवसर पर क्लब ने चार्टर से मनाया गया, जिसमें लियो कान्वेन्ट स्कूल के बच्चों के द्वारा नो टू प्लास्टिक घूस नाटिका कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिसके माध्यम से बहुत सुंदर संदेश दिया कि प्लास्टिक का प्रयोग हानिकारक है। इसलिए प्लास्टिक को न कहे इस कार्यक्रम को लोगों द्वारा सराहा गया। साथ ही अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का प्रोत्साहन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में लियो कान्वेन्ट स्कूल की अध्यापिका ने लोगों से अपील की कि बाजार जाते समय कपड़े का थैला ले जाये. दुकानदारों से प्लास्टिक न ले।

इनरव्हील क्लब के द्वारा भी बच्चों को तथा आस-पास के लोगों कों को कपड़े का थैला वितरित किया गया। जिसमें इनर व्हील का लोगों बना हुआ था। अन्त में इनरव्हील क्लब द्वारा लियो कान्वेन्ट के बच्चों को फूटी तथा बिस्कुट के पैकेट वितरित किये गये। पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता ने स्कूल की प्रबन्धक व प्रोग्राम की पीओ शुभ्रा सिंह ने बच्चों को इतनी सुन्दर प्रस्तुती के लिए धन्यवाद दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

आवश्यकता है

मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कॉलेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई

में स्नातकोत्तर स्तर पर एम .एस .सी में जन्तुविज्ञान वनस्पति विज्ञान भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में दो–दो प्रवक्ताओं की।

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होगा।

मो0–9695400001,991942439

सूचना

सूचित है कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाण पत्र रोल नंबर 0542700 वर्ष 2003 वास्तव में खो गया है। **–देवेश कुमार सिंह पुत्र उदय नारायण सिंह निवासी हुजूरपुर बहराइच**

PLOT FOR SALE:

Village teephar district barabanki on Iko. Deva Sharif road. on guari crossing.left side road about 1.3 km new Govardhan city.4000sq.ft. plot. three sides proposed road. dhara143pass residential mutation done.This village (teephar) is included state capital region(SCR)

Contact on 9415522420

सूचना

मैंने अपने पुत्र दिवाकर तिवारी उर्फ बंटी के गलत चाल चलन से परेशान होकर उसे अपनी चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन–देन लड़ाई – झगड़ा या अन्य किसी कृत्यों से आज से मेरा वह मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य का कोई वास्ता नहीं है। रविंद्र कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंद्र तिवारी ग्राम व पोस्ट– फुलई थाना मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई

सूचना

मैं सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी निवासी– ग्राम रामनगर तरहर, परगना–तहसील व जिला गोंडा का हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी था। जो अब बदलकर सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी कर लिया गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी को गलत व अवैध समझा जाए। **– सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, निवासी– ग्राम रामनगर तरहर परगना तहसील व जिला– गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त कागजात में मेरा नाम DILIP KUMAR YADAV है। पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से DILEEP KUMAR YADAV अंकित है। जिसको सही कर DILIP KUMAR YADAV कर देना न्यायोचित होगा। **–दिलीप कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव, ग्राम शंकरपुर, पोस्ट पखरौली कोतवाली देहात।, सुल्तानपुर (उ0प्र0)**

सार-संक्षेप

संदिग्ध हालात में घायल युवक की मौत

खीरों, रायबरेली,अमृत विचार। शुक्रवार को सुबह लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के गांव दुबेनखेड़ा मजरे हरदी निवासी एक युवक शराब के नशे में धुत संदिग्ध परिस्थितियों में घायल सेमरी खीरों मार्ग पर अपने गांव के सामने पड़ा था। परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। क्षेत्र के दुबेन खेड़ा मजरे हरदी निवासी सर्वेश कुमार पुत्र केशन कुमार गांव में मजदूरी करता था। वह अपने बड़े भाई सुनील कुमार और पिता के साथ रहता था। वह शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को सुबह लगभग आठ बजे वह शराब के नशे में धुत होकर सेमरी खीरों मार्ग के किनारे अपने गांव के पास गम्भीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। शिकायती पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

भाजपा कार्यकर्ता जिले के आलाधिकारियों की सीएम से करेंगे शिकायत

लालगंज, रायबरेली। शुक्रवार को दोपहर में गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण करने के लिए डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल लालगंज की खराब सड़कों से होकर गुजरे लेकिन उन्होंने इस सड़क का निरीक्षण करना मुनासिब नहीं समझा। अभी तहसील दिवस में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के नेतृत्व में डीएम से मिला था और लालगंज की समस्याओं से उन्हें रूबरू कराया था। खासतौर से खराब सड़के, लालगंज में लगने वाले जाम और गौशाला के निर्माण के बाबत ज्ञापन भी सौपा गया था। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के आलाधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

दहेज हत्या में सास-ससुर और पति को पुलिस ने भेजा जेल

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के चांदा टीकर में विवाहित महिला रागिनी की दहेज हत्या के मामले में लालगंज पुलिस ने सख्त कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी ससुर शिव भजन, सासु कुसुमा देवी और पति लव कुश को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में मृतका के पिता ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा पिज़र्व गया है। हत्या का मामला होने के चलते तीनों को जेल भेज दिया गया है।

सड़क दुर्घटना में दूसरी महिला की भी मौत

राही, रायबरेली। गुरुवार को रायबरेली डलमऊ हाइवे पर मनेहरू गांव के निकट हुए कार और आटो की सीधी टक्कर में पहले एक महिला की मौत हुई थी। शुक्रवार को इलाज के दौरान दूसरी महिला की मौत हो गई। गुरुवार को मनेहरू गांव के निकट आटो और कार की सीधी टक्कर में जहां पहले एक महिला की मौत हुई थी वहीं घायल नव लोगों में से दूसरी महिला पत्नी रामेश्वर निवासी सैदनपुर भी गंभीर रूप से चोटिल हुई थी उसने शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में अब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी हैं। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। उप निरीक्षक पवन यादव ने बताया कि घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

हुसैन हैं इस्लाम को इस्लाम बनाने वाला

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। शुक्रवार को 5वीं मोहर्रम पर भी मजलिसों का दौर चलता रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कर्बला की घटना की सिलसिलेवार बताया तो अजादारों के आंख से आंसू निकल आए थे।

ऊंचाहार नगर के अली मुक्तदा के मकबरे में हुई मजलिस में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। यहां पर हसनैन नकवी ने कहा कि आग से तपती रेत पर मासूम बच्चे , महिलाएं व बीमार आगे बढ़ रहे थे, दीन और ईमान की रक्षा के लिए उनके कदम रसूल के बताते रास्ते पर थे, लेकिन जालिम यजीद का कहर जारी रहा और भूख प्यास से तड़प रहे बच्चों पर भी जालिम ने रहम नहीं खाया। ओवेश नक़वी ने बताया कि आज दुनिया हुसैन को याद करती है। जबकि यजीद का कोई नामलेवा नहीं है।

उन्होंने पढ़ा कि "सिर गैर के आगे न झुकाने वाला, और नेजे पे भी कुरान सुनाने वाला , इस्लाम से क्या पुंछते हो कि कौन हुसैन, हुसैन हैं इस्लाम को इस्लाम बनाने वाला" तो सभी की आंखों में आसूं आ गए।इस अवसर पर मुख्य रूप से सुल्तान अब्बास, अशरफ हुसैन असद, शाजू नकवी, आरिस नकवी, शानू नकवी, अब्बास समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

आलमबाग

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

चाकू से हमला कर किशोर को किया घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार। थाना सुबेहा के शाहपुर गांव निवासी 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। शुक्रवार की अल सुबह हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी भवानी बख्श के पुत्र अंकुश पर बीती रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने हमला बोलकर पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अंकुश को किसने और क्यों चाकू मारा इसका अब तक पता नहीं चल पाया है। किशोर के चाचा गणेश सिंह ने बताया कि इस घटना की पुलिस में कोई शिकायत नहीं की गई है।

सीख रहे थे कार चलाना तीन को मारी टक्कर

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार। कार सीख रहे युवक के द्वारा पहले तो एक बाइक में टक्कर मार दिया। उसके बाद साइकिल सवार को भी ठोंक दिया। इस सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सतरिख कस्बे के राशिद खान अपनी कार से कस्बे की ओर आ रहे थे, इस दौरान पहले तो एक बाइक में टक्कर मार दिया। बाइक पर सवार गोरखपुर खलीलाबाद निवासी प्रज्जल यादव घायल हो गए। उसके बाद कार से साइकिल सवार में टक्कर लगने से कस्बे के ही नीरज गुप्ता व शादाब घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया था, लेकिन प्रज्जल व नीरज की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

पानी घटा तो घर लौटे ग्रामीण, मिली जर्जर दीवार, गृहस्थी हुई बर्बाद

सरयू का जलस्तर खतरे के निशान 106.70 से नीचे 106.11 पर पहुंचा

सूरतगंज/रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार। सरयू नदी का पानी उतरते ही बाढ़ पीड़ित अपने-अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। उधर गांव पहुंचने पर किसी के घर की दीवार जर्जर मिली तो किसी के गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया।

रामनगर तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हेतमापुर के एक दर्जन गांव में पानी भर जाने से लोगों ने पलयान करना शुरू कर दिया था। उधर 38 परिवार तटबंध पर शरण लिए हुए थे। बुधवार से लगातार घट रहे सरयू नदी के जलस्तर को देखते हुए शुक्रवार को कई गांव में पानी काफी कम हो गया। शुक्रवार की शाम 6 बजे सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.70 से नीचे 106.11 रहा। जिसके बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। तटबंध पर शरण लिए हुए कुछ लोग अपने अपने घरों की ओर रूख करने लगे हैं। बाढ़ से लालपुरवा, सुंदरनगर सहित अन्य गांव के संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। क्योलीपुरवा और कोडरी में उचें स्थानों पर लगे हैंडपंप की चौकियां बाढ़ के पानी में क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जबकि कुछ दिनों पूर्व यह चौकियां निर्मित हुई थीं। बाढ़ आने के बाद से तटबंध पर मौजूद लोगों को अभी तक करीब पांच हजार लंच पैकेटों का वितरण किया जा चुका है। जिला बाढ़खंड अधिकारी शशिकांत ने बताया जलस्तर तेजी से घट है, लेकिन चेतावनी लेवल से ऊपर है। फिलहाल स्थित सामान्य है।

घट रहा सरयू नदी का जलस्तर। अमृत विचार

200 मरीजों को बांटी गईं दवाएं

गांवो के आसपास जगह जगह गड्ढों में अभी भी पानी भरा है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बन गया है। तटबंध पर तैनात स्वास्थ्य विभाग की टीम आ रहे मरीजों का उपचार कर रही है। डा. प्रवीन कुमार ने बताया कि अभी तक लगभग दो सौ मरीजों को दवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इनमें उल्टी, पेट दर्द, बुखार, खुजली और अन्य रोगों से ग्रसित मरीज शामिल थे। उनकी टीम लगातार नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

जलस्तर बढ़ने पर आर्मी संभालेगी मोर्चा

राजपूत रेजिमेंट बटालियन की एक टीम शुक्रवार को तटबंध पर पहुंची। सेना की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही पीएसी के जवान से बाढ़ की पूरी जानकारी भी हासिल की। सेना की टीम ने बताया अधिक बाढ़ आने पर हमें भेजा जाता है। इसके लिए हमें डीएम आदेशित करते हैं। टीम में सेना के सूबेदार बच्चू सिंह व नायब सूबेदार गौतम सिंह सहित अन्य जवान मौजूद हैं। तो 32 बटालियन पीएसी टीम के हेड कांस्टेबल एमएस खान, कांस्टेबल सौरभ कुमार, सुचित सिंह, रोहित जायसवाल और उमाकांत समेत अन्य जवान भी स्थित पर नजर बनाए हुए हैं। पीएससी की टीम भी लगातार कैंप कर लोगों को राहत पहुंचाने में मदद कर रही है।

> जलस्तर घटने के साथ ही जनजीनव सामान्य होनो लगा है। लोग अपने-अपने गावों की तरफ वापस जा रहा हैं। जिला प्रशासन सरयू नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। जलस्तर का अपडेट विया जा रहा है।
> **-डॉ. अरुण कुमार सिंह, एडीएम**

गांव में टूटा हैंडपंप पर बना चबूतरा। अमृत विचार

पानी उतरने के बाद भीगे कंडे सुखाते ग्रामीण। अमृत विचार

पूर्व मंत्री ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का लिया जायजा

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार। पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक फरीद महफूज किदवई ने शुक्रवार को रामनगर एवं सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र इलाकों का जायजा लिया।

हेतमापुर में निरीक्षण को दौरान उन्होंने यहां तटबन्ध पर बसे बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याए सुनीं और अधिकारियों से बात कर बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश सचिव व प्रतिनिधि लल्लन वर्मा भी मौजूद रहे।

निरीक्षण करते विधायक फरीद महफूज किदवई। अमृत विचार

विद्युत चोरी पर कई के खिलाफ रिपोर्ट

पावर कारपोरेशन की टीम ने की जांच, काटे कनेक्शन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार। विद्युत चोरी और अधिक बिल बकाए पर पावर कारपोरशेन ने संबधित के विरुद्ध कार्रवाई करते जहां कनेक्शन काट दिया। वहीं बकाया विद्युत बिल की वसूली भी कई। टीम ने मॉर्निंग रेड व डोर टू डोर कॉम्बिग अभियाल चलाकर यह कार्रवाई की है। संबंधित के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है।

आरएसघाट के अधिशाषी अभियंता अनूप कुमार ने बताया कि शुक्रवार को रानीगंज और जौरास फीडर पर कांम्बिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 10 कनेक्शनों की चेकिंग की गई। इनमें दो कनेक्शनों पर अधिक बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए। और 0.48 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई। इनमें एक परिसर में बिजली की चोरी तो दूसरे में बकाए पर काटे गए कनेक्शन को दोबारा जोड़ा होना पाया गया है। टीम द्वारा सैदनपुर चौराहा निवासी विजय कुमार और दौलतपुर निवासी दिलीप कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

इसी तरह चार लोगों द्वारा कटिया लगाकर विद्युत चोरी करते पकड़े जाने पर केस दर्ज कराया गया है। इनमें ग्राम बघेला निवासी रामसमुझ, ग्राम सूर्यपुर खपरैला निवासी प्रमोद ग्राम धर्मपुर कटरा निवासी प्रदीप तिवारी और ग्राम तिलकीपुरवा निवासी बृजेश वर्मा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। इन सभी के द्वारा कटिया लगाकर चोरी से बिजली की सप्लाई की जा रही थी।

विद्युत चोरी करने वालों पर मुकदमा

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार। विद्युत वितरण खंड फतेहपुर न्यू के अवर अभियंता संदीप यादव ने विद्युत विभाग की टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर, कबीरापुर व गुड़ोली में छापेमारी की गई। इस दौरान 56 कनेक्शन की जांच की गई। जिसमे 10 लोग विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए। इन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। वही दो लाख 12 हजार बकाया बिल 65 उपभोक्ताओं ने जमा किया।

चार को विद्युत चोरी में पकड़ा

सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार। विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर के अवरअभियंता शशि प्रकाश कटियार ने विद्युत विभाग टीम के साथ क्षेत्र के गोपालपुर एवं खलसापुर में शुक्रवार की सुबह छापा मारा। जिसमें पवन कुमार सियाराम संजय कुमार रंजीत कुमार सहित चार लोगों के घर पर अवैध रूप से विद्युत चोरी की जा रही थी। जिन्हें मौके पर अवैध रूप से विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया है। इनके विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में अवर अभियंता शशि प्रकाश कटियार ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सरोवर में नहाने के दौरान दूल्हे का चाचा डूबा

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार। कस्बे के श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर में शादी समारोह था। जिसमें शामिल होने आए दूल्हे का चाचा मंदिर परिसर में स्थित सरोवर में नहाने के दौरान डूब गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। देर शाम तक पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही थी। लेकिन पानी अत्यधिक गहरा होने के कारण पता नहीं चल सका।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलौली निवासी कुलदीप पुत्र मंशाराम का विवाह इसी थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरा निवासी दुर्गा प्रसाद की पुत्री से तय था। शुक्रवार को कस्बे के प्रसिद्ध श्रीशक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर में दोनों परिवार के लोग उपस्थित होकर विवाह की तैयारियां कर रहे थे। तभी बारात पक्ष से आए दूल्हे के चाचा राम बहादुर (40) शराब के नशे में पहुंच गया और मंदिर परिसर में स्थित सरोवर में नहाने के लिए छलांग लगा दी।

सावनी मेले में पार्किंग के ठेके को लेकर मनमानी

ठेकेदार और उसके गुर्गों ने पिछले वर्ष वाहनों से की थी जबरन वसूली

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

- शिवभक्तों से अभद्रता का भी लगा था आरोप

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा के सावनी मेले में वाहनों की पार्किंग हेतु दिया जाने वाला ठेका तहसील प्रशासन के द्वारा गुपचुप तरीके से फिर उसी व्यक्ति को देने की तैयारी की गई है, जिसे पिछले वर्ष दिया गया था। जबकि ठेकेदार और उसके गुर्गो के द्वारा पिछले वर्ष मनमाने तरीके से वाहनों से वसूली की गई थी। ठेका पार्किंग कराने के लिए दिया गया था, लेकिन मेला क्षेत्र के चारों ओर जहां बसें और अन्य वाहन खड़े किए गए थे। उनसे जबरदस्ती पैसा वसूला गया था। रामनगर से गणेशपुर जाने वाली पुरानी रोड पर चौरसिया फॉर्म पेट्रोल पंप के पास दोनों ओर खड़ी बसों से जबरन पैसा लिया गया। विरोध करने पर ठेकेदार के दर्जनों लोग मारपीट करने पर आमादा हो गये थे। विरोध करने वाले शिवभक्तों से अभद्रता की गई थी। जिसके चलते मेले में बवाल होते-होते बचा था। पुलिस प्रशासन की सूझबूझ और सजगता के चलते किसी तरह विवाद टल गया था। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को समझा बुझाकर शांत कराया था। उस समय तैनात रहे अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जागते हुए दोबारा इसे ठेका न देने की बात कही थी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कांवड़ यात्रा को बेहतर बनाने और कांवड़ियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर को अमली जामा पहनाने में जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान पूरे दल बल के साथ जुटे हुए हैं। लेकिन फिर भी कुछ लोग व्यवस्था के नाम पर अपनी जेब भरने और लूट करने में मशगूल है। मेला आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले या न मिले उनका अपना फायदा होना चाहिए। इसी सोच के चलते कभी न कभी मेले में बवाल हो जाता है। परिणाम स्वरुप कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को जूझना पड़ता है। यही नहीं स्थिति बिगड़ने पर कार्रवाई भी अधिकारियों के खिलाफ ही होती है। लेकिन मेले की आड़ में जेबें भरने वाले चाहे स्टैंड के ठेकेदार हों या जिला पंचायत के जिम्मेदार, इनका अपना दामन बच जाता है। सूत्रों के मुताबिक पिछले वर्ष अपने कारनामों को लेकर चर्चित स्टैंड के ठेकेदार ने वर्तमान समय में फिर जैसे तैसे अधिकारियों को पटा लिया है और स्टैंड का ठेका लगभग उसी का फाइनल हो गया है। ऐसे में अगर जिलाधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो ठेकेदार की मनमानी के चलते प्रशासन के सामने लॉ एण्ड ऑर्डर बनाए रखने की चुनौती रहेगी।

नगर पंचायत को करना चाहिए ठेका

महादेवा ऑडिटोरियम के पास जहां वाहनों की पार्किंग कराई जाती है। वह स्थान सीमा विस्तार में नगर पंचायत में शामिल हो गया। हमेशा ठेका नीलामी तहसील प्रशासन के द्वारा की जाती रही है। लेकिन पिछले वर्ष चुनाव से पूर्व सीमा विस्तार में बभनी गांव नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया था। ऑडिटोरियम बभनी गांव में ही बना हुआ है। नियमानुसार वाहन स्टैंड का ठेका नगर पंचायत के द्वारा किया जाना चाहिए था।

> ठेका देने की पूरी प्रक्रिया की देखरेख में नायब तहसीलदार को लगाया गया था। जिसकी ज्यादा बोली रही होगी। ठेका उसी को दिया गया होगा। **-पवन कुमार उपजिलाधिकारी, रामनगर**

शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार। शिक्षक संकुलों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति और डिजिटलाइजेशन के विरोध में करीब चालीस शिक्षक संकुल ने ऑनलाइन उपस्थिति और डिजिटलाइजेशन के दबाव के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है।

हरख ब्लॉक के इब्राहिमाबाद न्याय पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल प्रीती सिंह सेंगर, हरख न्याय पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल सुप्रभात तिवारी, पण्डरा न्याय पंचायत के नोडल शिक्षक संकुल श्वेता गुप्ता, अब्दुल्लापुर पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल सरिता गौतम, भानमऊ न्याय पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल पारुल वार्ष्णेय, शरीफाबाद न्याय पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल रुचि सिंह, गोठिया न्याय पंचायत की नोडल शिक्षक संकुल अर्चना वर्मा और टेरा न्याय पंचायत के शिक्षण संकुल रमेश चंद्र समेत चालीस शिक्षक संकुलों द्वारा सम्मिलित रूप से यह निर्णय लेकर महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष प्रीती सिंह सेंगर और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल के नेतृत्व में शिक्षक संकुल टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी हरख अर्चना यादव के समक्ष उपस्थित होकर शिक्षक संकुल के पद के दायित्वों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा सौप दिया है।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बीईओ को सामूहिक इस्तीफा देते शिक्षक। अमृत विचार

ढाई लाख लेकर भी नहीं की अलमारी की डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- व्यापारी अब वापस नहीं कर रहा दुकानदार के रुपये
- दुकानदार के मित्र को व्यापारी दे रहा गोली मारने की धमकी

अमृत विचार। त्रिवेणी अलमारी का व्यापार करने वाले जिले के एक व्यापारी ने सिद्धार्थनगर जनपद के एक दुकानदार से अलमारी भेजने के लिये पहले ढाई लाख रुपए एडवांस ले लिया। लेकिन बाद में न तो अलमारी ही भेजी और न ही अब रुपये ही वापस कर रहा है। जो चेक दीं, वह भी बाउंस हो गईं। और तो और जिले का ही निवासी दुकानदार का मित्र जब व्यापारी से रकम का तगादा करने गया। तो वह उसे गोली मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद पीड़ित सिद्धार्थनगर जनपद के फर्म मालिक द्वारा शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सिद्धार्थ नगर के थरौली गांव निवासी घनश्याम दास गुप्ता के मुताबिक उनकी दुकान श्रीबालाजी इंफ्रामार्ट गोरखपुर रोड सिद्धार्थनगर में है। उसने त्रिवेणी अलमारी के लिए बाराबंकी जिले में विशाल मेगामार्ट के सामने रहने वाले अमिताभ पाठक से संपर्क किया। अभिताभ के कहने पर घनश्याम ने उसके खाते में कई किश्तों में करीब ढाई लाख रुपए ट्रांसफर कर दिये। अभिताभ पाठक ने 15 मई को अलमारियां भेजने का वादा किया। लेकिन 16 मई को ट्रक खराब होने का बहाना बता दिया। 20 मई तक जब अलमारियों की ट्रक नहीं पहुंची तो शंका होने पर घनश्याम ने अपना रुपया वापस मांगा। जिस पर अमिताभ ने घनश्याम को चेक दे दी। लेकिन वह चेक बाउंस हो गई। कई बार फोन करने पर खाते में ऑनलाइन 25 हजार रुपये भेजे जाने का स्क्रीन शॉट भेजा। उसके बाद बाकी रकम भेजने में टालमटोल करता रहा। उसके बादघनश्याम ने जब अपने मित्र सरफराज की मदद से पुलिस से शिकायत की तो अमिताभ ने सरफराज को एक लाख 80 हजार रुपये का चेक दिया था। लेकिन वह चेक भी बाउंस हो गई। इस पर सफरफराज अपने मित्र की रकम का तगादा करने अमिताभ के घर पहुंचे। सरफराज का आरोप है कि अमिताभ ने उनको गोली मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

सार-संक्षेप

स्पेशल स्कूल का नया सत्र शुरू

बाराबंकी, अमृत विचार। देवा रोड स्थित मुख्य विकास अधिकारी के आवास के सामने उम्मीद किरन स्पेशल स्कूल के नए सत्र की शुरुआत समाजसेवी सुनीता जैन द्वारा विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित उम्मीद किरन स्पेशल स्कूल की शुरुआत के उपरांत सुनीता जैन ने स्कूल की प्रबंधक अर्चना श्रीवास्तव की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करना महाप्रभु की सेवा ही है।

सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपते एलआईसी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

एलआईसी कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी, अमृत विचार। भारतीय जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की बाराबंकी इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपा। शाखा सचिव आशीष भदौरिया के नेतृत्व में एलआईसी कर्मचारिओं और अभिकर्ताओं ने सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपते हुए बीमा एवं चिकित्सा प्रीमियम पर जीएसटी को समाप्त करने की मांग की। साथ ही नये कर में 80सी व 80डी में खत्म हुई छूट को दोबारा छूट के दायरे में लाने की भी मांग की। इस दौरान संघ के अध्यक्ष डीके सिंह, भगौतीदीन, सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश तिवारी, नलिन कपूर, विवेक वर्मा, रतन वर्मा, विनीत कुमार, सुनील मिश्रा और आरके मिश्रा के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

चार आरोपियों को अलग-अलग मुकदमों में सजा

बाराबंकी, अमृत विचार। मारपीट, गाली गलौज और अशलील हरकत के अलग अलग थानों के आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट ने सजा सुनाई। पहले मामले में थाना हैदरगढ़ पर मारपीट व गाली-गलौज करने के संबंध में दर्ज मुकदमें के आरोपी चन्द्रप्रभा शर्मा पत्नी रामअचल शर्मा निवासी चौबीसी थाना हैदरगढ़ को कोर्ट नंबर 15 ने शुक्रवार को एक हजार रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। थाना जैदपुर पर मारपीट व गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में दर्ज मुकदमे के आरोपी ललित व पंकज पुत्र कमलेश निवासी अहमदपुर थाना जैदपुर कोर्ट नंबर 15 ने पांच-पाच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया। वहीं थाना लोनीकटरा पर महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने के मुकदमें में अभियुक्त मो. तौसीर पुत्र सफात निवासी वलीनगर थाना असन्द्रा को कोर्ट नंबर 19 ने पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

10 वर्ष कठोर कारावास की सजा, 15 हजार जुर्माना

बाराबंकी, अमृत विचार। थाना हैदरगढ़ पर दहेज हत्या के मामले में दर्ज केस से संबंधित अभियुक्त रामअवध पुत्र रामसघन निवासी पूरेलोधे सिंह थाना हैदरगढ़ को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोर्ट नंबर 36 ने दोषी मानते हुए शुक्रवार को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 15 हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं रामसघन पुत्र मैकू को दोषमुक्त कर दिया।

शटर काटकर दुकान से 65 हजार की चोरी

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार। देवा इलाके में अज्ञात चोरों ने एक दुकान का शटर काट कर दुकान के गल्ले में रखे पैंसठ हजार रुपये पार कर दिए। सुबह दुकानदार को जानकारी हुई तो उसने देवा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।

देवा कोतवाली क्षेत्र के कुलखिला गांव निवासी शिवकुमार देवा क्षेत्र के सालेहनगर तिराहे पर खाद व बीज भंडार की दुकान चलाता है। रोज की तरह गुरुवार की रात वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया और सुबह जब दुकान पर आया तो उसने देखा की दुकान का शटर कटा हुआ था और दुकान का गल्ला गायब था यह देखकर उसके होश उड़ गए। जिसमें 64 हजार रुपये रखे थे। इधर-उधर खोजने के बाद दुकान का गल्ला पीछे खेत में पड़ा मिला।

अध्यक्ष और मंत्री पद पर कांटे की टक्कर, बाकी निर्विरोध निर्वाचित

अन्य पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने से साफ हुई तस्वीर

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार। तहसील बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष व मंत्री पद पर चुनाव होगा। शेष सभी पदों पर एक एक नामांकन होने के कारण सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। शुक्रवार को बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के चुनाव में दाखिल नामांकन पत्रों की एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बहोरी प्रसाद शुक्ल की देख रेख में कमेटी के सदस्यों सत्यनाम वर्मा, विनोद कुमार सिंह, जगदेव प्रसाद रावत, मुरारी शरण दीक्षित ने नामांकन पत्रों की जांच किया। जांच में सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। इसी दौरान दिलीप कुमार मिश्रा जिन्होंने सामान्य सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापस कर लिया। इस लिए सामान्य सदस्य का एक पद रिक्त हो गया है।

निर्विरोध निर्वाचित अधिवक्ताओं में रामप्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष प्रथम बालचंन्द्र उपाध्यक्ष द्वितीय, राजीव कुमार वर्मा उपाध्यक्ष तृतीय, कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री प्रथम पर पुत्तीलाल प्रजापति, द्वितीय पद पर रमाकांत वर्मा, तृतीय पद पर वृजेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक सदस्य पद पर काली प्रसाद यादव, अवधेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार वर्मा, भूपेन्द्र बहादुर वर्मा, सौरभ सिंह, शेषनरायन वर्मा, तथा सामान्य सदस्य पद हेतु राजीव कुमार, केशव राम, लवकेश रावत, धनपत लाल, धनलाल रावत एडवोकेट सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

वहीं अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता काशीप्रसाद द्विवेदी व शिव वरदान सिंह में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। अनुसूचित जाति के वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। जिस पाले में चले गए वही अध्यक्ष बन सकता है। ऐसी सम्भावनायें ब्यक्त की जा रही है। वहीं मंत्री जनरल सेक्रेटरी पद हेतु महन्त दीपक कुमार दास और रामहृदय यादव के बीच भी कडे मुकाबले की सम्भावना ब्यक्त की जा रही है। बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर में 117 अधिवक्ता वोटर हैं जो आगामी 18 जुलाई को अध्यक्ष एंव मंत्री को वोट करेंगे। शुक्रवार को शिव वरदान सिंह, काशीप्रसाद द्विवेदी, महन्त दीपक कुमार दास व रामहृदय यादव ने सिरौलीगौसपुर के अधिवक्ताओं से जन सम्पर्क किया एंव उन्हे सूक्ष्म जलपान कराकर अपनी अपनी ओर आकर्षित करते हुए समर्थन की अपील किया।

महामंत्री पद के प्रत्याशी रामहृदय यादव

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी काशीप्रसाद द्विवेदी

महामंत्री पद के प्रत्याशी दीपक सिंह

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवबरदान सिंह

लखनऊ, खीरी और अंबेडकर नगर की टीम बनी विजेता

बाराबंकी, अमृत विचार। रिजर्व पुलिस लाइंस में शुक्रवार आयोजित दो दिवसीय लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (महिला व पुरुष), योग, पावर लिफ्टिंग और अन्तर्जनपदीय फुटबाल (महिला व पुरुष) प्रतियोगिता 2024 का पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उसके बाद फुटबाल महिला प्रतियोगिता का पहला उद्घाटन मैच बाराबंकी और लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें जनपद लखनऊ की टीम विजयी रही। वहीं फाइनल मैच लखनऊ और अयोध्या के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ की टीम विजेता रही।

फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता का पहला मैच जनपद खीरी और रायबरेली के बीच खेला गया। जिसमें खीरी की टीम विजयी रही। दूसरा मैच बाराबंकी और अंबेडकर नगर के बीच खेला गया। जिसमें अंबेडकर नगर की टीम विजेता रही। तीसरा मैच जनपद लखनऊ और खीरी के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ की टीम विजयी रही। वहीं चौथा मैच अंबेडकर नगर और अयोध्या के बीच खेला गया। जिसमें अंबेडकर नगर की टीम ने जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के जनपद अयोध्या, सुलतानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, अमेठी, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, खीरी, उन्नाव और लखनऊ कमिश्नरेट सहित कुल 11 टीमों प्रतिभाग कर रही हैं।

7.48 लाख मवेशियों को लगेंगे खुरपका-मुंहपका के टीके

पशुपालन विभाग को मिली टीके की खेप, गांव-गांव जाकर टीकाकरण करेंगी 36 टीमें

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। बारिश के मौसम में आमजनों के साथ मवेशियों में भी बीमारी की आशंका बनी रहती है। इनमें सबसे अधिक गंभीर बीमारी खुरपका-मुंहपका बताई गई है। जो बारिश के दिनों में सबसे अधिक और तेजी से फैलती है। पशुपालकों के मवेशियों को इस बीमारी से बचाने के लिए हर साल बारिश के मौसम में पशुपालन विभाग के माध्यम से सरकार निःशुल्क टीकाकरण करवाती है। इस बार भी इस बीमारी से मवेशियों की सुरक्षा के लिए विभाग को प्रति मवेशी के हिसाब से 7.48 लाख टीकों की डोज मिली है। विभाग ने टीकाकरण के लिए

36 टीमें गठित की हैं जो गांव-गांव जाकर मवेशियों को टीकें लगाएंगी।

पशुपालन विभाग की ओर से मवेशियों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण कराने की तैयारी की गई है। जिसके तहत खुरपका-मुंहपका जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए करीब साढ़े सात लाख मवेशियों का टीकाकरण कराया जाएगा। जिसके लिए शासन से बीते जून माह में ही पशुपालन विभाग को 7.49 लाख टीकों की खेप उपलब्ध करा दी है। जिसे मानक के अनुरुप उचित तापमान में इसे जिला मुख्यालय पर स्थित कोल्ड रूम में रखवाया गया है। 15 जुलाई से टीकाकरण का अभियान पूरे जिले में तेजी से शुरु होगा। टीकाकरण के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की 36 टीमें बनाई गई हैं। जो गांव-गांव में जाकर मवेशियों को खुरपका-मुंहपका का टीका लगाएंगी। इसी मॉनीटरिंग भी जिला मुख्यालय से की जाएगी। शहर समेत प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो टीमों को इस कार्य में लगाने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर बाढ़ क्षेत्र वाले गांवों में टीमें सबसे पहले पहुंच कर वहां के मवेशियों को टीकें लगाएंगी। ताकि बाढ़ के चलते मवेशियों को इस बीमारी से फौरी तौर पर बचाया जा सके।

6.14 मवेशियों को लगा जानलेवा गलाघोंटू का टीका

जिले में हर साल बारिश के दिनों में गला घोंटू रोग मवेशियों में तेजी से फैलता है। गलघोंटू बीमारी गोवंशी और महिषवंशीय दोनों पशुओं में होती है। बीमारी में पशुओं को तेज बुखार आता है और गले व छाती में सूजन हो जाती है, नाक से स्राव होने लगता है। संक्रमित पशु को सांस लेने में परेशानी होती होती है। इससे पशु के दूध उत्पादन में कमी आ जाती है। पशु विशेषज्ञों के मुताबिक बारिश के बाद उगने वाली कई तरह की घासें संक्रमित होती हैं, जो पशुओं में गला घोंटू बीमारी का प्रमुख कारण बनती हैं। पशुओं को इससे बचाने का एक मात्र उपाय टीकाकरण ही है। इस साल मानसून सीजन से पहले 6.14 लाख पशुओं को गलाघोंटू टीका अभियान चलाकर लगाया गया है ताकि मवेशियों को गलाघोंटू जैसी जानलेवा बीमारी से भी बचाया जा सके।

> बारिश के दिनों में मवेशियों में होने वाले खुरपका-मुंहपका बीमारी को लेकर 7.48 लाख टीके लगाए जाएंगे। 15 जुलाई से गांव-गांव में अभियान चलेगा। 36 टीमें बनाई गई है। इससे पहले गलाघोंटू का टीका भी शतप्रतिशत मवेशियों को लगा दिया गया है।
>
> -डॉ. अतुल अवस्थी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में नारकोटिक्स के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में कहीं पर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन, उपयोग एवं वितरण आदि कदापि न होने पाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय बनाकर मादक पदार्थों से संबंधित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही करें। विद्यालयों, कॉलेजों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाकर भारी और हल्के वाहनों के ड्राइवरों, छोटे-छोटे दुकानों, ढाबों के संचालकों एवं युवाओं को भी जागरुक करते हुए नशे से संबंधित पड़ने वाले दुष्प्रभावों के विषय में जानकारी दें। प्रवर्तन से संबंधित विभिन्न इकाइयों के द्वारा आपसी समन्वय बनाकर संदिग्ध स्थानों तथा मेडिकल स्टोर्स की आकस्मिक रुप से सघन जांच करें। डीएम ने सभी मेडिकल स्टोर पर नियमानुसार कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को स्कूल, डिग्री कॉलेज और मेडिकल कॉलेज के आसपास वाले मेडिकल स्टोर पर प्राथमिकता से चेकिंग करने को भी कहा।

मछुआरों को अनुदान पर मिलेगी नाव

लाइफ जैकेट, जाल व आईस बॉक्स पर भी 40 फीसदी तक मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ 21 जुलाई तक करना होगा ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार। मछुआ समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त व मजबूत बनाने के साथ उनके जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग की ओर से एक पहल शुरु की गई है। उनके विकास के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की ओर से निषादराज बोट सब्सिडी योजना शुरु की है, जिसके तहत पात्र आवेदकों को नाव खरीदने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नाव के कुल मूल्य में से 40 प्रतिशत की धनराशि अनुदान के रुप में मिलेगी।

योगी सरकार ने मछुआरों को बढ़ावा देने के लिए जो योजना प्रारंभ की है उसके तहत प्रत्येक पात्र आवेदक को नाव खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। ऐसे मछुआरे जिनके पास पट्टे अथवा निजी तालाब उपलब्ध हैं, वह ही योजना के तहत पात्र माने जाएंगे। ऐसे में एक एकड़ के तालाब के मानक को पूरा करने वाले मछुआरे मत्स्य विभाग में आवेदन करें व योजना का लाभ उठाएं। योजना के तहत पात्रों को नाव की लागत के कुल मूल्य में से 40 फीसदी धनराशि सरकार की ओर से अनुदान के रुप में मिलेगी। मत्स्य विभाग द्वारा इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पात्रों को योजना का लाभ मिल सके। योजना के तहत 73,700 रुपये अधिकतम सीमा की लकड़ी अथवा फाइबर रेनफोर्सड प्लॉस्टिक बोट खरीदने पर अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। यहीं नहीं नाव के अलावा लाइफ जैकेट, जाल और आइस बॉक्स आदि पर भी 40 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए 21 जुलाई तक ही विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस संबंध में सहायक मत्स्य पालन अभिकरण गणेश प्रसाद ने बताया कि मछुआरों के विकास के दृष्टिगत निषादराज बोट सब्सिडी योजना प्रारंभ की गई है। लगातार आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। निषाद समाज के अन्य इच्छुक लोग भी योजना का लाभ उठाएं।

आवेदन में लगेंगे ये कागजात

योजना का लाभ लेने के लिए कुछ कागजात की जरूरत पड़ेगी। निषादराज नाव सब्सिडी योजना के तहत आवेदन करते समय फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधित अभिलेख, शपथ पत्र, मत्स्य समृद्धि फार्म, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा।

कमीशन दो, तब करूंगा भुगतान

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

▸▸ सचिव से परेशान महिला प्रधान ने एमएलसी से की शिकायत

▸▸ फर्म पर भी है बकाया, कर रहे तगादा

अमृत विचार। पिछले पांच महीने से ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत के अलावा गौशाला में कराए गए विकास कार्यों का बकाया आठ लाख का भुगतान ज्यादा कमीशन के चक्कर में सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा। जिससे महिला ग्राम प्रधान काफी परेशान है।

हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत मानपुर में ग्राम प्रधान रेनू देवी के द्वारा फ़रवरी माह में ग्राम पंचायत में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण, इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य के साथ ही गांव की साफ सफाई के अलावा इंडिया मार्का हैंडपंप व रिक्शा मरम्मत और गौशाला में पटाई कार्य कराया गया था। सामान आपूर्ति करने वाली फर्मो के अलावा राजगीर व श्रमिकों का करीब आठ लाख रुपय बकाया है। ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेश कुमार के द्वारा धनराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 10 दिन पहले ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान के लिए अनुरोध किया था। उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। ग्राम प्रधान रेनू देवी ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर ज्यादा कमीशन मांगने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ज्यादा कमीशन न देने के कारण भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम प्रधान ने सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिससे महिला ग्राम प्रधान काफ़ी परेशान है, ग्राम प्रधान द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है और आपूर्ति करने वाली फर्मो के द्वारा तगादा भी किया जा रहा है। बीडीओ के आदेश के बाद भी भुगतान न होने पर शुक्रवार को एमएलसी अवनीश कुमार पटेल को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान कराने के लिए अनुरोध किया है। बतातें चले कि उक्त सचिव कई महीनों तक इसी ब्लॉक में एडीओ पंचायत के चार्ज भी तैनात रहा है।

> मामला संज्ञान में नहीं है। यदि प्रार्थना पत्र मिलता है तो जांच कर भुगतान के साथ ही सचिव की संलिप्तता मिलती है तो उनपर भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -शंभूनाथ पाठक, एडीओ पंचायत

सुपरवाइजर के खिलाफ प्रदर्शन करते सभासद। अमृत विचार

सुपरवाइजर को हटाने पर अड़े सभासद

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार। रामसनेहीघाट नगर पंचायत बोर्ड की तीसरी बैठक विवादों के कारण स्थगित हो गई। बैठक प्रारंभ होते ही विकास कार्य और शिकायतों को लेकर सभासदों में एकजुटता से अपनी बात सदन में रखी। परन्तु एक सुपरवाइजर के व्यवहार को लेकर सभासदों में भारी आक्रोश था। इस सुपरवाइजर को हटाने की मांग पर सभासद और नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव आमने सामने हुए।

इसके उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष सदन छोड़कर यह कहते हुए चले गए कि उक्त सुपरवाइजर नहीं हटाया जाएगा। अध्यक्ष के कुर्सी छोड़ कर चले जाने के कारण बैठक निरस्त हो गई। बैठक निरस्त होने के बाद बहुत देर तक नगर पंचायत कार्यालय में गहमा गहमी रही। सभी सभासद एकजुटता दिखाते हुए सड़क जाम करने पर अमादा थे। अधिशासी अधिकारी धीरज सिंह के बड़ी मान मनौव्वल के बाद सभासद इस बात पर सहमत हुए की अध्यक्ष की तानाशाही व विधि विरूद्ध कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सभासदों की मांग के अनुरूप उक्त सुपरवाइजर को हटा दिया जाएगा।

युवक ने पेड़ से लटक कर दी जान

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार। पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने अपने घर के सामने लगे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम शेरलीपुरवा का राजितराम 35 वर्ष पुत्र स्व. रामसेवक बीती रात रस्सी से घर के सामने पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर लिया है।

गांव के लोगों के अनुसार राजित राम अपनी पत्नी लज्जावती के साथ रहता था। वह बहुत सीधा साधा व्यक्ति था। खेती दो तीन बीघा थी जो कि शारदा नहर दरियाबाद ब्रांच के पास होने के कारण सीपेज से प्रभावित रहती है। गरीबी व आर्थिक तंगी के चलते मेहनत मजदूरी करके भरण पोषण कर रहा था। आर्थिक तंगी के कारण घरेलू कलह बनी रहती थी। जिसके चलते राजित राम ने बीती रात घर के सामने पेड़ से लटक कर आत्म हत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

किसान लालजी वर्मा सम्मानित

सालाना 900 कुंतल आम का उत्पादन, कर रहे लाखों की कमाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। लखनऊ में हुए आम महोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस महोत्सव में कई जिलों के किसान आम की किस्में लेकर पहुंचे थे। इसमें बाराबंकी के किसान लालजी वर्मा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में आम की खेती करने वाले लालजी वर्मा को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

लालजी वर्मा विकासखंड रामनगर के गगियापुर गांव के निवासी हैं। उनके पास पांच हेक्टेअर आम की बाग है। इनकी बाग में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफेदा, हुस्नआरा, गुलाबखास, मल्लिका, आम्रपाली, अंबिका और अरुणिका जैसी प्रजातियां लगी हैं। इनकी बाद में 18 साल से लेकर 45 साल तक के पेड़ लगे हैं, जिनमें पुरानी प्रजातियों के साथ नई प्रजातियों के पेड़ भी लगे हैं। जो स्वस्थ और रोग रही हैं। जनपद में अपनी अलग पहचान बनाने वाले किसान लालजी वर्मा ने बागबानी भी की है। लालजी वर्मा आधुनिक तकनीकी से किसानी करते हैं। पेड़ों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इन्होंने पुरानी बाग के ढाई हेक्टेअर में कैनोपी मैनेजमेंट भी कराया है। अपनी आम की बाग से लालजी वर्मा प्रतिवर्ष 900 कुंतल आम का उत्पादन प्राप्त करके, लगभग 16 लाख रुपए की आय प्राप्त कर रहे हैं। बागबानी ने लालजी वर्मा और उनके परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति काफी बेहतर हो गई है।

जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव के साथ सम्मानित किसान लालजी वर्मा।

> आम महोत्सव में किसान लालजी वर्मा को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। उन्होंने अपनी बाग के कई किस्म के आम को महोत्सव में प्रदर्शित किया। बाराबंकी में पैदा हो रहे आम को न केवल देश में बल्कि दुनिया के बाजार में पहचाना जा रहा है। किसान लालजी वर्मा आधुनिक तकनीकी की किसानी से जिले में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।
>
> -महेश कुमार श्रीवास्तव, जिला उद्यान अधिकारी

सार-संक्षेप

स्पेशल स्कूल का नया सत्र शुरू

बाराबंकी, अमृत विचार। देवा रोड स्थित मुख्य विकास अधिकारी के आवास के सामने उम्मीद किरन स्पेशल स्कूल के नए सत्र की शुरुआत समाजसेवी सुनीता जैन द्वारा विधिवत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित उम्मीद किरन स्पेशल स्कूल की शुरुआत के उपरांत सुनीता जैन ने स्कूल की प्रबंधक अर्चना श्रीवास्तव की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करना महाप्रभु की सेवा ही है।

सत्र की शुरुआत से पहले पूजा अर्चना करतीं मुख्य अतिथि।

पटेल महिला महाविद्यालय में नया सत्र प्रारंभ

बाराबंकी : अमृत विचार। मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय में नए सत्र 2024-25 के प्रारंभ में श्री सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं हवन कार्यक्रमअत्यन्त आस्था व उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम प्रबंध समिति के सचिव उमाशंकर वर्मा 'मन्नू भैय्या' द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. ऊषा चौधरी, डॉ. सिफत्तुज जहेरा जैदी, डॉ. आरती श्रीवास्तव, डॉ. शुभ्रा सक्सेना, डॉ. माधवी त्रिपाठी, डॉ. नीलम पाण्डेय, डॉ. स्मिता सक्सेना, डॉ. हिमानीगुप्ता, डॉ. राखी सिंह, डॉ. सुमन वर्मा, डॉ. सरिता सिंह, कु. रत्ना वर्मा, कु. शिल्पी सिंह, कु. सोनम, डॉ. सीमा, कु. ट्विकल, डॉ. रामसेवक, डॉ. कौशल किशोर सिंह समेत अन्यशिक्षक व अवधेश कुमार वर्मा, सुनील सिंह, अजय वर्मा, अशोक वर्मा, पंकज, भगवत शरण, राजीव, अनीता सिंह, ममता चौधरी, क्षमा, शोभना, मंजू, रीना आदिकर्मचारीएवं छात्राएं उपस्थित रहीं। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्या डॉ. ऊषा चौधरी ने बताया कि बीए, बीएस-सी व एमए की कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक छात्राएं अति शीघ्र प्रवेश ले सकती हैं।

नहर में दिखी डॉल्फिन, निकालने में लगी वन विभाग की टीम

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। शारदा सहायक समान्तर नहर दरियाबाद ब्रांच कसरैलाडीह झाल के पास शुक्रवार को डॉल्फिन मछली अठखेलियां करती दिखाई दी। नहर में डॉल्फिन के मौजूद होने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। हालांकि उसे निकाल पाने में सफल नहीं हो सके। अब डॉल्फिन को वन विभाग की टीम आज नहर से बाहर निकालने का प्रयास करेगी। वन विभाग के उपनिरीक्षक तुषार कुमार ने बताया कि डॉल्फिन को सुरक्षित निकालने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गये हैं। उसे निकाल कर सरयू नदी में डलवाया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी रामनगर एस. इस्लामुद्दीन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और डॉल्फिन की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए कर्मचारी तैनात करने को भी कहा है।

कल होगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की लिखित परीक्षा

बाराबंकी, अमृत विचार। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्री-प्राइमरी क्षमता संवर्धन को लेकर 14 जुलाई को सभी ब्लॉकों पर एक लिखित परीक्षा ज्ञान का आयोजन किया गया है। इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ज्ञानात्मक क्षमता में वृद्धि हो सकेगी। इस परीक्षा के लिए परियोजनावार परीक्षा स्थल और नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

यह जानकारी देते हुए डीपीओ अखिलेंद्र कुमार ने बताया कि बंकी परियोजना का परीक्षा स्थल आनंद विहार इंटर कॉलेज, शहर का जीआईसी, देवा ब्लॉक का किसान उच्च मा.वि.छपरा, मसौली का यूनिवर्सल कोचिंग सेंटर, हरख ब्लॉक का युग निर्माण इंटर कालेज, निंदूरा का जीआईसी, सूरतगंज का बसौली कंपोजिट स्कूल, फतेहपुर का उच्च प्राथमिक विद्यालय सट्टी बाजार, त्रिवदीगंज ब्लॉक का उच्च प्रा.वि.दहिला, सिद्धौर ब्लॉक कर गंगादेवी लालबहादुर इंटर कॉलेज बनाया गया है।

मांगों को लेकर सीएम आवास कूच, रोका

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के बैनर तले कृष्ण कुमार शुक्ला के नेतृत्व में किसानों द्वारा समस्या लेकर तहसील क्षेत्र के कोटवा सड़क, सोहिलपुर में किसान की भूमि पर अवैध कब्जेदारी को लेकर धरना प्रदर्शन देते हुए मुकदमा करने के लिए व जमीन मुक्त कराये जाने की गुहार लगाई। जिलाध्यक्ष पैदल ही किसानों को लेकर मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए। ऐसी स्थिति में प्रशासन की ओर से नायाब तहसीलदार ने आकर कहा मामले को निस्तारित किया जाएगा ऐसी दशा में किसानों ने मुख्यमंत्री के यहां जाने से रुक गए परंतु यह जरुर कहा है कि जब तक मामले का निस्तारण नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

चौपाल में दूर हुईं समस्याएं

मसौली, बाराबंकी। विकास खण्ड मसौली के दो ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन। जिसमें चार शिकायतें आई। जिसमें ग्राम पंचायत करन्द में मधु व नीलम ने राशनकार्ड के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो मौके पर मौजूद सचिव सौम्या सिंह आवेदन पर कार्यवाही कर आग़िम कार्यवाही कर प्रेषित कर दिया।

पसमांदा मुसलमान को लेकर चिंतन करे भाजपा

समाज की भाजपा से बढ़ी दूरी के कारणों पर शीर्ष नेतृत्व करे समीक्षा : वसीम राईन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। हर चुनाव के बाद बड़ी विफलता की स्थिति में दल चिंतन मनन करता है कि कहां पर चूक हुई या कौन और क्यों नाराज हुए। यही फिक्र भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी करनी होगी कि जो पसमांदा मुसलमान भाजपा को कामयाब बनाने के लिए साथ आया, वही 2024 में क्यों बिखर गया। पार्टी स्तर पर ही नही बल्कि पसमांदा समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लिए बैठे चेहरों से भी निपटना होगा।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के जिस पसमांदा मुसलमान ने भाजपा सरकार, संगठन में बगैर कोई हिस्सेदारी मिले, सिर्फ सपा, कांग्रेस जैसे पार्टियों की झूठ, फरेब, मक्कारी आदि से त्रस्त होकर, इनके विरोध में 2019 में भाजपा को 8 प्रतिशत और 2022 के विस चुनाव में भाजपा को 6 प्रतिशत वोट दिया और आने वाले वक्त में यह प्रतिशत और बढ़ता। उसी पसमांदा समाज ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री, आयोगों, निगमों और संगठन आदि में आबादी के अनुपात में ना सही, लेकिन कुछ हिस्सेदारी पाकर भी औसत 1 प्रतिशत वोट देना ठीक नहीं समझा। यह बेहद गम्भीर विषय है, जिस पर बड़ी चर्चा व निर्णय जरूरी हो जाते हैं।

पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या यह भाजपा द्वारा पसमांदा के बीच सालों से काम कर रहे असरदार सामाजिक संगठनों, प्रभावी नेताओं की उपेक्षा और बगैर उनके सलाह, मशविरे के पसमांदा समाज पर, पसमांदा के नाम पर जबरन थोपे गए जनाधार विहीन नेताओं और पसमांदा के नए नवेले कुछ सामाजिक संगठनों के बड़बोले, ठेकेदार नेताओं से, उसकी नाराजगी का नतीजा था। क्या भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को, पसमांदा मुसलमानों की 2019, 2022 की अपेक्षा 2024 के लोकसभा चुनाव में, भाजपा से बढ़ी इनकी दूरी के कारणों और अपने पसमांदा नेताओं की बड़ी विफलता पर गहन चिंतन, मनन नहीं करना चाहिए। तो जवाब हां में है। भाजपा संगठन को इस अहम विषय पर विचार करने के साथ ही व्यापक समीक्षा करनी होगी, क्योंकि अभी वक्त है और बहुत कुछ सुधार किया जा सकता है।

चोरों की तलाश में पुलिस ने पूरे घर को खंगाला

फतेहपुर, बाराबंकी: अमृत विचार। नगर के मोहल्ला पचघरा में गुरुवार देर रात खाली पड़े एक घर मे चोरों के मौजूद होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। छत के रास्ते भीतर घुसी पुलिस ने चोरों की तलाश में पूरे घर को खंगाल डाला। लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला। पचघरा निवासी अनिल मिश्र गुरुवार सुबह पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने बहराइच गए थे। घर मे ताला लगा था। अनिल ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे उन्होंने अपने मोबाइल फोन से सीसीटीवी सिस्टम चेक किया तो उन्हें घर का एक दरवाजा खुला नजर आया। आशंकित होकर उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी।

कार्यालय ग्राम पंचायत भवनियापुर विकास खण्ड बनीकोडर-बाराबंकी

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2024-25 दिनांक- 12/06/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवनियापुर विकासखंड बनीकोडर बाराबंकी में निविदा वर्ष 2024-25 में मनरेगा /पंचम / आई .सी .डी . एस. योजना से निम्न निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

क्रमांक 1 – ग्राम पंचायत भवनियापुर के प्राथमिक विद्यालय भवनियापुर के परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य

स्वीकृत लागत : 9.89लाख

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सीमेंट , पाईप,मौरंग, बालू, लोकल बालू तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 13/07/2024 को खुलेगा।

नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।

(1). प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।

(2). सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।

(3). सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।

(4). जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

कमल किशोर यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- भवनियापुर
विकास खण्ड बनीकोडर, बाराबंकी

वीरेंद्र कुमार
सचिव,
ग्राम पंचायत- भवनियापुर
विकास खण्ड बनीकोडर, बाराबंकी

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

सीजेआई धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या। अमृत विचार : भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ शुक्रवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जिला जज गौरव श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। जहां पुजारी हेमंत दास ने उनका स्वागत किया। उसके बाद राम मंदिर पहुंचे। जहां ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने रामलला के दर्शन किये। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत राम कथा पार्क हेलीपैड स्थल से लखनऊ के लिए रवाना हुए।

स्टेट बैंक कॉलोनी में किया गया पौधरोपण

अयोध्या। अमृत विचार : नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार व सहायक नगर आयुक्त सौरभ नाथ के साथ स्टेट बैंक कॉलोनी में स्थित पार्क में पौधारोपण किया। अभियान के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत 20 पार्कों में पौधरोपण किये जाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

डिजिटल सर्वेयर की पिटाई

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के अब्बुसराय निवासी संजीत मिश्र ने मारपीट, हमला और गाली-गलौच की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मुगीशपुर के मूल निवासी संजीत ने आरोप लगाया है कि वह अपनी डिजिटल सर्वेयर टीम के साथ बुधवार को मऊयदुवंशपुर में सर्वे कराने गए थे। इसी बात से नाराज होकर मऊयदुवंशपुर निवासी हर्ष, छंगू, आदर्श, अनिमेष व अतुल तथा महराजगंज थाना क्षेत्र के देवगढ़ निवासी सुनील अब्बुसराय स्थित आवास के सामने पहुंचे और मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी संजय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

नाव पर बाइक लादकर रास्ता पार करते ग्रामीण। अमृत विचार

बाढ़ के पानी से घिरा गांव दत्त नगर मांझा। अमृत विचार

खतरे के निशान से 10 सेमी ऊपर सरयू, घट रहा जलस्तर

प्रभावित इलाकों में सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ित हो रहे लोग, हरे चारे की समस्या गहराई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सरयू नदी का जलस्तर शुक्रवार को खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर था। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जलस्तर कम होना शुरू हो गया है। वर्तमान में जलस्तर 92.830 सेमी पहुंच गया है। प्रति घंटे एक सेमी घट रहा है। आयोग के अवर अभियंता अमन चौधरी ने बताया कि जल्द जलस्तर खतरे के निशान से नीचे पहुंच जाएगा।

उधर, बाढ़ प्रभावित गांवों में दुश्वारियां बढ़ती ही जा रही हैं। जलस्तर घटने के बाद सर्दी, जुकाम, बुखार आदि बीमारियों से लोग पीड़ित हो रहे हैं। पशुओं के हरे चारे की समस्या गहरा गई है। अफसरों के निर्देश के बावजूद पशु चिकित्सक प्रभावित इलाकों में पहुंच नहीं रहे हैं। वहीं शुक्रवार को पूराबाजार में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने प्रभावितों का हाल जाना।

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ राहत केंद्र राजा दशरथ समाधि स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं जानकर उसका निराकरण कर रहा हूं। बाढ़ पीड़ितों ने मांग करते हुए कहा कि मूडाडीहा से दिलासीगंज तक तटबंध बनाकर बार-बार से हो रही परेशानियों से निजात दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि कछार के गांव में सरकारी भूमि पर बाढ़ पीड़ितों को आवासीय पट्टा देकर उन्हें बसाने की व्यवस्था की जाएगी। अच्छे लाल निषाद, संतोष निषाद, राजा दशरथ समाज स्थल के महंत दिलीप दास आदि मौजूद रहे।

पूराबाजार में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने जाना प्रभावितों का हाल

बाढ़ प्रभावित गांव मूडाडीह माझा का निरीक्षण करते जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

बलुइया माझा में जल भराव की चपेट में हरा चारा।

50 परिवार कीचड़ के बीच कर रहे गुजारा

सोहावल, अयोध्या : जलस्तर घटने के बाद भी तहसील क्षेत्र में संवेदनशील मांझा कला और ढेमवा घाट पुल के आसपास के लोगों की परेशानियों में कमी नहीं आई। ढेमवा पुल के रास्ते चल रहे दो निजी स्टीमर से लोग आवागमन करते रहे। दत्त नगर, बहादुर पुर मांझा में बसे 50 परिवार अभी भी पानी से घिरे और कीचड़ के बीच जीवन यापन कर रहे हैं। इनके पशुओं का चारा निजी छोटी-छोटी नाव से पहुंच रहा है। ढेमवा-नबाबगंज गोंडा मार्ग पर आने जाने वालों से 50 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से वसूली बदस्तूर जारी है। घाट के किनारे मौजूद दत्तनगर निवासी श्रीचंद यादव, राम समुझ, कृपाराम यादव कहते हैं कि करीब आधा दर्जन परिवार के लोगों ने इस पार आकर शरण ली है। हम लोगों को गोंडा निवासी होने के कारण कोई मदद नहीं मिलती। उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने कहा कि प्रशासन की नजर पूरे बाढ़ क्षेत्र पर है। रात-दिन निगरानी हो रही है। किसी भी क्षेत्र से चिंता की कोई बात सामने अब तक नहीं आई है। पीड़ित परिवारों की राहत सामग्री तैयार की जा रही है।

बाढ़ चौकी पर नहीं हैं स्वास्थ्य कर्मी

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : गांव कैथी माझा, पटरंगा, माझा मरौचा के आसपास जलस्तर घट गया है, लेकिन अभी आवागमन के रास्तों पर पानी है। ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कैथी गांव के ही राम सुमेरी ने बताया कि गांव में जुखाम, बुखार, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बाढ़ चौकी पर लगाए गए चिकित्सक, स्वस्थ्य विभाग के कर्मी नहीं रहते हैं। गांव वालों को इलाज के लिए बंधे पर आकर शुजागंज जाना पड़ रहा। पशुओं के खुरपका इलाज का अभी तक कोई प्रबंध नहीं है। पशु चिकित्सा विभाग के कर्मियों की एडीएम से शिकायत के बाद भी गांव में कर्मी नही पहुंचे। गांव के ही ध्रुव कुमार ने बताया कि गांव के आस पास और खेतों में पानी आ जाने से जानवरों के चारे की समस्या पैदा हो गई है। राजस्व निरीक्षक अनिल यादव ने बताया कि सामान्य आवागमन की स्थित नहीं बहाल हो सकी है। अभी चारे की समस्या नहीं हैं।

पीने का पानी भी हो गया दूषित

पूरा बाजार, अयोध्या : बाढ़ प्रभावित गांव मूडाडीहा माझा उरदहवा, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, सलेमपुर, मडना माझा, बलुइया माझा, रामपुर पुआरी माझा, सेवरहवा, गिलन्ट, काजीपुर माझा में बाढ़ का पानी घटने लगा है। जल भराव के कारण जानवरों के चारे का संकट खड़ा हो गया। पीने का पानी दूषित हो गया है, जिसके लोग जुखाम-बुखार से पीड़ित हैं। मड़ना के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने बताया कि बाढ़ राहत चौकी पर कौन जिम्मेदार बैठता है इसकी जानकारी भी नहीं है। काजीपुर माझा धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि पानी तो घटने लगा है लेकिन अब कटान शुरू हो गई है। सीएससी अधीक्षक पूरा बाजार डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि बाढ़ प्रभावित गांव पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, सलेमपुर, मुडाडीहा, मडना माझा, स्वास्थ्य विभाग की टीम दवाओं का वितरण कर रही है।

श्रावण माह में रंग महल मंदिर में झूलानोत्सव का होगा उल्लास

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रावण माह के प्रारंभ होने के साथ रामजन्मभूमि के निकट स्थित रंगमहल और सद्गुरु सदन में झूलनोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। यहां होने वाले आयोजनों में शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। इसको लेकर मठ मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है।

श्रावण माह के प्रारंभ होते ही मंदिर गर्भगृह में झांकियों के बीच भगवान को झूले पर सवार कर पूरे माह झूला झुलाया जाता है। प्रतिदिन भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। शाम होने के साथ मंदिरों के उत्सव में निखार आने लगता है। जिसमें देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। मंदिर के महंत राम शरण दास ने बताया कि रंग महल में माता जानकी की उपासना होती है। इसलिए श्रावण के शुरुआत के साथ झूलनोत्सव के आयोजन की परम्परा है। अयोध्या में अधिकतर मंदिरों में यह झूलनोत्सव मणि पर्वत पर भगवान को झुला झुलाने से शुरू किया जाता है जो कि सावन शुक्ल पक्ष के साथ शुरू होता है। मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी गई है।

रंग महल मंदिर में झूलनोत्सव (फाइल फोटो)

स्कूल बस की टक्कर से युवक की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायत नगर थाने से चंद कदम दूरी स्थित छत्ता के पूरवा के पास विपरीत दिशा से आ रही सनबीम स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार उमंग दुबे (20) पुत्र विजय शंकर दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन घायल युवक को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इनायतनगर इंस्पेक्टर अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि युवक के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। युवक के पिता रोजी रोजगार के चक्कर में दिल्ली में रहते हैं।



उमंग दूबे (फाइल फोटो)

दिल्ली एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त स्लीपर कोच

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सहालग के सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे प्रबंधन ने दिल्ली एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है। इससे दिल्ली जाने और दिल्ली से आने वाले यात्रियों को आरक्षित श्रेणी का टिकट हासिल हो सकेगा।

अयोध्या कैंट जंक्शन से रोजाना शाम 5.25 बजे दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन रवाना होती है।जो दरियाबाद,,बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद रेलवे स्टेशनों पर रुकते हुए दूसरे दिन भोर 4.20 बजे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुँचती है। इस एक्सप्रेस ट्रेन का रात्रिकालीन संचालन होने के चलते जिले और आसपास के कारोबारी सोते हुए अगले दिन सुबह दिल्ली पहुँच जाते हैं और दिन भर अपना काम निपटा शाम को फिर इसी ट्रेन से वापसी करते हैं। कारोबारियों की पहली पसंद होने के चलते इस एक्सप्रेस ट्रेन में आरक्षित सीट को लेकर मारामारी रहती है। इधर सहालग का सीजन भी शुरू हो गया है, जिससे यात्रियों में आरक्षित बर्थ की डिमांड बढ़ गई है। इसी डिमांड को पूरा करने के लिए रेलवे ने एक्सप्रेस ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि ट्रेन संख्या 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस में 15 जुलाई से 21 जुलाई के बीच तथा ट्रेन संख्या 14206 दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में 14 जुलाई से 20 जुलाई के बीच एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाकर चलाया जाएगा।

दो के खिलाफ गैंगेस्टर की रिपोर्ट, एक गिरफ्तार

अयोध्या। कैंट थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा में रुदौली क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख के आवास पर हमला और फायरिंग के आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रकरण में नगर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि आरोपियों रुदौली कोतवाली क्षेत्र के अमहटा निवासी भीम सिंह और कैंट थाना क्षेत्र के अब्बुसराय निवासी सिम्पल सिंह के खिलाफ कैंट और खंडासा थाने और रुदौली कोतवाली में दर्ज मामलों के विचारण में यह बात प्रकाश में आई कि भीम सिंह ने अपना एक संगठित गिरोह बना रखा है। जिसके चलते गैंग चार्ट बनवा जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन कराया गया तथा दोनों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार ने बताया कि गिरोहबंद अधिनियम में नामजद सिम्पल सिंह को पोस्टमार्टम हाउस के निकट भाजपा कार्यालय तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल करवा पुलिस ने आरोपी का चालान किया है।

सार-संक्षेप

छत्तीसगढ़ के सीएम आज आएंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने मंत्रिमंडल के साथ शनिवार को अयोध्या पहुंचेंगे। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार वह अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन करेंगे। सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कैबिनेट का जनप्रतिनिधि स्वागत करेंगे।

सेफ सिटी के तहत 1324 कैमरे इंटीग्रेट

अयोध्या। अमृत विचार : नगर क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत सेफ सिटी के अन्तर्गत 1324 कैमरों का इन्टीग्रेशन किया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग 7000 कैमरों को लूप में किये जाने की कार्रवाई की गयी है। ये जानकारी शुक्रवार को नगर आयुक्त ने दी। वो जलकल स्थित आईटीएमएस कक्ष का निरीक्षण कर करने के बाद चौराहों पर लगे कैमरों-सिग्नल की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी ले रहे थे। इसके अतिरिक्त सेफ सिटी के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में नियंत्रण कक्ष के इन्टीग्रेशन किये गए कैमरों के संबंध में उपस्थित संस्था के प्रतिनिधि से जानकारी ली।

रथ में सवार प्रभु जगन्नाथ बहुडा यात्रा में देंगे दिव्य दर्शन

इस्कॉन मंदिर में विराजमान प्रभु जगन्नाथ। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में गत वर्षों से इस्कॉन द्वारा आयोजित की जाने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा इस बार भी पूरे हर्षोल्लास से और भव्यता से 14 जुलाई को निकाली जाएगी। इसकी तैयारी में भक्तगण व कारीगर अपनी-अपनी तरह से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस्कॉन अयोध्या के सह प्रभारी और प्रवक्ता देवशेखर विष्णु दास प्रभुजी ने अवगत कराया कि प्रभु जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा और सुदर्शन जी के साथ बहुडा यात्रा में गुंडिचा मंदिर से श्रीमंदिर वापस जाते हैं। इसी तरह इस बार अयोध्या धाम के इतिहास में पहली बार बहुडा यात्रा अपने पारंपरिक तरह से मनाई जाएगी और भगवान जगन्नाथ सपरिवार इस्कान मंदिर से रथ में चलकर राम जन्मभूमि के निकट में स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में जनता को दर्शन देते वापस जाएंगे।

जन्मदिन पार्टी में हुई मारपीट

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली के हैबतपुर अरगड़ा में आयोजित जन्मदिन पार्टी में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। हैबतपुर निवासी मो. आशिफ का कहना है कि वह अपने दोस्त अजहर की जन्मदिन पार्टी कर रहा था। इसी दौरान नशे में रिजवान व सुफियान पहुंचे तथा गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर वैदुल्लाह, वसीउल्लाह व काशिफ के साथ मिलकर हमला बोल दिया और मारपीटकर बेहोश कर दिया। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि जाँच कराई जा रही है।

रुदौली बार एसोसिएशन को नए कानून की पुस्तकें भेंट की

नए कानून की पुस्तकों के साथ अधिवक्ता। अमृत विचार

रुदौली, अयोध्या। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष, सदस्य जयनारायण पांडेय ने बार एसोसिएशन रुदौली को दंड विधि संहिता और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की 10-10 प्रतियां शुक्रवार को प्रदान की। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जय नारायण पांडे ने कहा कि नए कानून की पुस्तकों का लाइब्रेरी में अध्ययन कर अधिवक्ता हुए बदलाव का दैनिक कार्यों में उपयोग कर सकेंगे। बार अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी ने कहा की बार काउंसिल के सह अध्यक्ष की पहल से अधिवक्ता की कार्य क्षमता बढ़ेगी। बार एसोसिएशन के महामंत्री रविन्द्र तिवारी, धनीराम यादव, रामभोला तिवारी, कुलभूषण यादव, प्रमोद, नरेन्द्र, गया शंकर, अब्दुल ने भी विचार व्यक्त किये।

हालात कुमारगंज में दो मौतें, और कितना दर्द झेलेंगे अयोध्यावासी, कार्रवाई के नाम पर हो रही महज खानापूर्ति

झोलाछाप से नहीं स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम से हो रहीं मौतें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में गली-गली कुकुरमुत्ते की तरह खुले अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। धड़ाधड़ क्लीनिक व अस्पताल खुल रहे हैं। इलाज चल रहा है। घटना के बाद ही स्वास्थ्य विभाग को पता चलता है कि अस्पताल व क्लीनिक अवैध है। इलाज करने वाला झोलाछाप है। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र को उनके बारे में जानकारी नहीं है, लेकिन सेटिंग-गेटिंग के चलते सब संभव हो जाता है। कुमारगंज में हाल ही में हुए दोनों हादसे इसी बात की तस्दीक करते हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय जैन ने जिले में झोलाछापों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है। उसके बाद से सभी सीएचसी अधीक्षक रोज जांच कर रहे हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पहुंचने से पहले से झोलाछापों को कार्रवाई की जानकारी हो जाती है और वे क्लीनिक बंद कर भाग जाते हैं।

दोनों ही मामलों में घटना के बाद झोलाछाप की हुई जानकारी

केस-1 21 जून को कुमारगंज बाजार स्थित अली हॉस्पिटल में सुधा नाम की गर्भवती महिला का कथित चिकित्सक ने ऑपरेशन किया था। जिसके बाद नवजात की मौत हो गई थी। मामले में 20 दिन बाद अस्पताल संचालक पर एफआईआर कराई गई थी।

केस-2 10 जुलाई को खंडासा थाना क्षेत्र के पूरे काली पासी भखौली गांव निवासी धनंजय ने अपने छह वर्षीय भतीजे का इलाजशिवांशु का इलाज बहादुरगंज चौराहे पर स्थित झोलाछाप से कराया था। बताया जा रहा है कि बच्चे ने घर पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया था।

छोलाछाप पर सीएमओ से सीधी बात

डॉ. संजय जैन, सीएमओ

- **सीएचसी अधीक्षक अपने क्षेत्र के झोलाछापों पर कार्रवाई क्यों नहीं करते?**
- सभी ब्लॉकों में निर्देश दिया गया है। झोलाछापों को चिह्नित कर रिपोर्ट भेजें।
- **यह आदेश तो आपने पहले ही दिया था। अब तक कितने झोलाछापों के नाम सामने आए?**
- देखिए हर एक ब्लॉक से लगभग 20 झोलाछापों के नाम आए हैं। टीम रोजाना चेकिंग पर निकल रही है, लेकिन झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग जाते हैं?
- **क्लीनिक बंद कर भाग रहे हैं। इसका मतलब उनमें कुछ खामियां हैं? कार्रवाई क्यों नहीं?**
- बिल्कुल उनके अंदर खामियां है। इसीलिए अब मैंने आदेश दिया है कि क्षेत्र के एसडीएम का सहयोग लीजिए। जरूरत पड़ने पर पुलिस को साथ लेकर जाइये और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कराइये।
- **झोलाछापों पर आगे क्या कार्रवाई होगी?**
- अब झोलाछापों के खिलाफ सीधा केस दर्ज कराया जाएगा। कोई रियायत नहीं की जाएगी।

गंभीर अवस्था में शिवांशु को पहुंचाया गया था निजी अस्पताल

फॉलोअप

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से छह वर्षीय बालक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। सीएचसी अधीक्षक खंडासा डॉ. आकाश मोहन की जांच में सामने आया है कि बच्चे का इलाज कुमारगंज के वंश हॉस्पिटल में हुआ था। वहां हालत में सुधार न होता देख छह वर्षीय शिवांशु को रेफर कर दिया गया था। रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। हालांकि झोलाछाप का क्लीनिक सील करते हुए केस दर्ज कराया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को वह बहादुरगंज स्थित झोलाछाप के क्लीनिक पर जांच करने पहुंचे थे। दुकान बंद मिली। उनके घर की महिलाओं ने बताया कि खंडासा थाने पर बुलाया गया है, वहीं गए हैं। इसके बाद वह वंश हॉस्पिटल में गए और वहां से परिवार जनों के आने की जानकारी ली। वहां जांच के बाद पीड़ित बच्चे के घर जाकर परिजनों से भी बातचीत की। खंडासा थाना क्षेत्र के पूरे काली पासी भखौली गांव निवासी धनंजय पुत्र छबिलाल ने आरोप लगाया था उसके छह वर्षीय भतीजे शिवांशु पुत्र राजकुमार बुखार से पीड़ित था। 10 जुलाई को उसे लेकर वह भखौली चौराहे पर स्थित झोलाछाप ने इंजेक्शन लगाया और कुछ दवाई देकर घर भेज दिया। घर पहुंचने के बाद रात में बच्चे का शरीर अकड़ गया और उसकी मौत हो गई। खंडासा थाना अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि मामले में अभी एफआईआर नहीं दर्ज हुई है। जांच की जा रही है।

झोलाछाप के खिलाफ सीएचसी अधीक्षक दर्ज कराएंगे केस

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्चान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं ग्राश्च स्त्रियो रक्ष्या: कुचैलत:॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है, घोड़े की रक्षा उसे लोट-पोट कराते रहने से होती है, सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

संपादकीय

ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलत: जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा, लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए, लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं, बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है, क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैं: तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

प्रसंगवश

बुद्ध और युद्ध का गले मिलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नहीं'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जाने जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही, वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले, बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया, जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है, बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं, तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन

डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।

स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है, लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है, जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं, जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे, स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले, 'टिशू कल्चर्स' होते हैं, जो 'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है, जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है, बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है, जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

सोशल फोरम

बढ़ता दिखावा

अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमतकृत न हो तब तक फायदा क्या।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी, लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं, उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा "लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।

इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निठ्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं, लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति -पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए, जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।

जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था, लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी, जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है, जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं, जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा, बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

एक नजर

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त विनोद गुप्ता (35) निवासी नसरतपुर और हसनैन (50) निवासी मटेरवा को तिलोई बस स्टॉप से गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

तीन अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अमेठी। थाना मुंशीगंज पुलिस ने मुखबिर मुखबिर की सूचना पर तीन अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों अरविन्द कुमार गुप्ता (26) निवासी ग्राम टीकरमाफी मानापट्टी साकर थाना संग्रामपुर, अमरनाथ तिवारी (48) निवासी ग्राम खनियापुर थाना कौड़हौर जनपद प्रतापगढ़ और राकेश तिवारी (52) निवासी ग्राम गौडे थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को गुरुवार की रात गिरफ्तार किया।

पॉक्सो एक्ट में वांछित पांच अभियुक्त किए गिरफ्तार

अमेठी। जगदीशपुर कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को क्षेत्र के अंतर्गत देवकली चौराहे के समीप पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर वहां मौजूद अभियुक्त मोहम्मद साहिल (19) निवासी ग्राम पूरे सरफराज मजरे देवकली को गिरफ्तार किया गया। वहीं बाजारशुकुल थाना पुलिस ने एससी एसटी एवं पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त जुनैद अहमद (32) निवासी महोना पश्चिम, आकाश कुमार (24) निवासी महोना पश्चिम, अब्दुल मावूद (22) निवासी ग्राम पूरे बहवल मजरे महोना पश्चिम, रविन्द्र कुमार (20) निवासी ग्राम गंज गढ़ौली मजरे महोना पश्चिम थाना बाजारशुक्ल को गिरफ्तार किया।

आनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में डिजिटाइजेशन व्यवस्था और आनलाइन उपस्थिति के विरोध में शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ/पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन के पहले शिक्षक मोर्चा के बैनर तले सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। हमारी मांगों को पूरा करो, आनलाइन उपस्थिति हमसे लो.... नारे के साथ ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन, अटेवा, अनुदेशक एसोसिएशन और महिला शिक्षक संघ सहित अन्य सभी संगठन शामिल हुए। कलेक्ट्रेट में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन पढ़कर सुनाया। जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने अब तक की सभी लड़ाइयां संघर्ष के बल पर जीती हैं।एक जुटता बनाए रखें और अधिकारियों के भ्रमजाल से सावधान रहें। हमारे साथी आनलाइन उपस्थिति देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, बशर्ते सरकार हमारी मांगों को स्वीकार करें।

ऑनलाइन हाजिरी की विरोध में रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक दादा सुरेन्द्र बहादुर सिंह, चंद्रहास सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, मीरा गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवी शरण कनौजिया, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री श्री राम सोनी, वसीम अहमद, सुशील यादव, श्याम यादव, रामबख्श मौर्य, गुरुचरण, कपिलेश यादव,मो तहसीन, डा हृदय प्रकाश सिंह, अवधेश मिश्रा, यदुनाथ यादव,, रमाशंकर यादव, अर्चना सिंह,अटेवा के जिला महामंत्री अजय कुमार मौर्य, इन्द्र पाल गौतम, पवन कुमार गौतम, जामवंत मौर्य, सतीश कुमार शर्मा, दिनेश यादव, रामहर्ष, राम सुमिरन चक्रवर्ती, विजय प्रताप यादव, संध्या गुप्ता, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता, लीलावती, मंजूलता, सीमा, विनोद सोनी, ऊषा सिंह, पुष्पा वर्मा, ओमेंद्र सिंह, शैलेन्द्र आनंद, अली हुसैन, मो असगर, रामचंद्र, संतोष कुमार यादव, हरिचरण, अभिमन्यु यादव, बैजनाथ त्रिपाठी, रविकांत श्रीवास्तव, आशीष कुमार मौर्य, आलोक वर्मा, अनिल कुमार, सोम प्रकाश, सुनील कुमार, अंजू कनौजिया, मोहन लाल कनौजिया, अनुराधा, कीर्ति मिश्र, अमरावती, अनुपमा सिंह, ऊषा देवी,पद्मावती, मालती, जगमोहन सिंह, राकेश मिश्रा, प्रमोद सोनी, पुनीत मिश्र, इश्तियाक अहमद अनुभा सिंह, कंचन लता, अमृता, रश्मि, शशि कुमारी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस आज लगाएगी 17000 पौधे

अमेठी, अमृत विचार। राजीव गांधी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता संसदीय क्षेत्र के सभी 17 विकास खंडों में 17000 पौधे लगायेंगे। संसदीय क्षेत्र के सभी 1923 बूथों पर सुबह 9.30 बजे एक साथ पौधरोपण किया जाएगा। शुक्रवार को जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मार्गदर्शन में सभी विधानसभा प्रभारियों ने पौधारोपण की तैयारी कराई। कार्यकर्ताओं के साथ सांसद किशोरी लाल शर्मा भी पौधारोपण करेंगे। किशोरी लाल शर्मा ने सभी कांग्रेसियों को एक एक पौध लगाने के साथ कम से कम तीन साल तक उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेने की अपील की है। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल सिंह ने बताया कि तैयारी पूरी हो गई हैं।

कीचड़युक्त रास्ते का नहीं हो रहा पक्का निर्माण

हर जगह गुहार लगाने के बाद भी कहीं सुनवाई न होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। कीचड़ युक्त कच्चे रास्ते से बारिश के मौसम में ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। मार्ग पर इंटरलॉकिंग निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को बक्शी पांडे का पुरवा मजरे भावलपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, सचिव व उच्च अधिकारियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई सालों से कीचड़ युक्त रास्ते पर खड़ंजा व इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए ग्राम प्रधान और अधिकारियों से निवेदन किया जा रहा है, लेकिन अभी तक कीचड़ युक्त रास्ते से निदान नहीं मिल पाया है।

कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरते ग्रामीण। अमृत विचार

पूरा मामला संग्रामपुर विकासखंड के बक्शी पांडे का पुरवा मजरे भावलपुर का है। जहां निवासी दर्जनों ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को कीचड़ युक्त रास्ते पर इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए शिकायत से थक-हार कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण राममोहन शुक्ला ने बताया कि पिछले करीब 5 सालों से इस कच्चे रास्ते पर इंटरलॉकिंग निर्माण कराए जाने की मांग समाधान दिवस से लेकर संग्रामपुर बीडीओ, ग्राम प्रधान व सचिव को लिखित शिकायती पत्र देकर की जाती रही है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है करीब 500 की आबादी का इस रास्ते से आवागमन है बरसात होने के बाद रास्ता पूरी तरह से कीचड़ युक्त होकर खराब हो जाता है चार पहिया और दो पहिया वाहन नही आ जा पाते हैं कीचड़ अधिक होने से इमरजेंसी सुविधाओं में 112 पीआरबी व एंबुलेंस भी गांव नहीं आ पाती है कई बार संग्रामपुर ब्लॉक पर बीडीओ को शिकायती पत्र देकर कच्चे मार्ग पर इंटरलॉकिंग कराए जाने की मांग की जा चुकी हैं। लेकिन समस्या जस का तस बना हुआ है। वहीं संग्रामपुर खण्ड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या संज्ञान में आया है। कीचड़ युक्त रास्ते को जल्द से जल्द सही कराया जाएगा।

अमेठी प्रतिभा खोज व ज्ञान कुम्भ कार्यक्रम की तैयारी

संवाददाता, भादर अमेठी

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के बीच प्रतिभा पहचान, प्रोत्साहन एवं समर्थन, सर्वांगीण विकास, विद्यालय में नियमित उपस्थिति और आत्मविश्वास में वृद्धि को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 432 प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालयों और 13 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में अमेठी प्रतिभा खोज और ज्ञान कुम्भ कार्यक्रम आयोजित कराएगा। सभी कार्यक्रम न्याय पंचायत स्तर से जिला स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। न्याय पंचायत स्तर पर कविता, भाषण, गायन, नृत्य, निबंध लेखन और पेंटिंग की प्रतियोगिताएं 20 जुलाई को, ब्लॉक स्तर पर 30 को, तहसील स्तर पर 5 अगस्त को और जिला स्तर पर 12 अगस्त को आयोजित कराई जाएंगी। बीईओ शिवकुमार यादव ने बताया कि अमेठी प्रतिभा खोज कार्यक्रम के साथ 25जुलाई से 3सितम्बर तक ज्ञान कुम्भ आयोजित किया जाएगा इसके अंतर्गत क्विज जस्ट ए मिनट, निबंध लेखन, वाद-विवाद, पेंटिंग व अन्य गतिविधियां कराई जाएंगी। अच्छा प्रदर्शन और प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं और विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा।

मनुस्मृति पढ़ाने का किया विरोध

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है। बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर ट्विटर पर बयान आने के बाद बसपा के सभी सेक्टर प्रभारियों ने धर्म निरपेक्ष और मानवतावादी संविधान के विरुद्ध इस तरह के प्रस्ताव की तीखी आलोचना की है।शुक्रवार को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बसपा सुप्रीमो के एक्स पर दिए गए बयान को पार्टी पदाधिकारियों को शेयर करते हुए प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है।बसपा के सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मर्यादा तथा इसके समतामूलक एवं कल्याणकारी उद्देश्यों के विरुद्ध जाकर दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक तथा इस प्रस्ताव को रद्द किए जाने का फैसला स्वागत योग्य कदम।बसपा के सेक्टर प्रभारी राजकुमार गौतम ने कहा कि परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने ख़ासकर उपेक्षितों व महिलाओं के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही मानवतावाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मूल में रखकर सर्व स्वीकार भारतीय संविधान की संरचना की, जो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है। अतः ऐसा कोई प्रयास कतई उचित नहीं। बसपा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, विधानसभा प्रभारी रामदेव पासी, रामकरन,राम केवल सरोज, जिला कमेटी सदस्य विक्रम प्रसाद, अरुण कुमार, संतराम कुरील आदि ने भी प्रस्ताव का विरोध किया।

अधिकारियों ने किया सीएचसी का निरीक्षण

अमेठी, अमृत विचार। शुक्रवार की शाम डिप्टी सीएमओ तथा उपजिलाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के अल्ट्रासाउंड तथा अमेठी अल्ट्रासाउंड का औचक निरीक्षण किया डिप्टी सीएमओ राम प्रसाद तथा उप जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के अल्ट्रासाउंड कच्छ पर पहुंचे सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आलोक तिवारी से आवश्यक जानकारियां लिया तथा उन्हें दिशा निर्देश दिए मशीन को काफी निक्सन किया का भी निरीक्षण किया इसके बाद अमेठी अल्ट्रासाउंड जब पहुंचे तब वहां हड़कंप मच गया अल्ट्रासाउंड के मालिक ने डिप्टी सीएमओ को जानकारी दिया उप जिलाधिकारी तथा डिप्टी सीएमओ ने इस निरीक्षण के विषय में कुछ भी बताने से इनकार किया।

निमंत्रण में विवाद को लेकर हुई थी पूर्व फौजी से मारपीट

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। मुंशीगंज इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास गुरुवार शाम हुई मारपीट के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ सामने आया है। आरोपी ने रिटायर्ड फौजी पर शराब के नशे में लोगों के बीच में मां बहन की गाली के कारण मारपीट का मामला बताया है। आरोपी का अमेठी पुलिस से न्याय की गुहार लगाने का वीडियो भी सामने आया है।

गुरुवार को मुंशीगंज इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर एक रिटायर्ड फौजी के साथ दो व्यक्तियों द्वारा मारपीट की घटना का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो वायरल होते ही मामले ने तूल पकड़ लिया और अमेठी एसपी के निर्देश पर मुंशीगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई थी। शुक्रवार को घटना में मौजूद एक आरोपी पंकज मिश्रा का एक वीडियो सामने आया है जिसमे घटना की हकीकत बया करते हुए आरोपी ने अमेठी पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। युवक पंकज मिश्रा के अनुसार रिटायर्ड फौजी द्वारा शराब के नशे में बगल के गांव में निमंत्रण के दौरान गाली गलौज करने, पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने के लिए जाने पर वहां पहले से मौजूद फौजी द्वारा दोबारा गाली देने के घटना को लेकर मारपीट का मामला बताया गया। पीड़ित आरोपी द्वारा बताया गया कि रिटायर्ड फौजी हत्या के मामले में हाल ही में जेल से रिहा होकर वापस आया है जबकि अभी तक उसके खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज हैं।

अधीक्षक ने जागरूकता रैली को किया रवाना

जगदीशपुर, अमेठी। विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवारा के अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विकास खण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर पर आयोजित जागरूकता रैली को सफल बनाने के लिए केन्द्र अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी ने सारथी वाहन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। सारथी वाहन के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मी सहयोगी बनकर लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी देंगे। साथ ही महिला-पुरुष नसबंदी, बीमारियो से बचाव, नवजात शिशुओं के टीकाकरण आदि के बारे में सलाह देने का भी काम करेंगे।

सार-संक्षेप

रोजगार मेले में मौजूद अधिकारी व अभ्यर्थी। अमृत विचार

रोजगार मेले में 90 अभ्यर्थियों का चयन

अमेठी, अमृत विचार। राजकीय आईटीआई तिलोई में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को संबोधित किया। रोजगार संगम पोर्टल पर बच्चो के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तथा करियर संबंधित जानकारी प्रदान की। मेले में कुल 06 प्लेसमेंट कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न पदों के लिए 90 अभ्यर्थियों का चयन किया। मेले में कुल 182 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया। पुखराज हेल्थकेयर कंपनी ने 30, वर्धमान कंपनी ने 17, चेकमेट सिक्योरिटी कंपनी में 10, गुडविल कंपनी ने 15, स्टार ग्रुप कंपनी ने 05, एस डी वोल्टड कंपनी ने 13 बच्चो का चयन किया। रोजगार मेले में बाबू महिपति सिंह महाविद्यालय के एमडी डॉ राघवेंद्र प्रताप कुशवाहा एवं आईटीआई कार्यदेशक संजय श्रीवास्तव द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडे, अजय कुमार तथा आईटीआई के समस्त कर्मचारियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया।

हृदय रोगी निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

अमेठी, अमृत विचार। मुंशीगंज कस्बा स्थित संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोग से संबंधित आयोजित नि :शुल्क शिविर में 108 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। सभी लोगों का जांच परीक्षण किया। परीक्षण के बाद सभी को निर्धारित समय व तिथि पर उपचार के लिए बुलाया गया। हृदय रोग के चिकित्सक डा दीपक कुमार के नेतृत्व मरीजों का ईसीजी ईसीएचओ एक्स रे एंजियोग्राफी आदि की जांच की गई। डा दीपक कुमार ने बताया कि कैम्प में आए हुए सभी मरीजों की जांच कराई गई। सभी को निर्धारित तिथि पर बुलाया गया है। उन्होंने बताया की अवधेश नारायन सहित एक दर्जन से अधिक मरीजों का उपचार भी किया गया।

युवाओं को उद्यमी बनने का मौका दे रहा विभाग

बस्ती, अमृत विचार। खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग युवाओं को उद्यमी बनने का मौका दे रहे हैं। विभाग मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत युवाओं को उद्यमी बनने का मौका दे रहा है। विभाग के अनुसार, जिले में 50 लाख पूंजी निवेश के लिए 10 इकाईयों का लक्ष्य मिला है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी महकमें योजनाएं चला रहे हैं। योजनाओं में लाभ लेने वाले युवाओं को सरकार आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। जिला ग्रामो द्योग अधिकारी पीएन सिंह ने बताया कि ग्रामीण इलाकों के शिक्षित, बेरोजगार युवा व प्रवासी श्रमिक जो खुद का उद्यम स्थापित करना चाहते हैं उन्हें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए उन्हें 15 जुलाई से तक mmgry के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की हार्ड कॉपी विकास भवन स्थित ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करानी होगी। बताया कि योजना का उद्देश्य युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना करते हुए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शव बरामद, दो दिन पहले पानी में डूबा था

मुसाफिरखाना ,अमेठी। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र के गाजनपुर दुवरिया गांव के निकट गोमती नदी में डूबने से युवक की मौत हो गयी सूचना पर पहुँची पुलिस ने नदी में डूबे युवक की गोताखोरों की सहायता से कड़ी मशक्कत के पश्चात शव को नदी से बाहर निकाल कर विधिक कार्यवाही करते हुएऔपचारिकता पूर्ण की। मिली जानकारी के अनुसार भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के गाजनपुर दुवरिया निवासी नसीम अहमद उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र अलीमुद्दीन की गांव के निकट गोमती नदी के पुल से कूदने पर नदी में डूब गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद नदी में डूबे युवक का शव बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुए औपचारिकता पूर्ण की। एसएचओ दयाशंकर मिश्र ने बताया कि नदी में डूबे युवक के शव को बरामद कर लिया गया है।

आंदोलन के बाद भी आपूर्ति में नहीं हुआ सुधार

बाजार शुकुल, अमेठी। किसान यूनियन द्वारा विद्युत आपूर्ति बदहाली के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर आंदोलन शुरू किया गया। लेकिन कुछ देर बाद ही विद्युत व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म कर दिया गया। वहीं व्यवस्था सुधरने के बजाय शुक्रवार को ही और बदहाल होती दिखी। शुक्रवार की देर शाम तक विभाग ने विद्युत आपूर्ति नहीं दी। लोग उमश भरी गर्मी से बिलबिलाते रहे। शाम 5 बजे से जो आपूर्ति दी जानी थी, विभाग ने उसे बाधित रखा। अवर अभियन्ता अश्विनी यादव ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते आपूर्ति बाधित रही। जैसे ही खराबी दूर हो जायेगी आपूर्ति बहाल होगी।

बालिकाओं को बताया गुड टच एवं बैड टच

अमेठी, अमृत विचार। महिला सशक्तिकरण के तहत 100 दिवसीय गतिविधियों के आयोजन के क्रम में कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर गौरीगंज में बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि गायत्री देवी सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा बालिकाओं को जागरूक किया। हिंसा से पीड़ित महिला 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकती हैं। बालिकाओं को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया गया। बच्चों को पम्पलेट देकर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

घटने लगा सरयू का जलस्तर, कटान का भय

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। सरयू नदी का जलस्तर बुधवार की शाम तक स्थिर रहा। लेकिन रात में बढ़त दर्ज हुई है। गुरुवार भोर से धीरे- धीरे घटना शुरू हो गया है। इससे कटान होने की चिंता बढ़ गई है। अति संवेदनशील तटबंध कटरिया- चांदपुर तटबंध पर कटरिया गांव के पास बने ठोकर नंबर एक पर नदी का तेज बहाव बना हुआ है। यहां बाढखंड लगातार निगरानी कर रहा है। खजांचीपुर से लेकर खलवा तक नदी की मुख्य धारा तटबंध से सटकर बह रही है। गौरा- सैफाबाद तटबंध पर 500 मीटर में स्थिति संवेदनशील है। पारा गांव के सामने बने ठोकरों और कटर पर नदी का तेज दबाव बना हुआ है। बाढ़ के पानी से घिरे सुबिका बाबू गांव के लोगों का आवागमन मोटरबोट से हो रहा है। नदी उस पार स्थित देवारारगंगबरार का एक पुरवा व अराजीडूही धरमूपुर मुस्तहकम का कुर्मियाना पुरवा, विक्रमजोत ब्लॉक का माझा किताअव्वल गांव बाढ़ के पानी से घिर गया है। जबकि आंशिक टेढवा पानी से घिरा है। भुअरिया, सतहा गांव में भी बाढ़ पानी फैला हुआ है। जिससे लोगों को रोजमर्रा के समान लेने के लिए तटबंधों पर आना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी पशुपालकों को हो रही है। पशुचारे का प्रबंध नहीं हो पा रहा है।

बाढ़ प्रभावित गांवों में पशुओं का टीकाकरण कराया जाने लगा है। पशु चिकित्साधिकारी चिलमा अजय कुमार गौड़ के नेतृत्व में सुबिका बाबू गांव में शिविर लगाकर पशुओं का टीका करण किया गया। बताया कि बाढ़ प्रभावित सभी गांवों में यह अभियान चलाया जाएगा।

विरासत में मिली बाढ़ की विभीषिका

दुबौलिया ब्लाक क्षेत्र के सुबिका बाबू गांव के नागरिकों को विरासत में बाढ़ की विभीषिका मिली है। तटबंध और नदी के बीच बसे 40 घरों के इस पुरवे पर 300 की आबादी निवास करती है। हर साल यहां के लोगों की घर- गृहस्थी चार महीने के लिए उजड़ जाती है। बाढ़ की त्रासदी झेलना यहां के लोगों की नियत बन गई है। गांव के निवासी बताते हैं कि इस बार बाढ बहुत पहले आ गई है। धान की रोपाई अभी नहीं हो पाई थी। खेत- खलिहान सभी पानी में डूब चुके हैं। पैदावार की उम्मीद नहीं है। मुकेश ने बताया कि चार महीने घरों में कैद होकरर रहना पड़ता है। प्रशासन ने इस बार तत्काल मोटर बोट लगा कर काफी सहूलियत दी है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में आसानी हो रही है।

बैठक | पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को दी नसीहत

सरकार की मंशा के अनुरूप हों विकास कार्य

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। जिले में पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक मंडलायुक्त सभागार में उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई, यहां बस्ती मंडल के साथ ही पूर्वांचल के 8 मंडल के समग्र विकास के संबंध में चर्चा की गई। बोर्ड में नामित अलग-अलग जिलों के सदस्यों ने समस्याओं को रखा। बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि अधिकारीगण सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से लागू करें, आम जनता को योजनाओं का लाभ दिलाएं, इसके साथ ही उनके समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होने भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन देने तथा नैतिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए अधिकारियों का आह्वान किया। उन्होने बताया कि बोर्ड का उद्देश्य पूर्वांचल के समग्र विकास से संबंधित सुझाव देना हैं, बोर्ड के अध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं है। बैठकों में प्राप्त सुझावों से शीघ्र ही उन्हें अवगत कराया जाएगा। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और समय-समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जाए। उन्होने जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलजीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढो को कार्य समाप्त हो जाने के बाद तत्काल समतलीकरण किया जाए। यह भी निर्देश दिया कि चिकित्सालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने बताया कि बस्ती मंडल में 50 लाख से अधिक लागत की कुल 463 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिसमें जनपद बस्ती की 160, संतकबीर नगर की 103, सिद्धार्थनगर की 200 परियोजनाएं हैं। परियोजनाओं की कुल स्वीकृत लागत रू. 2668.33 करोड़ है। स्वीकृत लागत के सापेक्ष शासन से 1753.57 करोड रूपए. अवमुक्त हैं। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 1542.56 करोड़ रूपए कार्यदायी संस्थाओं की ओर से व्यय किया जा चुका है। 463 परियोजनाओं के सापेक्ष 97 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकीं है। डीएम रवीश गुप्ता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए, उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे।

रिसीवर अलग रखकर दे रहे उपभोक्ताओं को धोखा

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। विद्युत वितरण निगम मुख्य अभियंता एसके सरोज ने 16 जून को कंट्रोल रुम की स्थापना कर निर्देश दिया। तब से यह उपभोक्ताओं के लिए कितना मददगार साबित हो रहा है शायद इसका संज्ञान लेना भूल गए। बृहस्पतिवार को हमने अधीक्षण अभियंता कार्यालय में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रुम की पड़ताल किया तो फोन का रिसीवर नीचे रखा हुआ दिखा।

रिपोर्टर को देखकर कंट्रोल रूम में तैनात कर्मी मनीष ने रिसीवर को ऊपर रखते हुए बताया कि गलती से यह नीचे हो गए था। शिकायतों की संख्या पूछने पर मनीष ने बताया कि आज कोई शिकायत नहीं आई है। बीते दिनों के बारे में पूछने पर बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। शिकायत पंजीकरण पुस्तिका के बारे में बताया कि वह उन्हें नहीं दी गई है। यह कहकर वह कंट्रोल रुम से बाहर चले गए। उक्त वाकया बृहस्पतिवार दिन में करीब 12.50 बजे का है। जिले में बारिश शुरु होने के बाद बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी है। बेतहाशा अघोषित कटौती उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। कहीं हफ्तेभर से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है कहीं तार टूटे पड़े हैं। अवर अभियंता सीयूजी नंबर बंद कर आराम फरमा रहे हैं।

सरकारी भूमि पर कब्जा किया तो खैर नहीं : एसडीएम

लम्बित वादों का ससमय निस्तारण कराने का किया जाएगा प्रयास

संवाददाता, कोरांव/नैनी

अमृत विचार: सरकारी भूमि पर कब्जा करने और उसे अवैध तरीके से बेचने वाले के खिलाफ अब बड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहले से कब्जे पर पड़ी जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और व्यवस्थाओं मे सुधार लाया जायेगा। उक्त बाते शुक्रवार को नवागत उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कोरांव तहसील में कहीं।

आकांक्षा सिंह, उप जिलाधिकारी।

एसडीएम आकांक्षा सिंह ने तहसील के कर्मचारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि यहां किसी प्रकार की कोई मनमानी नही चलेगी। जनता सुनवाई में आने वाले मामले को लेकर उन्होंने कहा कि सार्वधिक मामले चकमार्गों पर अतिक्रमण व नाली और जमीनी विवाद से जुड़े है। इसके अलावा सरकारी जमीनों पर किये गये कब्जे का हल निकाला जायेगा। समस्याओं के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार के साथ मै खुद शासन की मंशा के अनुरूप काम करूंगी। उन्होंने कहा कि बार बैंच में सामंजस्य स्थापित करते हुए लम्बित वादों का निस्तारण भी समय से कराने का प्रयास किया जायेगा। शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य को गति प्रदान करना ही हमारा प्रथम लक्ष्य होंगा।

दो घरों में नकदी व लाखों के जेवर चोरी

लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : एक ही रात लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो घरों में चोरों ने धावा बोला। नकदी समेत लाखों के जेवरात उड़ा ले गए। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पयागीपुर गांव में गुरूवार की रात छत के रास्ते अज्ञात चोर श्याम लाल वर्मा के घर में घुस गए। कमरे का ताला तोड़कर 40 हजार रूपये की नकदी व सोने, चांदी के जेवरात उड़ा ले गए। चोरों ने इसी गांव की सरोजा देवी के घर में भी हजारों की नकदी, कीमती जेवरात के साथ ही बर्तनों को उठा ले गए। शुक्रवार की सुबह सोकर उठे परिवार के लोगों ने घर में बिखरा सामान देखा तो अवाक रह गए। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है।

विद्यालय में गड़बड़ी पर 4 अध्यापकों पर कार्रवाई

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : डीआईओएस ने शुक्रवार को दो राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चार शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा। जबकि एक विद्यालय में बच्चों की संख्या कम मिलने, शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक न पाने पर प्रधानाध्यापक सहित चार का वेतन रोक दिया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा शुक्रवार को अचानक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव पहुंचे। इस दौरान शिक्षक संतोष कुमार शुक्ल व विजय कुमार बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक राम प्रकाश हस्ताक्षर कर तहसील गए थे, इनके द्वारा आवागमन पंजिका पर नहीं लिखा गया था, इसके कारण प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वहीं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शीतल पट्टी में नामांकन कम पाया गया। शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिली। प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, शिक्षक धनंजय सिंह, चमन प्रताप एवं ओम प्रकाश के वेतन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। वहीं शिव शंकर यादव, सरोज कुमार यादव अनुपस्थित मिले। इनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

सार-संक्षेप

गांव को दैवीय आपदाओं से बचाने को महिलाएं कर रहीं पूजन

गांव में पूजन की तैयारी के लिए भोग बनाती महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, नैनी, अमृत विचार : नैनी के तिगनौता गांव जो अब नगर निगम का हिस्सा बन चुका है, को दैवीय एवं प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए महिलाओं ने पारंपरिक निकासी पूजा कर रहीं हैं। चार दिवसीय इस पूजा का शुक्रवार तीसरा दिन था। काली चौरा परिसर में आयोजित पूजा में इस दिन बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र थीं। टोलियों में महिलाओं ने बाटी लिट्टी चोखा बनाया और उसका भोग लगाया गया। इसके बाद वहीं बैठकर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। पहले दिन के पूजन में जल चढ़ाया गया। उसके बाद दूसरे एवं तीसरे दिन बाटी चोखा का भोग लगाकर ग्रहण किया गया। शनिवार को अंतिम दिन रतजगा होगा, जिसमें निकासी पूजा होगी। यहां के लोगों का मानना है कि आयोजन से गांव में किसी प्रकार की दैविक आपदाएं नही आती हैं। आयोजन में पूर्व प्रधान बसंत पटेल, हीरालाल पटेल, चंद्रभान सिंह, जय करन, जग्गा पटेल, गुलाब विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में हुआ तीन दिवसीय यज्ञ

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : श्रीबाघंबरी मठ गद्दी में 15 जुलाई को गौशाला के उद्घाटन के लिए तीन दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार से शुरू हुआ है। नवनिर्मित और अत्याधुनिक गोशाला के उद्घाटन के तीन दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने विधिविधान से किया। इस दौरान निरंजनी अखाड़े के साधु-संतों के अलावा उत्तर दक्षिण के ब्राह्मण भी मौजूद रहे। अनुष्ठान की शुरुआत शुक्रवार को गणेश वंदना से हुई। सुबह द्वादश नारिकेल गणपति हवन, चतुरावर्ती तर्पण और शाम को दुर्गा दीप नमस्कार और चंडिका सप्तशती पारायण हुआ। वहीं, मंगलवार यानी 13 जुलाई को सुबह भू वराह हवन, संध्याकाल में राक्षोघ्न हवन अघोरास्त्र हवन, दिग्बली होगा। इसके अलावा 14 को सुबह बिंब शुद्धि गो सूक्त मंत्र हवन, शाम को वस्तु हवन, दिग्बली, 15 को सुबह मूर्ति प्रतिष्ठा, गो पूजन, प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति और शाम को महा सुदर्शन हवन, दिग्बली होगा। 16 जुलाई को सुबहलक्ष्मी नारायण हृदय हवन, दंपती अराधना, ब्राह्मण आराधना की जाएगी।

परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम का निरीक्षण करेगी टास्कफोर्स

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने अपने कार्यालय में एमडीएम टास्कफोर्स तहसील लालगंज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, ब्लॉक विकास, आपूर्ति विभाग, विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने उपस्थित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शासन के आदेश के क्रम में टास्कफोर्स द्वारा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए बनाए जा रहे एमडीएम के गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे, जिससे बच्चों के लिए एमडीएम अच्छा बनाया जा सके। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि एमडीएम टास्कफोर्स तहसील लालगंज की बैठक शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पंचायती राज, बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर परिषदीय विद्यालयों में बनने वाले एमडीएम की गुणवत्ता परखने का निर्देश दिया गया है। टास्क फोर्स में शामिल अधिकारी कम से कम पांच विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। इस दौरान प्रभारी सीडीपीओ लालगंज अरुणलता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी हलिया प्रकाश चंद्र यादव, आपूर्ति निरीक्षक लालगंज विनोद कुमार तिवारी, संयुक्त बीडीओ श्रीराम, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, मुंगरा, बादशाहपुर, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के इटहरा गांव में अपना खेत देखने गए दो लोगों को विपक्षियों ने लाठी डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच में जुट गई है। मुंगरा बादशाहपुर के अहमदपुर कैथौली निवासी आशुतोष श्रीवास्तव के साथ जौनपुर जिले के कुद्दूपुर निवासी आदर्श सिंह ने क्षेत्र के इटहरा गांव में एक खेत खरीदा है। गुरुवार शाम को खेत देखने गए थे। इसी दौरान इटहरा निवासी आद्या प्रसाद, राधारमन, रविशंकर, उमेश, सुभाष, गिरीश, चंद्रावती, अशोक, संदीप व सोनू समेत कुछ अज्ञात मौके पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। इसमें आशुतोष और आदर्श घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 190, 131, 329(3), 352, 351(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में मुंगरा बादशाहपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक का कहना है कि जमीनी विवाद में मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बैठक में पौधरोपण और नाली खड़ंजा की समीक्षा

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार। स्थानीय विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने तकनीकी सहायक व सचिवों के साथ बैठक कर आवासों पौधरोपण मनरेगा में नाली खड़ंजा की ग्राम पंचायत वार समीक्षा करते हुए संबंधित तकनीकी सहायक व सचिवों को विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मनरेगा संबंधित कार्यों में कार्य योजना तैयार कर ली जाए। जिससे कि मनरेगा कार्य प्रभावित न हो और जाब कार्ड धारकों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराया जा सके। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। पौधरोपण समय से कराने का कार्य सभी ग्राम पंचायतों को करना है।कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान सिंह, सचिव कौशलेंद्र राय, विजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, बालकृष्ण, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश पटेल, तकनीकी सहायक भरत दूबे, पसंद, अजीत कुमार, आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, चालक घायल

संवाददाता, सक्तेशगढ़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार : चुनार कोतवाली क्षेत्र के बाबा सिद्धनाथ की दरी के पास शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे सरिया लदा ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने घायल चालक को गांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोनभद्र के चोपन निवासी 30 वर्षीय मनोज कुमार ट्रैक्टर चालक है। वह राजगढ़ से सरिया लादकर आ रहा था। चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जैसे ही सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के बाबा सिद्धनाथ की दरी के पास ढलान पर पहुंचा। तभी अनियंत्रित होकर सरिया लदा ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे दस फीट नीचे खाई में पलट गया। दुर्घटना में चालक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटनास्थल पर आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को खाई से बाहर निकाला गया। घायल चालक को गांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती ट्रैक्टर चालक मनोज ने बताया कि ट्रैक्टर लेकर जाते समय अचानक ब्रेक फेल हो गया। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।

24 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, जौनपुर

अमृत विचार। लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा लक्ष्मी हेल्थकेयर सेंटर कुत्तुपुर तिराहा में खुले शिवांश ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष/ निदेशक डॉ. संदीप मौर्य सहित 24 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. संदीप मौर्य ने कहा कि ब्लड की बढ़ती जरुरत को देखते हुए शिवांश ब्लड बैंक खोला गया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। डॉ. चंद्रकला मौर्य ने भी विचार रखें। पूर्व संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। संचालन सै. मो. मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव मौर्य, राम कुमार साहू, सुशील अग्रहरि, योगेश साहू, राकेश यादव, उदय प्रताप, रिशु मौर्य, आरती गौतम, चन्दन आदि मौजूद रहे।

मीटर रीडरों की वेतन के लिए प्राथमिक दर्ज करने की मांग

मिर्जापुर। अमृत विचार: विद्युत वितरण उपखंड चुनार क्षेत्र अंतर्गत विद्युत सब स्टेशन अहरौरा, अदलहॉट, जमालपुर, इमलिया चट्टी, नारायनपुर, जंगल महाल ,चुनार, आदी के मीटर रीडरों को विभागीय सूत्रों से ज्ञात हुआ कि कंपनी काम छोड़कर भाग गई है। उसके पश्चात मीटर रीडर द्वारा स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एम डी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत करते हुए 4 माह का वेतन व 32 माह का पी एफ दिलवाले की मांग की। इस दौरान सैकड़ों मीटर रीडर उपस्थित रहे।

बिशप दान के खिलाफ एक और केस

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: प्रयागराज में डॉयोसिस ऑफ लखनऊ (चर्च ऑफ नार्थ इंडिया) से जुड़े बिशप जॉनसन स्कूल गर्ल्स पर कब्जे के मामले में बिशप मॉरिस एडगर दान के खिलाफ कर्नलगंज थाने में एक और मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले में पहले प्रिंसिपल की तहरीर पर बिशप समेत अन्य पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। अब प्रिंसिपल पारुल सोलोमन ने धमकी देने, मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने, पूरे परिवार को जान से मार देने, हर वक्त पीछा करने, डराने, धमकाने का आरोप लगाते हुए कर्नलगंज थाने में दूसरा मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रयागराज में डॉयोसिस ऑफ

▸▸ बिशप जानसन कालेज गर्ल्स की प्रिंसिपल ने केस वापस लेने के लिए धमकी देने का लगाया आरोप

लखनऊ (चर्च ऑफ नार्थ इंडिया) के बिशप और अन्य पदों को लेकर लंबे अर्से से विवाद चल रहा है। कुछ माह पहले ही बिशप पीटर बलदेव को हटाकर मॉरिस एडगर दान ने चार्ज संभाला था। दो जुलाई को एक नया मामला सामने आ गया। काफी विवाद के बाद चर्चित स्कूल बिशप जॉनसन गर्ल्स कालेज मिशन रोड कटरा में कब्जा कर लिया गया, जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

वीडियो में बिशप मॉरिस एडगर दान अपने लोगों के साथ जबरन स्कूल में घुसे और चार्ज संभाल लिया, दिखाया गया है। मामले में पुलिस ने डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के बिशप मॉरिस एडगर दान, एलन दास, अभिषेक बाराट, आरची तिमुथी, अभिषेक व्यास, आरके सिंह को नामजद करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था। शुक्रवार को मामले में एक और मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रिंसिपल ने आरोप लगाया कि केस वापस लेने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। कर्नलगंज थाने में उनकी तहरीर पर एनल दान, बिशप मॉरिस एडगर दान, विनीता इसूबियस, संजीत लाल, विशाल नावेल सिंह, आरके सिंह, अरुण मोजेज, तरुण व्यास, अभिषेक व्यास और अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। प्रिंसिपल ने तहरीर में लिखा है कि इसमें से कई लोग आपराधिक किस्म के हैं, जिससे मेरा परिवार डरा हुआ है।

चौपाल में कर्मचारियों ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

अमृत विचार। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा व गड़बड़ा के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल ब्लाक कर्मियों के देखरेख में आयोजित किया गया, जिसमें मौके पर ग्राम चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा जिसका निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

ग्राम पंचायत गलरा में खंड विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा व एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया आवास, शौचालय पेंशन आदि की मांग किया गया, जिस पर खंड विकास अधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत गड़बड़ा में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना जिसमें आवास, शौचालय, पेंशन, राशनकार्ड के मांग के लिए कर्मचारियों के समक्ष रखा जिस पर कर्मियों ने निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत गलरा व गड़बड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सचिव राजेंद्र प्रसाद, कौशल कुमार गिरि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्र, रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बदमाशों ने बरसाई गोलियां, दहशत

जौनपुर। अमृत विचार : नकाबकोश बदमाशों ने धावा बोलकर घर के सामने बरामदे में सो रही मां और बेटी के ऊपर की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। रात में हुई फायरिंग से पूरा इलाका दहल गया। गोली माँ के सीने में लगी है। हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर एसपी डॉक्टर अजय पाल शर्मा मौके पर पहुंच गए। सीओ के अनुसार बदलापुर के अनुसार तेजीबाजार थाना क्षेत्र स्थित बारचौली गांव में बीती रात करीब 2 बजे मां और बेटी को बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया, जिसमें रेखा विश्वकर्मा पत्नी फूलचंद्र विश्वकर्मा को दो गोलियां लगने की बात बताई जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधि कार्रवाई की जा रही है।

42 साल की राजनीति में नहीं देखा ऐसा भ्रष्टाचार : पूर्व मंत्री

समारोह को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती।

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : पट्टी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने ब्लॉक सभागार में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से आए मतदाताओं का सम्मान किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने किया।

उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2027 है। हम सभी को अब उसी ओर देखना है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पुनः कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती ने कहा कि विधानसभा पट्टी में मतदाताओं ने बहुत ही बढ़-चढ़कर भाजपा के सम्मान में वोट किया। मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं का सही मायने में सम्मान तभी होगा जब थानों और तहसीलों से भ्रष्टाचार खत्म होगा। मुझे यह कहने में ये संकोच भी नहीं है कि थानों और तहसीलों में ऐसा भ्रष्टाचार मैंने अपने 42 साल के राजनैतिक जीवन में नहीं देखा। जिलों में बिजली थाने खुल गए हैं, एक बल्ब हमने घर में ज्यादा जला लिया तो तुरंत बिजली थाने वाले पहुंच जा रहे हैं, मुकदमा लिखा दूंगा कहकर वसूली कर रहें हैं। क्या हम अपराधी हैं, कार्यवाही कर दे रहे हैं। थानों और तहसीलों का भ्रष्टाचार हो, तभी मतदाताओं का सही मायने में सम्मान है। इस दौरान पार्टी पदधिकारी, कार्यकर्ता एवं मतदाता मौजूद रहे।

▸▸ पूर्व मंत्री मोती सिंह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपनी पार्टी की सरकार को ही घेरा

अखिलेश ने किया तंज, अब देखते हैं बुलडोजर किस ओर मुड़ता है ...

प्रतापगढ़, अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व ग्राम्य विकास मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती के भाषण का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस बहाने सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वीडियो को पोस्ट करते हुए प्रदेश सरकार को एक्स पर तल्ख टिप्पणी करके घेरा है। भाजपा राज में 'तहसील और थाने के अभूतपूर्व रिकॉर्ड तोड़ भ्रष्टाचार' पर भाजपा के लोग ही जब प्रमाणपत्र बाँट रहे हैं तो क्या इस अकल्पनीय 'भाजपाई भ्रष्टाचार' पर कार्रवाई करने के लिए और कुछ सबूत चाहिए? अब देखते हैं बुलडोजर किस ओर मुड़ता है।

लापता अनुसेवक का कुएं में मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, बाबागंज, अमृत विचार : कुंडा तहसील में कार्यरत अनुसेवक तीन दिनों से लापता था। परिजनों ने महेशगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। शुक्रवार को उसका शव कुएं में मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। महेशगंज थाना क्षेत्र के पनाह नगर निवासी छेदीलाल सरोज कुंडा तहसील में अनुसेवक पद पर कार्यरत थे। चर्चा रही कि इन दिनों उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह तीन दिन से घर से लापता थे। घर वालों ने काफी खोजबीन के बाद थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। शुक्रवार की शाम गांव के किनारे एक कुएं में उनका शव उतराया हुआ ग्रामीणों ने देखा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए महेशगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। एसओ महेशगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पोल्ट्री फार्म हटाने को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, राजगढ़ (मिर्जापुर)

अमृत विचार। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के गोबरदहा गांव स्थित दलित बस्ती में बना मुर्गी फार्म (पोल्ट्री फार्म) लोगों को बीमार करने के साथ उनका घरों में रहना किया दुभर। मुर्गी फार्म की दुर्गंध से ग्रामीणों के अलावा आसपास के गांव में हवा के झोंके से गांव में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। पहले जब मुर्गी फार्म बनाया गया था तब वहां पर इक्का-दुक्का घर हुआ करते थे लेकिन आज पूरी बस्ती बस चुकी है। आखिर रोजगार कहां से मिलेगा यहां फार्म पर कई लोगों को रोजगार मिला हुआ है और अपना घर भी चला रहे हैं लेकिन ग्रामीण दूसरी तरफ विरोध भी कर रहे हैं।

गांव निवासी अशोक ने बताया कि गोबरदहा गांव स्थित लगभग सैकड़ों की आबादी वाला बस्ती है। जिसमें गांव के ही दबंग द्वारा मुर्गी फार्म खोलकर मुर्गियों के मल को बस्ती में फेक जाने से दुर्गंध बढ़ गया है। लोग अपने घरों में मजबूरी में रहने को विवश हो गए हैं। कई बार मुर्गी फार्म बंद करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से बस्ती वालों ने शिकायत भी की परंतु कोई भी सुध लेने को तैयार नहीं हुआ। आज दलित बस्ती को मलिन एवं दुर्गंध बस्ती के नाम से भी लोग पुकार रहे हैं। गांव निवासी सुनीता देवी, शिव कुमारी, कमला देवी, विमला देवी, फुलवंती देवी, उर्मिला देवी, रीना देवी, सुमन, रीता पटेल, चंदन सिंह राजपूत, भारतीय, रोहित, पिंटू, पप्पू प्रजापति आदि ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बस्ती से पोल्ट्री फार्म हटाने की मांग की है।

2017 खेत तालाब स्थापित कर बेल्हा का एलीट वर्ल्ड रिकॉर्ड

एलीट वर्ल्ड रिकार्ड बनाये जाने पर केंद्रीय टीम डीएम व प्रभारी सीडीओ को प्रमाण पत्र व मेडल से किया सम्मानित

संवाददाता, प्रतापगढ

अमृत विचार : जिला ग्रामीण विकास विभाग ने जिले के 17 ब्लाकों के 1148 ग्राम पंचायतों में किसानों के लिये 2017 खेत तालाब स्थापित करने का विश्व रिकार्ड बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस पहल में शामिल श्रमिकों को मनरेगा (एमजीएनआरईजीएस) के तहत कवर किया गया था। इस उपलब्धि को एलीट वर्ल्ड रिर्काड्र्स द्वारा 30 दिनों में एकाधिक स्थानों पर बनाये गये सर्वाधिक खेत तालाब की श्रेणी में प्रमाणित किया गया। विकास भवन सभागार में 09 सदस्यीय

विकास भवन सभागार में एलीट वर्ल्ड रिकार्ड के साथ डीएम संजीव रंजन, केंद्रीय टीम एवं अन्य अधिकारी।

▸▸ एलीट वर्ल्ड रिकार्ड बनाना अधिकारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम : डीएम

केंद्रीय टीम में डा. प्रदीप कुमार कृष्णमूर्ति, डा. सत्यश्री केदारीसेट्टी, अमित के. हिंगोरानी, वेंकेटेशवरन के. रविकुमार, बाला नागा सईं कृष्णा, राजेश ए.एन. नन्जुन्दास्वामी, रक्षिता रंगास्वामी, भावना एन.व डा. बी. शिवा कुमारन ने जिले में 30 दिनों के अन्दर 2017 खेत तालाब स्थापित कर एलीट वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये जाने पर डीएम संजीव रंजन, सीडीओ नवनीत सेहारा, डीडीओ राकेश प्रसाद, सभी बीडीओ, डीसी मनरेगा की सराहना की।

केन्द्रीय टीम ने जनपद के एलीट वर्ल्ड रिकार्ड बनाये जाने पर जिलाधिकारी व प्रभारी सीडीओ को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एक सोच और लक्ष्य रखकर काम किया जाये तो निश्चित ही आश्चर्य जनक परिणाम प्राप्त होता है। एलीट वर्ल्ड रिकार्ड बनाना अधिकारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। डीएम ने केन्द्रीय टीम को सम्मानित किया।

खेत तालाब योजना के अन्तर्गत खोदे गए तालाब

आसपुर देवसर ब्लॉक में 117, बाबा बेलखरनाथधाम में 130, बाबागंज में 111, बिहार में 104, गौरा में 130, कालाकांकर में 125, कुण्डा में 104, लक्ष्मणपुर में 143, लालगंज में 104, मंगरौरा में 110, मानधाता में 136, पट्टी में 111, सदर में 110, रामपुर संग्रामगढ़ में 112, सण्ड़वा चन्द्रिका में 130, सांगीपुर में 110 व शिवगढ़ में 130 कुल 2017 खेत तालाब स्थापित है।

बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी मुकुंद तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर ही आने वाले विधान सभा चुनावों में सफलता मिल सकती है।

तिवारी ने कहा कि संगठन को एक बार फिर से नवीनीकृत करके काम करने वाले मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी ने सभी ब्लाक अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा

कांग्रेस पार्टी के संगठन की समीक्षा बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी

▸▸ पौधरोपण के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए पौधे

कि हर ब्लाक में बैठकें आयोजित की जाएं और वहीं पर ब्लाक स्तर व न्याय पंचायत स्तर तक के सारे संगठन नए सिरे से बनाए जाएं। पूर्व जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने आपने अनुभवों से लोगों को संगठन मजबूत करने के टिप्स दिए। जिला उपाध्यक्ष डा.वीके सिंह ने संगठन के स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की। पीसीसी सदस्य डा. प्रशांत देव शुक्ल ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, वेदांत तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, राम लवट यादव, मकरंद शुक्ल आदि रहे। कार्यक्रम के बाद राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत हर बूथ पर एक पौधे लगाने के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लक्ष्य को पूरा करने को कार्यकर्ताओं को 1000 पौधे वितरित किए गए।

एक नजर

अंतिम वोटर लिस्ट में 1863 वकीलों के नाम

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला बार एसोसिएशन की अंतिम वोटर लिस्ट शुक्रवार को प्रकाशित कर दी गई। इसमें 1,863 वकीलों का नाम शामिल किया गया है। सचिव आर्तमणि मिश्र ने बताया 29 जुलाई को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में चुनाव होगा और दूसरे दिन मतगणना कराई जाएगी।

फोन पर धमकी देने पर चार लोग नामजद

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर टैनी निवासी दीपक वर्मा ने अपने गांव के चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। आरोप है कि विपक्षी लोग फोन पर मुकदमा वापस लेने की धमकी देते हैं। वापस न लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हैं। दीपक वर्मा ने 2 जून 24 को एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे वापस लेने के लिए धमकी देने का आरोप अमजद खां, अंगद निषाद, सुहेल खां, लंबरदार पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सेंध काटकर गृहस्थी का सामान उठा ले गए चोर

बिंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के हैधना खुर्द गांव स्थित मकान में बुधवार की रात चोरों ने पीछे की दीवार में सेंध काटकर हजारों की गृहस्थी का सामान उठा ले गए। हलियापुर-कूरेभार मार्ग स्थित ग्राम हैधना खुर्द निवासी सीताराम प्रजापति का मकान है। गुरुवार रात्रि में चोर पीछे की दीवार में सेंध काट मकान के अन्दर घुस गए और रखा गृहस्थी का सामान नगदी व जेवरात सब उठा ले गए। पीड़ित ने थाने में चोरी की घटना की तहरीर दी है।

पोल से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी शिव मंदिर के सामने मोतिगरपुर की तरफ जाते समय हुआ हादसा

दोस्तपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के नगर पंचायत दोस्तपुर स्थित मोहल्ला छावनी शिव मंदिर के ठीक सामने मोतिगरपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर पीडब्ल्यूडी के सांकेतिक पोल टकरा गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक से दूर जाकर गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

विवेक व राजपाल की फाइल फोटो।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया गोलपुर कुम्भऊ गांव निवासी विवेक यादव (23) पुत्र राजेंद्र यादव ट्रक ड्राइवर है। वह गुरुवार की रात अपने गांव के ही अपने दोस्त राज पाल (18) पुत्र मुकेश कुमार के साथ दोस्तपुर किसी निमंत्रण में गया था। बाइक से दोनों दोस्त तेज रफ्तार में लौट रहे थे कि कस्बे के छावनी मोहल्ले में लगे सांकेतिक बोर्ड से जा टकराए। बाइक दूर तक घिसटते हुए चली गई तो दोनों दूर जा गिरे। वहीं बगल ही आई बारात के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी दोस्तपुर ले गए, जहां से उन्हें अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों दोस्तों को मृत घोषित कर दिया। दोस्तपुर एसओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि अंबेडकरनगर में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

रोती-बिलखते विवेक यादव के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

बुझ गया घर का इकलौता चिराग

विवेक अपने माता-पिता का इकलौती संतान थी। उसकी मौत से परिवार में मातम छाया है। जबकि, राज पाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो युवकों की एक साथ मौत से गांव में मातम छाया है। खबर लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। दोनों युवक अभी अविवाहित थे।

वाहन स्वामी को 4.9 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली देहात थाने के बेलासदा गांव निवासी शिवाकांत पाठक ने 16 नवंबर 2018 को महिंद्रा फाइनेंस कंपनी गोलाघाट के शाखा प्रबंधक व चोला मंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी निकट पंत स्टेडियम के शाखा प्रबंधक के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया था।

शिवाकांत ने महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक के माध्यम से अपने चार पहिया वाहन का बीमा 27 जुलाई 2017 को चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था जो 26 जुलाई 2018 तक वैध था। 29 नवंबर 2017 को शिवाकांत ने अपने एक मित्र को लाने के लिए वाहन को चांदा भेजा था। वहां से वापस लौटते समय रास्ते में शार्ट सर्किट के कारण वाहन में आग लग गई थी। इसमें पूरा वाहन जल गया था। क्षतिपूर्ति नहीं देने पर शिवाकांत ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली थी। फोरम के अध्यक्ष रामलखन सिंह चंद्रौल व सदस्य भारत भूषण तिवारी ने वाहन स्वामी के अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ल की बहस सुनने के बाद फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया है कि वह दो माह में 4,09,980 रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान वाहन स्वामी को करे। इसके अलावा वाहन स्वामी को शारीरिक व मानसिक कष्ट के लिए तीन हजार व वाद व्यय के लिए दो हजार रुपये का भी भुगतान करे।

तालाब में मिला किशोरी का शव

कादीपुर/दोस्तपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः संदिग्ध परिस्थिति में एक किशोरी का शव गांव के ही तालाब में पाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी हैं।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया गोलपुर गांव के प्रदीप कुमार की 17 वर्षीय पुत्री अनामिका गुरुवार की रात परिजनों साथ खाना खाकर सोने चली गई थी। वह इंटरमीडिएट की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब तीन बजे वह अपने विस्तर से गायब थी। खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

तालाब के पास लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

- **परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर**

दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे गांव के तालाब में उसका शव उतराता हुआ दिखा। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं, मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 23 को

- **भाजपा की पूर्व विधायक व उनके पुत्र पर चल रहा आचार संहिता के उल्लघंन का मामला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 जुलाई की तारीख नियत की है। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी को तलब किया था जो अभी गवाही देने हाजिर नहीं हुए हैं। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

लूटकांड के आरोपी की जमानत खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर : अमेठी जिले में भेटुआ ब्लाक के पास सात माह पूर्व चार लाख रुपए लूट कांड के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा निवासी आरोपी शिवम मिश्र को विशेष कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय ने राहत न देते हुए उसकी जमानत खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक बीते साल 30 दिसंबर की शाम वादी मिहिर जायसवाल व आयुष जायसवाल राजेश मसाला फैक्ट्री से चार लाख रुपए लेकर अमेठी आ रहे थे। भेंटुआ ब्लाक व श्रीराम का पुरवा के बीच चार लोग दो अपाची से सवार आये व चार लाख की लूट कर ली। वादी ने अज्ञात में केस दर्ज कराया तथा दौरान विवेचना आरोपी का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कोर्ट में आरोपी शिवम मिश्र की जमानत पर हुई सुनवाई में आरोपों को गंभीर पाते हुए अदालत ने उसकी जमानत खारिज कर दी। वहीं, अदालत अन्य आरोपी शेखावत हुसैन, निजामुद्दीन और सहबान की जमानत भी पूर्व में खारिज कर दी है।

कादीपुर कांड में जेल में निरुद्ध आरोपियों को राहत

सुलतानपुर : लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद बीते माह कादीपुर बाजार में जुलूस निकालकर भाजपाइयों से अभद्रता, पटाखे फोड़ने और दुकानों में घुसकर बवाल करने के मामले में जेल में बंद आरोपी रेहान, उस्मान, सलमान और इमरान की जमानत पर हुई सुनवाई में न्यायाधीश संतोष कुमार ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। रेहान व उस्मान की तरफ से जमानत अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने पेश कर जमानत की मांग की, वहीं सलमान और इमरान की तरफ से अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने जमानत पेश कर उनकी जमानत की मांग कोर्ट से की। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया कि चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कादीपुर कस्बे में जुलूस निकालने, बलवा, मारपीट और अन्य आरोपों में राजनीतिक दबाव में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई के आदेश दिए हैं।

विदेश भेजने के नाम पर 11 लाख ठगे

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः विदेश में रह रहे रिश्तेदार को फोन कर परिचितों को विदेश भेजने की बात कही। रिश्तेदार पर भरोसा कर उसने विदेश जाने वाले इच्छुक लडकों का नंबर दे दिया। ठग 15 लोगों से विदेश भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये ठग लिए। जांच पड़ताल में दस्तावेज फर्जी पाए गए तब लोगों को ठगी का एहसास हुआ।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर निवासी शकीना ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। शकीना ने बताया कि उसके पति शमशाद सऊदी अरब में चालक की नौकरी करते हैं। बंधुआ

हेराफेरी

- **जांच में मिले फर्जी दस्तावेज एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ़ दर्ज हुआ मुकदमा**

कला थाना क्षेत्र के सेंदुरी निवासी इरफान ने उसके पति को फोन कर बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता है। वहां उसकी नौकरी लगवा उनकी गरीबी दूर करता है, जिसे भेजना हो बताओ। रिश्तेदार होने के चलते उसके पति ने विश्वास करते हुए विदेश जाने के इच्छुक कुछ लोगों को दे दिया। इरफान उन लोगों को विश्वास में लेते हुए 15 लोगों से 11 लाख रुपये खाते में तो कुछ लाख नगद लिया। लोगों को लखनऊ बुलाकर फर्जी मेडिकल करवा बताया कि वीजा बन गया है। आठ सितंबर को लखनऊ एयरपोर्ट भी बुला लिया। एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मियों की जांच पड़ताल में कागजात फर्जी पाए गए। तब लोगों को ठगी का एहसास हुआ। उक्त लोगों ने पैसा वापस कराने के लिए उसके पति पर दबाव बनाने लगे। उसके पति ने जब इरफान से पैसा वापस करने के लिए कहा तो पासपोर्ट ले लो पैसा दे देंगे। लेकिन अभी तक वापस नहीं किया। लोगों के दबाव पर उसके पति धीरे धीरे उन लोगों का पैसा वापस कर रहें हैं। वहीं, इरफान अन्य लोगों से ठगी करने में लगा हुआ है।

बंधुआकला थाना प्रभारी ने बताया कि इरफान के खिलाफ ठगी धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जंगल में ले जाकर युवती से किया गैंगरेप, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः बीते 17 जून की देर शाम घर आए दो युवकों ने युवती को घर में अकेली देख डरा धमका बाइक पर बैठा जंगल ले गए। जहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। आरोप है कि चारों ने युवती के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। डरी सहमी विवाहिता ने करीब माह भर बाद शुक्रवार को मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार भी कर लिया है।

शुक्रवार को गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। दी गई तहरीर में बताया कि 17 जून की शाम को वह

- **एक माह पहले की घटना की शुक्रवार को पड़ी तहरीर, तीन हिरासत में, पूछताछ जारी**

घर पर अकेली थी। देर शाम करीब आठ बजे लालजी जायसवाल व गुलाबचंद्र मौर्या उसके घर पर आए। आरोप है कि उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गए। जंगल में पहले से ही रमन वर्मा और अनूप प्रजापति मौजूद थे। जंगल में बारी-बारी से सभी ने उसके साथ दुराचार किया। आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। घटना के करीब 25 दिन बाद महिला ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, एससीएसटी व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

संघ की रसोई ने 450 लोगों को खिलाया भोजन

सुलतानपुर : बरसात के मौसम में भी मानवीय सेवा का जज्बा फलीभूत हो रही है। जिला चिकित्सालय/जिला महिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर मरीजों और उनकी देखरेख कर रहे तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमंदों को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की नि:शुल्क रसोई हर बृहस्पतिवार को भर पेट भोजन करा रही है। बृहस्पतिवार की रात करीब 450 लोगों को संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में निशुल्क भोजन का वितरण किया गया। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ ताबिश बारी ने जरूरतमंदों भोजन की थाली देकर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

वर्ग पहेली-129

बाएं से दाएं

1.1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3.1. विशेष घर जो मिट्टी

4.1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7.1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3.1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5.1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6.1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।



वर्ग पहेली -128 का हल

	1 वि					
	2 दे	खा	3 दे	खी		
4 का	शी		व			5 गू
			गृ			दा
	6 मु	7 शा	ह	रा		
		लि				
8 जी	ला	नी			9 ट	च

सुडोकू -42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				7		
8		3	5		6			4
		1	7			6		3
	3			8	9			1
			2		4			
9			3	5			7	
6		4			5	8		
7			1		8	9		6
		9				5		

सुडोकू -41 का हल

7	1	5	8	4	6	3	9	2
9	4	3	2	5	1	7	8	6
6	2	8	9	7	3	5	4	1
1	8	2	6	3	9	4	5	7
4	3	9	7	2	5	6	1	8
5	6	7	1	8	4	9	2	3
2	9	4	3	6	8	1	7	5
8	5	6	4	1	7	2	3	9
3	7	1	5	9	2	8	6	4

सामूहिक विवाह : 64 जोड़े एक-दूजे के हुए, लिए सात फेरे

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः विकास खंड मुख्यालय पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रों के गुंजायमान वातावरण में 64 जोड़े वैवाहिक रीति रिवाज के साथ जीवन साथी बने। विवाहित जोडों को पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू ने शासन से भेजे गये गृह उपयोगी सामानों के साथ आशीर्वाद दिया।

शुक्रवार को खंड मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मं विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख यश भद्र सिंह मोनू ने कहा कि सरकार की यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने सभी विवाहित जोडों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना किया।

धनपतगंज ब्लॉक में आयोजित किया गया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम।

- **धनतगंज ब्लाक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत किया गया आयोजन**

मौके पर मौजूद जिला परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने सभी पंजीकृत विवाहितों को प्रमाण पत्र के साथ शासन से भेजे गये गृह उपयोगी सामानों का उपहार दिया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, खंड विकास अधिकारी नीलमा गुप्ता, एडीओ समाज कल्याण विपिन यादव, ग्राम विकास अधिकारी प्रेमलाल यादव, जितेंद्र वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अरशद, लक्ष्मण सिंह, आदि लोग मौजूद रहे। सभी जोड़ों का पंडित अर्जुन पांडे द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 .05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 19 .15 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

वृष — आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

मिथुन — आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

सिंह — आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

कन्या — आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

तुला — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

धनु — आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

मकर — आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

कुंभ — आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद ,प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्म — सुबह : 10 .45
- खून भरी मांग — रात : 07 .00
- मि . एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .23
- रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

SONY PIX
- सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .25
- जस्टिस लीग — रात : 09 .00

&pictures

ZEE CINEMA
- वलाटी — सुबह : 10 .56
- स्कंदा — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- हम आपके हैं कौन — सुबह : 10 .15
- सत्यम शिवम सुंदरम — शाम : 06 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	80,519	24,502
बढ़त	622	186
प्रतिशत में	0.78	0.77

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 13 जुलाई 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल : गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति :** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,250
सोना रवा	73,100
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	92,100
चांदी (999)	92,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर : विरमानी

नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था पर जताई संभावना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। टीसीएस ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य अवधि में राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया। उसके बाद आज उसके शेयर में उछाल आया। बीएसई पर शेयर 6.68 प्रतिशत उछलकर 4,184.90 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सात प्रतिशत बढ़कर 4,199 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 6.59 प्रतिशत उछलकर 4,182.45 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स ने 622 और निफ्टी ने 186 अंकों की उछाल की दर्ज

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

नयी दिल्ली। प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

देवेन्द्र मील बने जेप्टो के चीफ बिजनेस ऑफिसर

मुंबई। भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती कन्ज़्यूमर इंटरनेट कंपनी ज़ेप्टो ने देवेन्द्र मील को पदोन्नत कर अपना चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अपनी इस भूमिका में मील कैटेगरी मैनेजमेन्ट का नेतृत्व करेंगे और ब्राण्ड साझेदारियों को बढ़ावा देंगे, साथ ही प्लेटफॉर्म के अनुकूलतम वर्गीकरण, कीमत निर्माण, उपलब्धता और सभी कोर एसकेयू की कैटलॉगिंग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ आदित पलीचा ने कहा, ज़ेप्टो के साथ मील की यात्रा अतुलनीय रही है।

मई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 7 माह के उच्चस्तर 5.9 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- खनन उत्पादन 6.6 और बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा।

आईआईपी इस साल अप्रैल में 5 प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन माह में पूंजीगत सामान खंड की वृद्धि दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.1 प्रतिशत थी। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मई 2023 में इसमें 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

विदेशी मुद्रा भंडार 657.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

राष्ट्रीय

एक नजर

सीबीएसई विद्यालयों में असम की जल दूत पहल होगी लागू: हिमंत

गुवाहाटी। जल संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका को मान्यता देने वाले असम सरकार के जल दूत कार्यक्रम का अब देशभर में संचालित सीबीएसई के विद्यालयों में अनुकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से जारी परिपत्र को एक्स पर साझा करते हुए शर्मा ने कहा, असम की एक और अनूठी पहल लोगों की नजर में आयी है। उन्होंने कहा, सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालयों में असम सरकार के कार्यक्रम जल दूत को लागू करने का निर्देश दिया है। यह व्यावहारिक कार्यक्रम जल संरक्षण की समुदाय की कोशिशों से विद्यार्थियों को जोड़ता है।

पॉक्सो मामला: येदियुरप्पा को व्यक्तिगत पेशी से छूट

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

अगरतला स्टेशन से सांत बांग्लादेशी गिरफ्तार

अगरतला। भारत में बगैर वैध दस्तावेजों के प्रवेश करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अगरतला स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई और कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने जा रहे एक समूह को रोक लिया गया। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया, वे (बांग्लादेशी नागरिक) भारत में यात्रा करने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। हमने सात लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें तीन पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। दास ने बताया कि उनके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज, मोबाइल फोन और भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

प्रकृति का प्रकोप

सिक्किम में भारी बारिश के बाद उफनती तीस्ता नदी के किनारे तीस्ता बाजार क्षेत्र में बाढ़ आ गई। • एजेंसी

भाजपा अलग सोच वाली पार्टी : नितिन गडकरी

पणजी, एजेंसी

- कहा- कांग्रेस द्वारा हुईं गलतियों को दोहराने से बचना होगा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश खारिज

मुंबई, एजेंसी

मानहानि मामला

- बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी

बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश और तदनुरूप दस्तावेज प्रदर्शित करने के आदेश को रद्द तथा खारिज किया जाता है....। न्यायमूर्ति चव्हाण ने मजिस्ट्रेट को मुकदमे को शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया तथा दोनों पक्षों से सहयोग करने को कहा। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में दावा किया कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने कुंटे को मामले में कोई भी नया दस्तावेज जमा करने की इजाजत नहीं दी थी।

हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

कॉर्बेट क्षेत्र में बस चलाने के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यायालय ने कहा, हमें अधिकारों को संतुलित करना होगा

उच्चतम न्यायालय ने जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा उत्तराखंड स्थित बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में बसें चलाने के लिए एक निजी ऑपरेटर को अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी के अधिकारों को संतुलित किए जाने की आवश्यकता है। इसने कहा कि अगर वहां गांव हैं तो उन्हें भी पहुंच की जरूरत है।

शीर्ष अदालत ने 18 फरवरी, 2021 को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 23 दिसंबर, 2020 को जारी किए गए उस कार्यालय पत्र के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें मुख्य क्षेत्र के भीतर बसों को चलाने की अनुमति दी गई थी। यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। याचिका दायर करने वाले वकील गौरव कुमार बंसल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने फरवरी में उत्तराखंड राज्य की ओर से पेश वकील से अधिकारियों से इस बारे में विशिष्ट निर्देश लेने को कहा था कि क्या सवालों के घेरे में आई सड़क मुख्य क्षेत्र या 'बफर' क्षेत्र में है। राज्य सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि 53 किलोमीटर की सड़क में से चार-चार किलोमीटर के दो हिस्से मुख्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का शेष 45 किलोमीटर का हिस्सा मुख्य क्षेत्र में नहीं आता। हालांकि, बंसल ने इस मामले में दायर पहले के हलफनामे का हवाला दिया।

नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

खेल डायरी

अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

एवियन ले बेंस (फ्रांस)। भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरूआती दिन निराशाजनक शुरूआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद हैं। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

कोलंबो। भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यामांर को 1-1 से बराबरी पर रोका

यांगून (म्यांमा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामांर को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यामांर की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामांर की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किक्र मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसेफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसेफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8)को आउटकर वेस्टइंडीज की को दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पर्दापण करने उतरे गस एटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। लुइस (27) हॉज (24) अथानाजे (23), जेसन होल्डर (शून्य), जोशुआ डिसिल्वा (शून्य), अलजारी जोसेफ (17) और जोसफ (शून्य) को आउट हुए। गुडाकेश मोटी (14) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई थी।

टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट

800	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
708	शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया
704	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड
619	अनिल कुंबले	भारत
604	स्टुअर्ट ब्रॉड	इंग्लैंड
563	ग्लेन मैकग्रा	ऑस्ट्रेलिया
530	नाथन लियोन	ऑस्ट्रेलिया
519	कर्टनी वॉल्श	वेस्टइंडीज
516	आर अश्विन	भारत
439	डेल स्टेन	द. अफ्रीका

एंडरसन की गेंदबाजी देखना आनंदित करता था : तेंदुलकर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है।

अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज (पहली पारी)	121/10 (41.4 ओवर)
इंग्लैंड (पहली पारी)	371/10 (90 ओवर)
वेस्टइंडीज (दूसरी पारी)	136/10 (47 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन	4	26	1/0
मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स	14	49	2/0
कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स	0	9	0/0
ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	22	47	4/0
केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन	4	5	1/0
जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन	20	59	2/0
डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	9	26	1/0
जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	9	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	31	35	5/0
शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन	3	9	0/0
जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	12	1/0

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2

चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

हरारे। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4: 30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

इस बार विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका

लंदन, एजेंसी

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा मुझे काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। मैंने वास्तव में इसकी कल्पना नहीं की थी कि मैं विंबलडन के फाइनल में जगह बनाऊंगी।

क्रेजिकोवा और पाओलिनी दोनों ने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके जीत हासिल की। 31वीं वरीयता प्राप्त क्रेजिकोवा ने सेंटर कोर्ट पर 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से जबकि पाओलिनी ने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया। इन दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाने के बाद मैच का पासा पलटा। फाइनल में भी इन दोनों से इसी तरह के खेल की उम्मीद है। पाओलिनी 1968 में ओपन युग शुरू होने के बाद विंबलडन के एकल फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी हैं। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि कोई खिलाड़ी एक सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंची है। पेरिस के बाद यहां भी फाइनल में पहुंचना, सच कहूं तो मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। यह विशेष है। पाओलिनी फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी लेकिन यहां वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

<< जैस्मिन पाओलिनी।

इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

बॉलीवुड हलचल

सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंतत: यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।

फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।

डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।

जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

राहत की दरकार

रोमानिया के एक शहर के फव्वारे के पास खड़े होकर ठंडक महसूस करता एक नगरपालिका कर्मचारी। क्योंकि शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस (102.2 फ़ारेनहाइट) से अधिक था। ● एजेंसी

संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशा निर्देश पर किए हस्ताक्षर

सियोल, एजेंसी

● उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर दोनों देशों ने अहम कदम उठाया

उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने पहली बार संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशानिर्देश पर हस्ताक्षर किये हैं। उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रतिरोध को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह एक अहम और बुनियादी कदम है।

वाशिंगटन में गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने संयुक्त परमाणु परामर्शदात्री समूह बनाने के एक साल बाद दोनों देशों के गठबंधन की सराहना करते हुए इसे जबरदस्त प्रगति करार दिया। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, दोनों नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु प्रतिरोध और परमाणु संचालन के लिए यूएस-आरओके दिशानिर्देश को मंजूरी दी, जिस पर दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को दिन में ही हस्ताक्षर कर दिये थे। आरओके का मतलब कोरिया गणराज्य (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) है, जो दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम है।

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया।

वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र कारण होगा, जिसके चलते वह राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ से पीछे हटने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर दावा किया

कमला हैरिस को बताया डोनालड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा, मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं...। बाइडन सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

एक नजर

रूस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

मॉस्को। रूस का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार विमान में कोई यात्री नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान गजप्रोम एविया कंपनी का था। यह रूस सरकार द्वारा नियंत्रित प्राकृतिक गैस कंपनी गजप्रोम के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी है।

इजराइल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 19 मौत

यरूशलम। इजराइल ने वेस्ट नाइल बुखार से एक अन्य व्यक्ति की मौत होने से देश में इस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 25 नए संक्रमणों की सूचना दी, जिससे मई की शुरुआत से अब तक इस मामलों की संख्या 356 हो गई है। इजराइल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि तटीय शहर तेल अवीव और आसपास के शहरों रामत गान, बेनी ब्रैक और रामला में मच्छरों में वायरस फैल रहा है। मच्छरों के काटने से लोगों को तेज बुखार हो रहा है।

ब्रिटेन में काली खांसी के प्रकोप से नौ बच्चों की मौत

लंदन। ब्रिटेन में पिछले वर्ष नवंबर से शुरू काली खांसी के प्रकोप से अब तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह प्रकोप पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हुआ था और अब 2024 के, पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुये हैं। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है। यूकेएचएसए ने गुरुवार को चेतावनी दी। एजेंसी के मुताबिक, संक्रमित लोगों में से आधे से अधिक 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं।

श्रीलंका हिंदी भाषा के शिक्षकों की करेगा भर्ती

श्रीलंका। श्रीलंका के शिक्षा राज्य मंत्री अरविंद कुमार बताया कि श्रीलंका स्कूलों में हिंदी भाषा के शिक्षकों को नियुक्त की योजना बना रहा है। श्रीलंकाई समाचार पोर्टल ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से कहा कि ये शिक्षक द्वीप राष्ट्र श्रीलंका द्वारा भर्ती किए जाने वाले 500 विदेशी भाषा शिक्षकों में से होंगे। कुमार ने कहा, हम कोरियाई, जर्मन, फ्रेंच, हिंदी, चीनी और जापानी को प्राथमिकता देंगे। कुमार ने स्नातकों को विदेशों में भविष्य में नौकरी की संभावनाओं के लिए विदेशी भाषाएं सिखाने के महत्व पर जोर दिया।

नेपाल में प्रचंड सरकार गिरी

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था।

देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

● प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े

चीन के साथ रेल समझौता

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास मत से एक दिन पहले बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत हिमालयी राष्ट्र को चीन के साथ रेल द्वारा जोड़ने के एक समझौते को मंजूरी दी। सरकारी सूत्रों के हवाले से एक समाचार पोर्टल ने कहा कि इस निर्णय का राजनीतिक महत्व से अधिक परिचालनात्मक महत्व है और यह चीन की अरबों डॉलर की आधारभूत परियोजना में नेपाल की भागीदारी के अनुरूप है।

प्रधानमंत्री पद के लिए बहुमत साबित करें : पोडैल

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से निचले सदन में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन के साथ बहुमत दिखाकर प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कि सदन के सदस्यों से रविवार शाम तक निचले सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के समर्थन के माध्यम से बहुमत पेश करने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार राष्ट्रपति ने रविवार शाम पांच बजे तक प्रतिनिधि सदन के दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन से नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त होने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों को बहुमत दिखाने के लिए कहा हैं। राष्ट्रपति के आह्वान के साथ ही नेपाली कांग्रेस और यूएमएल एक जुलाई को दोनों दलों के बीच हुए समझौते के अनुसार यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के लिए प्रधानमंत्री पद का दावा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

साझा सिद्धांतों के बजाय डर से सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस ने किया गठबंधन : प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया। विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड (69) ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वासमत का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रचंड ने कहा, अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती।

एससीओ में तुर्की के प्रवेश की तिथि निश्चित नहीं: रूस

मॉस्को। यूरेशिया का एक प्रमुख राजनीति, आर्थिक और सैनिक संगठन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) लगातार विस्तार के एजेंडे पर काम कर रहा है लेकिन संगठन में तुर्की के प्रवेश के लिए अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंकारा एससीओ का स्थायी सदस्य बनने का लक्ष्य रखता है।

पेस्कोव ने एससीओ में तुर्की के प्रवेश की संभावित तारीखों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कई देश एससीओ में रुचि दिखा रहे हैं, और यह विषय लगातार एजेंडे में है। अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि नाटो सदस्य के रूप में तुर्की की स्थिति एससीओ के विरोधाभासी है, इसलिए इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पेस्कोव ने कहा, वास्तव में, हम एससीओ में शामिल होने के तुर्की के इरादे से अवगत हैं। नाटो के सदस्य के रूप में तुर्की के मूल सिद्धांतों पर दायित्वों और स्थिति से संबंधित कुछ विरोधाभास हैं और एससीओ के संस्थापक दस्तावेजों में निहित विश्वदृष्टि के साथ। चर्चा के लिए कुछ विषय हैं।

गुरुद्वारे में हमले के मामले में किशोर पकड़ा गया

लंदन, एजेंसी

● दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे में हुए हमले में दो महिलाएं हुई थीं घायल

● गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा, घटना के समय दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे गुरु ग्रंथ साहिब जी

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर धारदार हथियार से हमला कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाली घटना में संदिग्ध 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। घटना में दो महिलाएं घायल हुई थीं। क्षेत्रीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंट पुलिस ने बताया कि एक पुरुष के प्रार्थना स्थल में प्रवेश कर सभा में मौजूद लोगों पर हमला करने के प्रयास के संबंध में दर्ज मामले की जांच करने के लिए पुलिस अधिकारियों को गुरुवार शाम ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था।

गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बताया गया है कि एक पुरुष ने उस स्थान पर प्रवेश किया और धारदार हथियार से मौजूद लोगों पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के दौरान कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन दो महिलाओं को धारदार हथियार से घाव और चोटों के कारण उपचार की आवश्यकता पड़ी।

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने इसे एक छिटपुट घटना बताते हुए कहा कि हमले की जांच के सिलसिले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं की जा रही है। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं, हालांकि हम इसे एक अलग घटना के रूप में देख रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम के अनुसार संदिग्ध को सुरक्षा टीम ने देखा और तुरंत पुलिस को बुलाया। गुरुद्वारे की ओर से जारी बयान में कहा गया, गुरुद्वारे में घुसकर दरबार हॉल में उत्पात मचाने के बाद हत्या के प्रयास के संदेह में केंट पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हम पुष्टि कर सकते हैं कि यह घटना सुखासन के बाद हुई और दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे।

2060 के दशक में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी भारत की जनसंख्या : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। गुरुवार को यहां जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा।

विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

रूस से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुरुवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन के जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है।

यूएई ने भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम रखा

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट के नाम से जानी जाएगी।

पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों पर इमरान की पार्टी के पक्ष में निर्णय सुनाया

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। फैसले के बाद इमरान खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है।

खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में बतौर निर्दलीय किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों ने गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान।

संसद में सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी इमरान की पार्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ 109 सीट के साथ संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। जियो न्यूज की खबर के अनुसार 23 आरक्षित सीट हासिल करने के बाद पीटीआई की सीट 86 से बढ़कर 109 हो जाएंगी। विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या भी बढ़कर 120 हो जाएगी। वर्तमान में पीटीआई सहित संयुक्त विपक्ष के 97 सदस्य हैं।

भारत-सिंगापुर अवसरों के नए दौर के लिए तैयार

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम ने गुरुवार को कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक नीतियों के पुनरुत्थान के बावजूद भारत और दक्षिण पूर्व एशिया अवसर, समानता और स्थिरता के नए दौर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के थिंक टैंक माने जाने वाले दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रात्रिभोज समारोह के दौरान थर्मन शणमुगारत्नम ने कहा कि अन्य जिम्मेदार शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों देशों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है और अपनी खामियों के बावजूद यह एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीर और गरीब दोनों देशों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने यह उम्मीद जताई कि सिंगापुर और भारत के संबंध निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि घरेलू स्तर पर खास उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर लौट रही हैं जो 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखी गई थी।

● सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन ने उम्मीद जताई कि निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे दोनों देशों के संबंध

खगोल विज्ञान नासा की हबल अंतरिक्ष दूरबीन से तारों की गति के आधार पर जाना डार्क मैटर का रहस्य

ड्रेको बौनी मंदाकिनी में हुई डार्क मैटर की पुष्टि

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष के बड़े रहस्यों में शुमार काला पदार्थ (ब्लैक होल) के अस्तित्व का पता लगाया है। यह खोज ड्रेको बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति को मापने के बाद की गई। वैज्ञानिकों ने यह खोज नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप के सहयोग से की। वैज्ञानिकों ने इसे 18 वर्षों के गहन अध्ययन के अवलोकन का नतीजा बताया है।

डार्क मैटर अंतरिक्ष के उन रहस्यों में है, जिसकी वास्तविकता व अस्तित्व को समझने के लिए वैज्ञानिक निरंतर अध्ययनरत हैं, जबकि यह ब्रह्मांड की वह शक्ति है, जो ब्रह्मांड के संचालन में अहम भूमिका निभाती है। इसके बावजूद यह रहस्य आज भी बना हुआ है। डार्क मैटर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हबल द्वारा ड्रेको नामक बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति का सहारा लिया। जिसमें 18 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। मंदाकिनी के भीतर तारों की गतिविधियों का सटीक त्रि-आयामी मानचित्र तैयार किया गया। इससे ब्रह्मांड के अदृश्य डार्क मैटर के रहस्यमय गुणों और व्यवहार की पहचान कर पाने में मदद मिली।

इस शोध से यह पता चलता है कि यह पदार्थ क्या है और मंदाकिनी के विकास के लिए कैसे कार्य करता है। शोध में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया गया। यह मंदाकिनी पृथ्वी से लगभग 2.5 लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। बाल्टीमोर स्थित स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।



ड्रेको बौनी मंदाकिनी।

आसान होती है डार्क मैटर की पुष्टि

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बौनी मंदाकिनियों को अन्य प्रकार की मंदाकिनी की तुलना में डार्क मैटर सामग्री के उच्च अनुपात के लिए जाना जाता है। इसलिए उनकी टीम ने ड्रेको बौनी मंदाकिनी का चयन किया और इस पर शोध किया। डार्क मैटर के रहस्य को समझने के लिए यह खोज एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आगामी शोध में मददगार साबित होगी।

चीन की कंपनी आईस्पेस का रॉकेट प्रक्षेपण के बाद विफल

बीजिंग, एजेंसी

● वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए तीन उपग्रह नष्ट हो गए

चीन में रॉकेट निर्माण स्टार्ट-अप को एक बार फिर प्रक्षेपण विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के तीन उपग्रह नष्ट हो गए। कंपनी आईस्पेस द्वारा निर्मित 24 मीटर के ठोस ईंधन वाले रॉकेट हाइपरबोला-1 को गुरुवार को चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की शुक्रवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने कहा, रॉकेट का पहला, दूसरा और तीसरा चरण सामान्य रूप से प्रक्षेपित हुआ, लेकिन चौथे चरण में गड़बड़ी आ गई और प्रक्षेपण मिशन विफल हो गया। कंपनी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद अभियान की नाकामी के विशिष्ट कारणों की घोषणा जल्द से जल्द की जाएगी। इस रॉकेट की क्षमता 300 किलोग्राम पेलोड को 500 किमी दूरी पर स्थित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में पहुंचाने की है। यह तियानजिन स्थित युन्याओ एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए युन्याओ-1 मौसम उपग्रह 15, 16 और 17 को ले जा रहा था। उपग्रह कक्षा तक नहीं पहुंच सके। वर्ष 2019 में, आईस्पेस हाइपरबोला-1 के साथ पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाली चीन की पहली निजी रॉकेट कंपनी बन गई।